वर्ष 10 अंक 176
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
5 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 भाजपा में समाया तानाशाही का डीएनए सदन बना प्रधानमंत्री मोदी का दरबार:...
06 ट्रंप का टैरिफ फॉर्मूला जैसे को तैसा ? : ऋषभदेव शर्मा
11 रोहित को अभ्यास के दौरान घुटने में चोट लगी, लखनऊ के खिलाफ...












# हिंदी सिनेमा के 'भारत कुमार' कहे जाने वाले दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का निधन

**मुंबई**, (भाषा) 'उपकार', 'पूरब और पश्चिम', 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसी फिल्मों में उदीयमान 'भारत' के आक्रोश और आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने वाले अभिनेता-फिल्मकार मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।

देशभक्ति पर आधारित कई फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए 'भारत कुमार' के रूप में लोकप्रिय अभिनेता कुछ समय से बीमार थे। कुमार का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में तड़के करीब साढ़े तीन बजे निधन हो गया।

फिल्म निर्माता के बेटे कुणाल ने "पीटीआई-भाषा" से कहा, ''अब उन्हें दर्द से मुक्ति मिल गई है।'' कुणाल ने बताया कि उनके पिता कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से शय्याग्रस्त थे। पिछले कई सालों से शांत जीवन जी रहे कुमार को कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बेटे ने बताया कि हाल ही में उन्हें निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 1960 और 1970 के दशक में बॉक्स ऑफिस पर राज करने वाले अभिनेता का अंतिम संस्कार शनिवार को मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट में होगा। उनके परिवार में दो बेटे और पत्नी शशि हैं। देशभक्तिपूर्ण फिल्मों की दमदार भूमिकाओं के अलावा 'हिमालय की गोद में' और 'पत्थर के सनम' समेत कई फिल्मों में रोमांटिक अभिनेता के रूप में भी अपनी छाप छोड़ने वाले कुमार को हर वर्ग ने श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा, ''उन्होंने जिन राष्ट्रीय नायकों, किसानों और सैनिकों के चरित्रों को जीवंत किया, वे हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित रहेंगे। उनकी फिल्में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाती रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह महान अभिनेता और फिल्म निर्माता के निधन से बहुत दुखी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''दिग्गज अभिनेता एवं फिल्म निर्माता मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुखी हूं। वह भारतीय सिनेमा के आदर्श थे जिन्हें देशभक्ति की उनकी भावना के लिए विशेष रूप से याद किया जाता था और यह उनकी फिल्मों में भी झलकता था।'' मोदी ने कहा कि कुमार की फिल्मों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया और ये पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''महान अभिनेता और फिल्मकार श्री मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। वह भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे। उन्हें खास तौर पर देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाएगा, जो उनकी फिल्मों में झलकता है। मनोज जी की फिल्मों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया और वह पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।''



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कुमार की फिल्में मनोरंजन का माध्यम होने के साथ-साथ देशभक्ति और सामाजिक संदेश भी देती थीं, जिसके कारण उन्होंने सिनेमा जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। अविभाजित भारत के एबटाबाद शहर (अब पाकिस्तान) में एक पंजाबी हिंदू परिवार में जन्मे कुमार का जन्म का नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। उनका परिवार 1947 में दिल्ली आ गया और कुमार ने हिंदू कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद वह फिल्मों में करियर बनाने के लिए मुंबई आ गए।

राज्यसभा टीवी (अब संसद टीवी) पर ''गुफ्तगू'' कार्यक्रम के लिए दिए गए एक पुराने साक्षात्कार में कुमार ने बताया था कि वह 1956 में करियर बनाने के लिए मुंबई चले गए थे और अपनी चाची से कहा था कि एक दिन उनके पास ''सफेद बंगला, सफेद कार व सफेद कपड़े'' होंगे और सब कुछ हासिल करने के बाद वह चुपचाप सितार बजाएंगे।

हरिकृष्ण ने अपने आदर्श दिलीप कुमार द्वारा फिल्म में निभाये गये एक किरदार से प्रेरित होकर अपना नाम मनोज कुमार रख लिया।

कुमार ने 2021 में 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा था, "मुझे वह समय याद है जब मैं 1949 में रिलीज हुई 'शबनम' में दिलीप कुमार साहब को देखने गया था। उनकी वजह से ही मैं सिनेमा का प्रशंसक बना। मुझे फिल्म में उनके निभाये किरदार से प्यार हो गया जिसका नाम मनोज था... मैंने तुरंत फैसला किया कि अगर मैं कभी अभिनेता बनूंगा तो अपना नाम मनोज कुमार ही रखूंगा।'' उन्होंने साक्षात्कार में कहा था कि वह बहुत खुश हुए थे जब दिलीप कुमार ने 1981 की ऐतिहासिक फिल्म 'क्रांति' में काम करने के लिए सहमति जताई थी। यह एक बड़ी हिट फिल्म थी और उनके करियर की आखिरी बड़ी सफलता भी थी।

मनोज कुमार को पहली बड़ी सफलता 1962 में रिलीज हुई फिल्म 'हरियाली और रास्ता' से मिली जिसमें माला सिन्हा अभिनेत्री थीं। इसके बाद 'वो कौन थी ?' को भी भारी सफलता मिली और उसका गीत 'लग जा गले' बहुत लोकप्रिय हुआ। उनकी 1965 में भगत सिंह के जीवन पर आधारित फिल्म 'शहीद' रिलीज हुई जो काफी सफल रही और इसने तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी ध्यान खींचा था।

शास्त्री के साथ बातचीत के दौरान कुमार के मन में उनके लोकप्रिय नारे 'जय जवान, जय किसान' से प्रेरणा लेकर फिल्म बनाने का वोचिार आया जिसके बाद उन्होंने 'उपकार' फिल्म बनाई। यह उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी। यह फिल्म बेहद सफल रही और इसका गीत 'मेरे देश की धरती' अत्यंत लोकप्रिय हुआ। देशभक्ति से भरपूर फिल्मों के अलावा कुमार ने 'हिमालय की गोद में', 'दो बदन', 'सावन की घटा' और 'गुमनाम' जैसी फिल्मों में रोमांटिक किरदार भी निभाए। उन्होंने पूर्व और पश्चिम के बीच सांस्कृतिक अंतर के विषय पर 1970 में 'पूरब और पश्चिम' फिल्म बनाई। इस फिल्म ने भी बड़ी सफलता हासिल की।

देशभक्ति और सामाजिक विषयों पर आधारित फिल्मों के प्रति उनके झुकाव के कारण वह 'भारत कुमार' के नाम से लोकप्रिय हुए। उनकी सफल फिल्में 'रोटी कपड़ा और मकान' तथा 'क्रांति' भी इन्हीं विषयों पर आधारित थीं। कुमार को 2015 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें पद्म श्री से भी नवाजा गया। कुमार के निधन पर फिल्म जगत से जुड़ीं हस्तियों ने शोक व्यक्त किया और देशभक्ति व सामाजिक जागरुकता पर आधारित उनकी फिल्मों के लिए उन्हें याद किया। कुमार के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचे धर्मेंद्र ने कहा, ''वह मेरा जिगरी यार था... हमारी साथ में कई यादें हैं। हमने फिल्म उद्योग में अपने शुरुआती दिन साथ बिताए।''

हेमा मालिनी ने कहा, "वह एक शानदार फिल्म निर्माता और मित्र थे।" हेमा मालिनी ने कुमार के साथ 'क्रांति', 'दस नंबरी' और 'संतोष' जैसी फिल्मों में काम किया है। मालिनी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''वह अन्य निर्देशकों से अलग थे। मुझे उनके निधन पर गहरा दुख है। वह ऐसी फिल्में बनाते थे जिनमें देशभक्ति, रोमांस से लेकर पारिवारिक ड्रामा तक सब कुछ होता था। उन्होंने बहुत अच्छे गीत भी दिए।''


एक बयान में आमिर खान ने कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मनोज कुमार की फिल्मों से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। खान ने कहा, ''मनोज कुमार सिर्फ एक अभिनेता या फिल्म निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वह एक संस्था थे। मैंने उनकी फिल्में देखकर बहुत कुछ सीखा है।मैंने उनकी फिल्में देखकर काफी कुछ सीखा। उनकी फिल्में अक्सर महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर आधारित होती थीं, जो उन्हें आम आदमी के बहुत करीब लाती थीं। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।'' सलमान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''मनोज कुमार जी... एक सच्चे दिग्गज। अविस्मरणीय फिल्मों और यादों के लिए धन्यवाद।''

कई देशभक्तिपूर्ण फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता अक्षय कुमार ने मनोज कुमार को फिल्म जगत की सबसे बड़ी पूंजी करार दिया। अभिनेता अक्षय कुमार ने दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैं उनसे यह सीखते हुए बड़ा हुआ हूं कि देश के लिए प्यार और गर्व से बढ़कर कोई और भावना नहीं होती और अगर हम अभिनेता इस भावना को दिखाने के लिए आगे नहीं आएंगे, तो कौन आएगा ? वह बहुत अच्छे इंसान थे और हमारे फिल्म जगत की सबसे बड़ी पूंजी थे। श्रद्धांजलि मनोज सर। ओम शांति।'' फिल्म अभिनेता अजय देवगन ने कहा कि मनोज कुमार की परिवार के जीवन विशेषकर फिल्मी सफर, में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि मनोज कुमार ने उनके दिवंगत पिता वीरू देवगन को ''रोटी कपड़ा और मकान'' फिल्म में 'एक्शन निर्देशक' के तौर पर पहला मौका दिया था। वहां से, उनका सहयोग फिल्म 'क्रांति' तक जारी रहा।




SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


## विशिष्ट शख्शियत



अपने पेशे में तो बहुत से व्यक्ति विशिष्ट होते हैं, जैसे कोई उत्कृष्ट अध्यापक, डॉक्टर, वकील, लेखक,पेंटर या बेहतरीन खिलाड़ी हो सकता है, लेकिन कुछ शख्शियत ऐसी भी होती हैं जो अपने पेशे में प्रसिद्ध होने के साथ साथ निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के रचनात्मक कार्य भी अत्यंत मनोयोग से करते हैं। इस श्रृंखला में हम देश भर से कुछ ऐसी ही विशिष्ट शख्शियत को प्रस्तुत कर रहे हैं जिनके विचार और कर्म अत्यंत प्रेरक और अनुकरणीय हैं।

रविवार 6 अप्रैल को इस श्रृंखला में आ रहे हैं वरिष्ठ लेखक, कार्टूनिस्ट, पेंटर और जल संरक्षक -**आबिद सुरती**

# प्रधानमंत्री मोदी ने वात फो मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की

**बैंकॉक**, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बैंकॉक के वात फो मंदिर गए, जो अपनी वास्तुकला और लेटे हुए बुद्ध की 46 मीटर लंबी विशाल प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है।

विशेष सद्भावना प्रकट करते हुए थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा मोदी के साथ मंदिर गईं। मोदी ने मंदिर में लेटे हुए भगवान बुद्ध के समक्ष प्रार्थना की और वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं को 'संघदान' दिया।

प्रधानमंत्री ने बुद्ध श्राइन को अशोक के सिंह स्तंभ की प्रतिकृति भी भेंट की तथा भारत और थाईलैंड के बीच मजबूत एवं जीवंत तथा सभ्यतागत संबंधों को याद किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, ''आज मुझे बैंकॉक में ऐतिहासिक वात फ्रा चेतुफोन विमोनमंगकलाराम रत्ववोरमाहविहान या वाट फो का दौरा करने का सम्मान मिला। मैं प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा को साथ मंदिर आने और विशेष सम्मान प्रकट करने के लिए धन्यवाद देता हूं।'' उन्होंने कहा, ''थाईलैंड के सबसे प्रतिष्ठित आध्यात्मिक स्थलों में से एक, वात फो थाईलैंड की समृद्ध सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत का भी प्रतीक है। दुनिया भर में लोग भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से शक्ति प्राप्त करते हैं। ''मोदी ने कहा कि ये शिक्षाएं भारत और थाईलैंड के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों का आधार भी बनती हैं। उन्होंने बाद में 'एक्स' पर अपनी यात्रा का एक वीडियो भी साझा किया और इसे 'यादगार' बताया। वात फ्रा चेतुफोन



विमोनमंगकलाराम रत्ववोरमाहविहान को वात फो के नाम से जाना जाता है। यहां थाईलैंड में बुद्ध की छवियों का सबसे बड़ा संग्रह है और यह देश का सबसे पुराना सार्वजनिक शिक्षण केंद्र है। वात फो का निर्माण 16वीं शताब्दी में एक मठ के रूप में किया गया था और 1788 में राजा राम-प्रथम द्वारा इसका जीर्णोद्धार किया गया। राजा राम प्रथम ने ही बैंकॉक को थाईलैंड की राजधानी के रूप में स्थापित किया था।

मंदिर को मौजूदा स्वरूप राजा राम तृतीय के शासनकाल के दौरान दिया गया। उन्होंने 1832 में वात फो के अधिकांश भाग, विशेष रूप से दक्षिण विहार और पश्चिम विहार, का विस्तार किया, जहां लेटे हुए बुद्ध की प्रतिमा स्थापित है। लेटे हुए बुद्ध की यह प्रतिमा 1848 में बनकर तैयार हुई थी और यह बैंकॉक की सबसे बड़ी मूर्ति है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ उच्चतम न्यायालय पहुंचे कांग्रेस, एआईएमआईएम के नेता

**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की वैधता को चुनौती दी और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है।

जावेद की याचिका में आरोप लगाया गया है कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर ''मनमाने प्रतिबंध'' लगाने के प्रावधान किये गये हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी। अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि विधेयक में मुस्लिम समुदाय से भेदभाव किया गया है, क्योंकि इसमें ''ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों में मौजूद नहीं हैं।'' ओवैसी की याचिका वकील लजफीर अहमद ने दायर की।

राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 95 ने विरोध में मतदान किया, जिसके बाद इसे पारित कर दिया गया। लोकसभा ने तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। लोकसभा में 288 सदस्यों ने विधेयक का समर्थन, जबकि 232 ने विरोध किया।

बिहार के किशनगंज से लोकसभा सांसद जावेद इस विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य रहे। उन्होंने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि विधेयक में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति



अपनी धार्मिक मान्यताओं का पालन करने के आधार पर ही वक्फ कर सकेगा। याचिका में कहा गया है, ''इस तरह की सीमाएं इस्लामी कानून, परंपरा के अनुसार निराधार हैं और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म को मानने और उसका पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हैं।'' जावेद की याचिका में दावा किया गया कि इन प्रतिबंधों से उन लोगों के खिलाफ भेदभाव होगा, जिन्होंने कुछ समय पहले इस्लाम धर्म अपनाया हो और अपनी संपत्ति धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए समर्पित करना चाहते हों। लिहाजा इससे संविधान के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन होता है। अनुच्छेद 15 धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव के निषेध से संबंधित है।

याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना में संशोधन करके वक्फ प्रशासनिक निकायों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना अनिवार्य कर दिया गया है। याचिका के अनुसार यह विभिन्न राज्य अधिनियमों के तहत विशेष रूप से हिंदुओं द्वारा प्रबंधित किए जा रहे हिंदू धार्मिक बंदोबस्तों के विपरीत धार्मिक मामलों में ''अनुचित हस्तक्षेप'' है। याचिका में कहा गया है, ''अन्य धार्मिक संस्थाओं पर समान शर्तें लागू किए बिना चुनिंदा तरीके से हस्तक्षेप किया गया है और यह अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है।'' याचिका के अनुसार वक्फ प्रशासन में राज्य प्राधिकारियों की बढ़ी हुई भूमिका अपने संस्थानों के प्रबंधन के मुस्लिम समुदाय के अधिकार पर अतिक्रमण है। याचिका में कहा गया है कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों की प्रकृति निर्धारित करने की शक्ति जैसे प्रमुख प्रशासनिक कार्य वक्फ बोर्ड से लेकर जिला कलेक्टर को सौंप दिए गए हैं।

याचिका के अनुसार, ''सरकारी अधिकारियों को नियंत्रण सौंपने से वक्फ प्रबंधन की स्वायत्तता कमजोर होगी और अनुच्छेद 26 (डी) का उल्लंघन होगा।'' याचिका में कहा गया है कि प्रस्तावित कानून के जरिए वक्फ न्यायाधिकरणों की संरचना और शक्तियों में परिवर्तन करके विवादों के समाधान की प्रक्रिया में भी बदलाव होगा। याचिका में दावा किया गया गै कि इस परिवर्तन से विशेष न्यायाधिकरणों के जरिये कानूनी सहायता लेने की इच्छा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जबकि अन्य धार्मिक संस्थाओं को उनके संबंधित बंदोबस्ती कानूनों के तहत मजबूत सुरक्षा प्रदान की गई है।




# मुंबई में भगवान महावीर जनकल्याणक के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजनः आचार्य लोकेश

### लोकमत मीडिया ग्रुप व अहिंसा विश्व भारती द्वारा अंतरधार्मिक संवाद द्वारा विश्व शांति सेमिनार का आयोजन

- समारोह में महाराष्ट्र एवं बिहार के राज्यपाल, मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा एवं आचार्य लोकेश, जैन, बौद्ध, सिख आदि धर्मों के प्रतिनिधि भाग लेंगे : डॉ विजय दर्डा





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुंबई/नई दिल्लीः भगवान महावीर जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर मुंबई के प्रभादेवी स्थित रविन्द्र नाट्य मंदिर सभागार में लोकमत मीडिया ग्रुप एवं अहिंसा विश्व भारती संस्था के संयुक्त तत्वाधान में अंतरधार्मिक संवाद द्वारा विश्व शांति सम्मेलन का आयोजन 8 अप्रैल 2025, मंगलवार को सांय 3.30 बजे होगा।

समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल माननीय श्री सी.पी. राधाकृष्णन एवं बिहार के राज्यपाल डॉ आरिफ मोहम्मद खान मुख्य अतिथि होंगे जैन आचार्य लोकेश, महाराष्ट्र के मंत्री श्री मंगल प्रभात लोढ़ा, बौद्ध भिक्षु भदंत राहुल बौधि, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं सांसद श्री सतनाम सिंह संधु सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

लोकमत मीडिया ग्रुप के चेयरमैन डॉ विजय दर्डा ने बताया कि इस अवसर पर विश्व शांति एवं सद्भावना के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के वाले महानुभावों को पुरस्कृत किया जाएगा। अहिंसा विश्व भारती के प्रवक्ता ने बताया कि इस समारोह में भाग लेने के लिए विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेश जी एवं बिहार के राज्यपाल डॉ आरिफ मोहम्मद खान 7 अप्रैल को ही मुंबई पहुँच जाएंगे आचार्य लोकेश एवं माननीय राज्यपाल विभिन्न स्थानों पर विशिष्ट लोगो से संवाद कर अंतरधार्मिक प्रयासों द्वारा विश्व शांति एवं जनकल्याण पर चर्चा करेंगे।

# डब्ल्यूबीपीडीसीएल और बंगाल के दो ताप विद्युत संयंत्र प्रदर्शन के मामले में शीर्ष पर : ममता बनर्जी



कोलकाता (भाषा) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) को देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनी का दर्जा दिया गया है, जबकि राज्य के दो ताप विद्युत संयंत्र भी प्रदर्शन के लिहाज देशभर में शीर्ष पर हैं।

उन्होंने यह दावा केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की नवीनतम रैंकिंग का हवाला देते हुए किया। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर उपलब्धि साझा करते हुए कहा कि डब्ल्यूबीपीडीसीएल ने प्रमुख प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 88.9 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल किया है। प्लांट लोड फैक्टर किसी बिजली संयंत्र की क्षमता का इस्तेमाल करने का एक तरीका है। यह किसी निश्चित अवधि में संयंत्र द्वारा उत्पादित बिजली और उसकी अधिकतम संभावित उत्पादन क्षमता का अनुपात होता है।

मुख्यमंत्री ने पोस्ट में कहा, हम एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ हैं!! केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने परिचालन दक्षता (पीएलएफ - प्लांट लोड फैक्टर) मापदंडों के आधार पर देश के सभी 201 ताप विद्युत संयंत्रों की वार्षिक रैंकिंग की घोषणा की है।

उन्होंने कहा, ... डब्ल्यूबीपीड-ीसीएल, एक कंपनी के रूप में (कुल पीएलएफ 88.9 प्रतिशत के साथ), देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनी का दर्जा प्राप्त कर चुकी है, जिसने एनटीपीसी, डीवीसी, अदाणी पावर, रिलायंस पावर, टाटा पावर, टोरेंट पावर आदि जैसी दिग्गज कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, 2024-25 के लिए, सीईए ने डब्ल्यूबीपीड-ीसीएल के सांतालडीह ताप विद्युत संयंत्र (पीएलएफ 94.38 प्रतिशत के साथ) को देश में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ताप विद्युत संयंत्र का सम्मान दिया है।

बनर्जी ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों, अभियंताओं और कामगारों को बधाई देते हुए कहा, हमारे बकरेश्वर संयंत्र (पीएलएफ 93.3 प्रतिशत) को भारत सरकार द्वारा दूसरा स्थान, सागरदिघी (पीएलएफ 90.86 प्रतिशत) को चौथा और बंदेल (पीएलएफ 89.62 प्रतिशत) को राष्ट्रीय स्तर पर नौवां स्थान दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेल विहार सोसायटी की कार्यकारिणी का वर्ष 2025-26 के लिए पदवार चुनाव निर्विरोध शांतिपूर्ण संपन्न



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा आज दिनांक 30 मार्च 2025 को रेल विहार सोसायटी की कार्यकारिणी का वर्ष 2025-26 के लिए पदवार चुनाव अधिकारी श्री अशोक कुमार अरोड़ा जी श्री ओमप्रकाश शर्मा जी तथा डी के सबरवाल जी के नेतृत्व में निर्विरोध शांतिपूर्ण संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए श्री उमेश चंद चतुर्वेदी जी को लगातार 14 वी बार निर्विरोध चुना गया जो अपने आप में ऐतिहासिक पल है सचिव पद के लिए श्री जितेंद्र बहादुर मौर्य व लेखाकार अधिकारी पद के लिए श्री शैलेंद्र कुमार जैन तीसरी बार निर्विरोध चुने गए वर्तमान अध्यक्ष श्री उमेश चंद्र चतुर्वेदी जी ने बताया कि समिति की कार्यकारिणी सदस्यों के पांच आदमी पदों के लिए भी निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अमरेश श्रीवास्तव जयप्रकाश शर्मा श्रीमती रचना जैन सपन कुमार मजूमदार व रामनरेश को चुना गया आज का आकर्षण अध्यक्ष पद के लिए श्री उमेश चतुर्वेदी को चुना जाना रहा सभी सोसाइटी वासियों ने अध्यक्ष जी के व उनकी कमेटी को अच्छे कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए कामना की इस शुभ अवसर पर अध्यक्ष जी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद किया

### उप्र : त्रिवेणी संगम से 1,000 बोतल गंगा जल जर्मनी भेजा गया

प्रयागराज (उप्र) (भाषा) प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम के जल की विदेशों में बढ़ती मांग के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को कहा कि गंगा जल की 1,000 बोतलों की पहली खेप जर्मनी भेजी गई है। उतर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक यहां आयोजित महाकुंभ मेले में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।

बयान में कहा गया कि त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाए, इसके लिए प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अग्नि शमन विभाग की तरफ से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का जल पहुंचाया। प्रयागराज में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के उपायुक्त राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की तरफ से त्रिवेणी के गंगा जल की 1,000 बोतलें यहां से जर्मनी भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के माध्यम से यह जल विदेश भेजा गया है। सिंह ने बताया कि महाकुंभ आयोजन के समय ही जनपद में बड़े स्तर पर त्रिवेणी के गंगा जल की पैकेजिंग की शुरूआत महिला स्वयं सहायता समूह की तरफ से की गई थी। जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की प्रभारी नमिता सिंह ने बताया कि महाकुंभ के आयोजन के बाद अब तक 50,000 से अधिक बोतल में पैक गंगा जल स्वयं सहायता समूह की उनकी महिलाओं द्वारा भेजा चुका है। उन्होंने बताया कि हाल ही में नागपुर के शिव शंभू ग्रुप सोसायटी को 50,000 बोतल त्रिवेणी का जल भेजा गया है।

# वक्फ विधेयक पारित होने के बाद प्रयागराज में शांतिपूर्ण ढंग से हुई जुमा की नमाज

प्रयागराज (भाषा) वक्फ (संशोधन) विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में पारित होने के बाद प्रयागराज में शुक्रवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

पुराने शहर के अटाला इलाके में आरएएफ और पुलिस बल के साथ गश्त के बाद अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) डॉ. अजय पाल ने संवाददाताओं को बताया कि फिलहाल विभिन्न पर्व का समय है और आज जुमे की नमाज थी जिसको देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस तत्पर है। उन्होंने कहा कि जिले में संवेदनशील जगहों और मार्गों पर लगातार नजर रखी जा रही है जिससे कानून व्यवस्था की कोई समस्या पैदा ना हो।

पाल ने कहा कि शांति बिगाड़ने वाले संदिग्ध लोगों को चिह्नित किया गया है। साथ ही चिह्नित इलाकों में ड्रोन और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के माध्यम से नजर रखी जा रही है।

इस बीच, संसद के दोनों सदनों में वक्फ विधेयक पारित होने पर सत्तारूढ़ दल ने जहां नरेन्द्र मोदी सरकार की सराहना की। वहीं विपक्षी दलों ने इस विधेयक को लेकर अपना विरोध जताया।

फाफामऊ से भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस विधेयक पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, जिसकी जो जमीन हो वह ले।

मौर्य ने कहा, यहां हर चीज कानून से चल रही है और उस नियम कानून के तहत यदि कोई संपत्ति वक्फ बोर्ड की है तो वह उसे ले। यदि जमीन सरकार की है तो सरकार उसे अपने कब्जे में लेगी।

मेजा से सपा विधायक संदीप पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा समाज को बांटकर देश के भीतर जो सांप्रदायिक माहौल बनाना चाहती है, बहुद दुखद और निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड किसी की आस्था से भी जुड़ा है, इसलिए उन्हें विश्वास में लेकर भाजपा को कोई काम करना चाहिए।

पटेल ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह से उनकी (मुस्लिमों) मंशा के खिलाफ काम किया है, वह बहुत निंदनीय है।

# स्वाबलम्बन उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा पांचवे बैच के लाभार्थियों को प्रशिक्षु प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

विनोबा सेवा आश्रम एंव रोजा पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड के सहयोग से संचालित स्वाबलम्बन उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा पांचवे बैच के लाभार्थियों को प्रशिक्षु प्रमाण पत्र वितरण समारोह स्वावलंबन केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम में 11 गांव के 30 लाभार्थी को सिलाई एवं ब्यूटीशियन के स्वाबलंबन प्रमाण पत्र वितरण किये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोजा पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश ने कहा कि स्वाबलंबन कार्यक्रम रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड का प्रमुख कार्यक्रम है। क्षेत्र के अब तक 181 युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विनोबा सेवा आश्रम के सहयोग से प्रशिक्षित किया गया। क्षेत्र में विनोबा सेवा आश्रम के साथ शिक्षा स्वास्थ्य आय उपार्जन का भी कार्यक्रम जन कल्याण हेतु चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम में विनोबा सेवा आश्रम के सचिव मोहित कुमार ने कार्यक्रम की भावी रणनीति बताते हुए कहा कि अब तक प्रशिक्षण प्राप्त किये 90 प्रतिशत लाभार्थी अपना उद्योग स्थापति कर अच्छी आमदनी कर रहें हैं और सफल प्रशिक्षुओं को सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जा रहा है जिससे स्वरोजगार स्थापित करने में कोई कठिनाई नही आ रही है। इस प्रशिक्षण की सफलता संपूर्ण क्षेत्र के लिए उदाहरण बन रही है जिसमे प्रत्येक लाभार्थी ने अपना भरपूर योगदान दे रहा है इसलिए इस कार्यक्रम को क्षेत्र के युवकों के लिए मॉडल माना जा रहा है।

कार्यक्रम प्रबन्धक अंकित मिश्रा ने कहा कि परियोजना प्रभावित गांव के लोग अच्छे उद्यमी बनकर



आत्मनिर्भर बने तथा न केवल अपने सपनों को पूरा करें बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करायें। इस कार्य में हेल्प का पूर्ण सहयोग सुनिश्चित किया जायेगा।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण समन्वयक अखलाक खान ने स्वाबलम्बन के प्रथम एवं द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण की गतिविधि एवं आगमी कार्य योजना के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन जेडी अग्निहोत्री ने किया तथा कार्यक्रम शुभारम्भ विनोबा जी के चित्र पर सूत की माला पहना कर किया गया।

सभी को धन्यवाद अशोक सिंह ने दिया, सभी का स्वागत अरूण सिंह एंव प्रियांशु सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में रजनीश, कमलेश, मृदुललता, सहित 30 लाभार्थी उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले से जुड़ी बादल की याचिका पर उच्च न्यायालय का पंजाब सरकार को नोटिस

चंडीगढ़ (भाषा) पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने शिअद नेता सुखबीर सिंह बादल पर पिछले साल हुए एक जानलेवा हमले की सीबीआई या एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने संबंधी उनकी याचिका पर शुक्रवार को पंजाब सरकार को एक नोटिस जारी किया। पिछले साल चार दिसंबर को, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के द्वार पर बादल पर यह हमला हुआ था। हमले में पूर्व उपमुख्यमंत्री को कोई चोट नहीं आई थी क्योंकि हमलावर नारायण सिंह चौरा को सुरक्षाकर्मियों ने काबू कर लिया था। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता 2007 से 2017 तक राज्य में पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा की गई गलतियों के लिए धार्मिक प्रायश्चित के रूप में सिख धर्मस्थल के मुख्य द्वार पर सेवादार का कर्तव्य निभा रहे थे।

पूर्व आतंकवादी चौरा (68) ने बादल पर नजदीक से गोली चलाई थी, लेकिन निशाना चूक गया, क्योंकि हमलावर को



काबू कर लिया गया था।

घटना के तुरंत बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया और हत्या के प्रयास सहित संबंधित धाराओं और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। अमृतसर की एक अदालत ने पिछले महीने चौरा को जमानत दी थी।

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से बादल की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अपनी याचिका में बादल ने अनुरोध किया है कि मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) जैसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंप दिया जाए, ताकि इसकी निष्पक्ष जांच हो सके। बादल ने यह आरोप लगाया है कि मामले में पंजाब पुलिस द्वारा की जा रही जांच पक्षपातपूर्ण है।

उन्होंने याचिका में कहा है, प्राथमिकी एक ऐसे व्यक्ति के बयान पर अत्यधिक देरी के बाद दर्ज की गई, जो प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। याचिकाकर्ता का बयान कभी दर्ज नहीं किया गया, जो जांच को जानबूझकर गलत दिशा में ले जाने को दर्शाता है। बादल ने अपनी याचिका में दलील दी है कि जांच एजेंसी राजनीतिक प्रभाव में काम कर रही है और जांच की निष्पक्षता से समझौता कर रही है। याचिकाकर्ता ने जांच में स्पष्ट चूक, पूर्वाग्रह और राजनीतिक हस्तक्षेप के मद्देनजर, निष्पक्ष और न्यायपूर्ण जांच सुनिश्चित करने के लिए मामले को एक स्वतंत्र एजेंसी को हस्तांतरित करने के वास्ते उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

# अयोध्या में रामनवमी पर श्रद्धालुओं के ऊपर ड्रोन के जरिये होगी सरयू के जल की बौछार

अयोध्या (उप्र) (भाषा) भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामनवमी पर भव्य महोत्सव की तैयारी की गयी है और इस मौके पर श्रद्धालुओं के ऊपर ड्रोन के जरिये सरयू के जल की बौछार की जाएगी। रामनवमी छह अप्रैल, रविवार को मनाई जाएगी।

शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में इस बार रामनवमी का पर्व ऐतिहासिक और भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

बयान के अनुसार, रामनवमी के अवसर पर पहली बार दीपोत्सव का आयोजन होने जा रहा है, जो इस पर्व को और भी खास बना देगा। इसके साथ ही अष्टमी और नवमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

बयान में कहा गया कि राम कथा पार्क के बगल में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में देश के नामचीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। बयान में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के हवाले से कहा गया कि रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं पर सरयू नदी के पवित्र जल की फुहार डाली जाएगी। इसके लिए ड्रोन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला मां सरयू के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था को ध्यान में रखकर लिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा की इस पहल से न केवल धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा, बल्कि तकनीक और परंपरा का अनोखा संगम भी देखने को मिलेगा।

बयान के अनुसार, इस बार रामनवमी पर अयोध्या में दो लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे, जो राम कथा पार्क के सामने पक्का घाट व राम की पैड़ी पर प्रकाशमान होंगे।

इसके अलावा अष्टमी के दिन कनक भवन से एक ह्यहेरिटेज वॉकह्व निकाली जाएगी, जो राम कथा पार्क में समाप्त होगी। इस पदयात्रा के जरिए श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देख सकेंगे। बयान के अनुसार, राम कथा पार्क में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक जैसी प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

इस बीच, रामनवमी के दौरान अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

जिलाधिकारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रीराम जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा, हमारी पूरी कोशिश है कि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

# पुणे :गर्भवती को भर्ती करने से इनकार के मामले में मुख्यमंत्री ने जांच समिति के गठन का आदेश दिया

मुंबई (भाषा) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 10 लाख रुपये की अग्रिम राशि का भुगतान नहीं करने के कारण पुणे के एक अस्पताल द्वारा गर्भवती महिला को भर्ती करने से कथित तौर पर इनकार किए जाने की घटना की जांच के लिए पुणे में तैनात धर्मार्थ विभाग के संयुक्त आयुक्त के नेतृत्व में एक समिति गठित करने का आदेश दिया है।

इस मुद्दे को एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अमित गोरखे ने उठाया था और एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि उनके निजी सहायक की पत्नी तनीषा भिसे को दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल ने भर्ती करने से मना कर दिया, जिसके बाद उन्हें दूसरे अस्पताल में ले जाया गया जहां जुड़वां बच्चों को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती करने से इनकार किए जाने के बाद एक महिला की मौत की घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने घटना की जांच के लिए पुणे में तैनात धर्मार्थ विभाग के संयुक्त आयुक्त की



अध्यक्षता में एक जांच समिति के गठन का आदेश दिया है।

इसमें कहा गया है कि जांच समिति का नेतृत्व पुणे में तैनात धर्मार्थ विभाग के संयुक्त आयुक्त करेंगे और इसमें उप सचिव यमुना जाधव, धर्मार्थ अस्पताल सहायता प्रकोष्ठ के उप प्रमुख के प्रतिनिधि और प्रकोष्ठ के अधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय और सर जे. जे. अस्पताल समूह मुंबई के अधीक्षक, विधि एवं न्याय विभाग के उप सचिव/अवर सचिव इस जांच समिति के सदस्य सचिव होंगे।

इस बीच, दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल ने अपनी आंतरिक जांच रिपोर्ट में कहा है कि 10 लाख रुपये की अग्रिम राशि का भुगतान न करने पर गर्भवती महिला को भर्ती करने से इनकार करने के आरोप ह्यभ्रामकह्न हैं और उसके परिजन द्वारा ये आरोप निराशा में लगाए गए हैं।

इसमें कहा गया है कि महिला की गर्भावस्था उच्च जोखिम वाली श्रेणी में थी और उसके सात महीने के कम वजन वाले दो भ्रूणों तथा पुरानी बीमारियों के इतिहास के कारण कम से कम दो महीने तक नवजात को गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में उपचार की आवश्यकता थी।

इसमें कहा गया है कि उपचार के लिए 10 से 20 लाख रुपये की आवश्यकता थी और परिवार को सलाह दी गई थी कि धन की कमी की स्थिति में वे मरीज को जटिल सर्जरी के लिए सरकारी ससून जनरल अस्पताल में भर्ती करा सकते हैं।

आरोपों के मद्देनजर, अस्पताल ने चार सदस्यीय समिति द्वारा जांच कराई, जिसमें डॉ. धनंजय केलकर (चिकित्सा निदेशक), डॉ. अनुजा जोशी (चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. समीर जोग (गहन चिकित्सा इकाई के प्रभारी) और डॉ. सचिन व्यवहारे (प्रशासक) शामिल थे।

## गर्भवती महिला को भर्ती करने से इनकार के मामले में अजित पवार व बावनकुले ने कार्रवाई का वादा किया

मुंबई/पुणे (भाषा) महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि 10 लाख रुपये की अग्रिम राशि का भुगतान न किए जाने पर अस्पताल में भर्ती न किए जाने के कारण एक गर्भवती महिला की मौत के मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को दंडित किया जाएगा। पवार ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पुणे के जिलाधिकारी जितेंद्र डूडी ने कहा कि जिला सिविल सर्जन को इस घटना के संबंध में दो दिन में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। यह कथित घटना दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में 28 मार्च को हुई थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अमित गोरखे के निजी सहायक की पत्नी तनीषा भिसे की दूसरे अस्पताल में जुड़वां लड़कियों को जन्म देने के बाद मौत हो गई थी। पुणे जिले के संरक्षक मंत्री पवार ने एक बयान में कहा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक समिति द्वारा घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। मैंने जिलाधिकारी से बात की है ताकि यह



सुनिश्चित किया जा सके कि जांच में तेजी लाई जाए और यह पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से की जाए। उन्होंने बताया कि अस्पताल ने इस घटना के संबंध में अपना बयान दर्ज करवा दिया है और सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा में समाया तानाशाही का डीएनए सदन बना प्रधानमंत्री मोदी का दरबार: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संसद के बजट सत्र के दौरान संसदीय नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया और दावा किया कि सत्तारूढ़ दल में ''तानाशाही का डीएनए'' का समा गया है तथा सदन जनता का न होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'दरबार' बन गया है।

लोकसभा में पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई ने कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की एक टिप्पणी का उल्लेख किए जाने को लेकर पलटवार किया और कहा कि क्या भाजपा के लिए नियम-कानून नहीं हैं? सूत्रों का कहना है कि इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष की रस्मी जलपान बैठक से दूरी बनाई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी का नाम लिए बिना कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित किए जाने पर उनकी टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप नहीं है।



राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने पार्टी संसदीय दल की बैठक में यह आरोप लगाया था कि वक्फ (संशोधन) विधेयक,2025 को जबरन पारित किया गया और यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है।

बजट सत्र के आखिरी दिन, सदन में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा सोनिया की टिप्पणी का उल्लेख किए जाने के बाद बिरला ने यह भी कहा कि एक वरिष्ठ सांसद द्वारा लोकसभा की कार्यवाही पर प्रश्न उठाना उचित नहीं है।

गोगोई ने इसका उल्लेख करते हुए संवाददाताओं से कहा, ''ऐसा लगता है कि सदन धीरे-धीरे भारत की जनता का सदन नहीं, नरेन्द्र मोदी का दरबार बन गया है क्योंकि सदन में मोदी की जयकार स्वीकृत हैं, लेकिन जब जरूरी विषय पर सरकार की नीतियों की आलोचना होती है, तब सत्ता पक्ष कूटनीतियों से सदन को स्थगित करता है और जवाबदेही से भागता है।'' उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अपनी चिंता अध्यक्ष महोदय को पक्ष लिखकर जताई, मिलने भी गए, लेकिन कोई परिवर्तन नहीं दिखा। कांग्रेस नेता का कहना था, ''अमेरिका ने जो 27 प्रतिशत शुल्क भारत के निर्यात पर लगाया है, उसे लेकर हम कार्यस्थगन की मांग कर रहे थे। एक बार भी बोलने की अनुमति नहीं मिली, हम अपनी बात रिकॉर्ड पर नहीं ला पाए।''

गोगोई ने कहा, ''आज दोबारा संसदीय कार्य मंत्री ने सारे नियम जानते हुए भी, कांग्रेस की बैठक का उल्लेख किया। जो बात सदन के अंदर नहीं हुई है उसे सदन में उठाना सही नहीं है। उस पर संसदीय कार्य मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष की भी टिप्पणी आती है। ये हमारी संसदीय मर्यादा, नियम, प्रक्रिया के लिए सोचने वाली बात है।'' उन्होंने कहा, ''हमने लोकसभा में सत्ता पक्ष के सदस्य द्वारा राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष का नाम लेते हुए गंभीर और बेबुनियाद आरोप लगाते हुए देखा।'' उन्होंने बजट सत्र के दौरान की कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, ''हमने ये भी देखा कि अध्यक्ष महोदय आए, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष के संदर्भ में टिप्पणी की और विपक्ष के नेता को बोलने का मौका दिए बिना सदन को स्थगित कर दिया।'' गोगोई ने सवाल किया कि क्या भाजपा के लिए नियम-कानून के कोई मायने नहीं हैं?

राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा के अंदर 'तानाशाही का डीएनए' समा गया है और वह लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने लोकसभा में सोनिया गांधी की टिप्पणी का उल्लेख होने का हवाला देते हुए कहा, ''लोकसभा में राज्यसभा के सदस्यों का जिक्र नहीं होता है। कोई आरोप नहीं लगाया जाता है, क्योंकि वो खुद के बचाव के लिए वहां उपस्थित नहीं होते हैं।

तिवारी का कहना था, ''कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी पर आधारहीन आरोप लोकसभा में लगाए गए। जिसका हमारे सदस्यों ने विरोध किया और उसे कार्यवाही से निकालना पड़ा। राज्यसभा में खरगे जी ने इस बात को चुनौती दी, तो सभी ने गलत माना।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''भाजपा लोकतंत्र में यकीन ही नहीं करती। अगर परंपरा नहीं निभा सकते, तो कम से कम नियमों का तो पालन करें।''

संसद का बजट सत्र शुक्रवार को संपन्न हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

# शैक्षणिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देशभर में शैक्षणिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाने पर जोर देते हुए शुक्रवार को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार के कारण दिल्ली विश्वविद्यालय का कोई भी काम नहीं रुकेगा।

मुख्यमंत्री ने यह बयान दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में उनके सम्मान में आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद किया और दौलत राम कॉलेज को उन्हें एक नेता के रूप में ढालने का श्रेय दिया।

गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 1993 में दौलत राम कॉलेज में प्रवेश लिया था और एक साल तक चली हड़ताल के कारण उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के प्रतिनिधियों से संपर्क करना पड़ा था।

उन्होंने बताया कि इसकी वजह अंततः उनका संपर्क अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से हुआ और वह अपने पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में डूसू अध्यक्ष चुनी गईं।



मुख्यमंत्री ने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे वह स्कूटी पर सवार होकर डीयू से संबद्ध महाविद्यालयों और दिल्ली भर में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करती थीं।

उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कुलपति कार्यालय में खड़ी होऊंगी, जहां मैंने कभी विरोध प्रदर्शन किया था, और अब मंच से सभा को संबोधित करूंगी।''

मुख्यमंत्री ने डीयू के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह विश्वविद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करेंगी। उन्होंने दिल्ली में मौजूदा पर्यटक आकर्षणों के साथ-साथ शैक्षिक पर्यटन को बढ़ावा देने के अपने दृष्टिकोण को भी साझा किया।

मुख्यमंत्री ने उन दिनों को याद किया जब उन्हें अपने शिक्षकों से डांट पड़ती थी। उन्होंने उन विरोध प्रदर्शनों को याद किया जिसके कारण वह एबीवीपी से जुड़ी।

गुप्ता ने मजाकिया अंदाज में बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन मौरिस नगर पुलिस थाने के अधिकारियों से बात करेंगी, जहां एक बार उन्हें और उनके साथियों को विरोध प्रदर्शनों के बाद ले जाया गया था।

गुप्ता ने दौलत राम कॉलेज का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय के परिसर का दौरा किया है। मैं यहां की सुविधाओं से अभिभूत हूं और सोचती हूं कि इस विश्वविद्यालय ने मेरे जैसे कई छात्रों को तैयार किया है।''

उन्होंने कहा, ''हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को इस तरह विकसित करने की जरूरत है कि किसी बच्चे को केजी से पीजी तक की शिक्षा में कोई समस्या महसूस न हो।''

# तैयब मेहता की कलाकृति 'ट्रस्ड बुल' रिकॉर्ड 61.8 करोड़ रुपये में बिकी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रसिद्ध चित्रकार एम.एफ. हुसैन की कृति 'ग्राम यात्रा' को क्रिस्टी द्वारा न्यूयॉर्क में 118 करोड़ रुपये में नीलाम करने के एक पखवाड़े के भीतर, उनके समकालीन और आधुनिकतावादी चित्रकार तैयब मेहता की कृति 'ट्रस्ड बुल' बुधवार को मुंबई में सैफरनआर्ट की 25वीं वर्षगांठ की नीलामी में 61.80 करोड़ रुपये में बिकी।

इसी के साथ 'ट्रस्ड बुल' मेहता की सबसे अधिक कीमत पर बिक्री वाली कलाकृति बन गई है। यह दुनिया भर में किसी नीलामी में बेची गई भारतीय कलाकार की दूसरी सबसे अधिक कीमत वाली कलाकृति है। 'ट्रस्ड बुल' ने अमृता शेरगिल की 'द स्टोरी टेलर' की बराबरी की है जो 2023 में इतनी ही कीमत पर बिकी थी।

नीलामी घर द्वारा जारी बयान के मुताबिक 1956 में बनाई गई यह पेंटिंग, मेहता के करियर को परिभाषित करने वाली श्रृंखला की पहली प्रमुख कृतियों में से एक है, जिसकी अनुमानित कीमत पांच से सात लाख रुपये है।

बयान के मुताबिक मेहता की एक अन्य अनाम कृति नौ करोड़ रुपये में बिकी, जबकि इसकी अनुमानित कीमत सात करोड़ रुपये थी।

बयान के मुताबिक इस वर्षगांठ समारोह ने नीलामी में दक्षिण एशियाई कला की सर्वाधिक मूल्य पर बिक्री का विश्व



रिकार्ड बनाया है। इस दौरान 217.81 करोड़ रुपये मूल्य की कलाकृतियां बिकी। उसने बताया कि नीलामी के लिए इस सत्र में रखी गई सभी कलाकृतियां बिक गई हैं।

सैफरनआर्ट के सीईओ और सह-संस्थापक दिनेश वजीरानी ने एक बयान में कहा, ''यह नीलामी न केवल दक्षिण एशियाई कला बाजार की ताकत को रेखांकित करती है, बल्कि वैश्विक प्रमुखता को भी दर्शाती है। पिछले 25 वर्षों से, हमें इस विकास में सहयोग करने पर गर्व है और हम इसके निरंतर विकास का समर्थन करने के लिए समर्पित हैं।''

नीलामी में अमृता शेरगिल की 'स्टिल लाइफ विद ग्रीन बॉटल एंड एपल्स' (1932) नामक पेंटिंग 24 करोड़ रुपये में बिकी। एफ एन सूजा की 'सपर एट इम्मास' (1987) 15.30 करोड़ रुपये में बिकी।।

## दिल्ली में प्रिंस तेवतिया गिरोह के चार हथियारबंद शूटर गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने दक्षिणी दिल्ली के मदनगीर इलाके से प्रिंस तेवतिया गिरोह के चार कथित शूटर को गिरफ्तार किया है जिससे गिरोहों के बीच होने वाली लड़ाई (गैंगवार) की आशंका टल गई है।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान राकेश उर्फ राका (30), हनी रावत उर्फ बड़ी (28), रिशु प्रसाद उर्फ मोनू (25) और दिलशाद उर्फ गोलू (24) के रूप में हुई है। ये सभी हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और हथियार तस्करी के कई मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा, तीन पिस्तौल, आठ गोली और एक कार बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), दक्षिण अंकित चौहान ने कहा, ''मैगजीन के साथ तीन पिस्तौल, एक तमंचा, आठ गोली और आने-जाने के लिए इस्तेमाल की गई कार बरामद की गई है।''

# मंत्रिमंडल ने रेलवे की 18,658 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने शुक्रवार को रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिनकी कुल लागत लगभग 18,658 करोड़ रुपये है। एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

विज्ञप्ति के मुताबिक महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में फैली इन चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 1,247 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासोन के बीच तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा के बीच पांचवी और छठी लाइन और गोंदिया-बलहारशाह मार्ग का दोहरीकरण शामिल है।

सरकार के मुताबिक इन परियोजनाओं से रेलगाड़ियों की गति में सुधार होगा जिससे भारतीय रेलवे बेहतर दक्षता से युक्त और विश्वसनीय सेवा मुहैया करा सकेगी।



विज्ञप्ति के मुताबिक ये 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास होगा। इसमें कहा गया कि ''ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को 'आत्मनिर्भर' बनाएगा, जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।'' सरकार के मुताबिक ये परियोजनाएं 'मल्टी-मॉडल' संपर्क के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हो पाई हैं और लोगों की आवाजाही और वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी।

विज्ञप्ति के मुताबिक इन परियोजनाओं के साथ 19 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा जिससे दो आकांक्षी जिलों (गढ़चिरौली और राजनांदगांव) में संपर्क बढ़ेगा। 'मल्टी-ट्रैकिंग' (एक खंड पर कई पटरियों का निर्माण) परियोजना से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख आबादी को बेहतर संपर्क मिल सकेगा। सरकार ने बताया कि खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग से बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्र रेलवे से सीधे जुड़ जाएंगे, जिससे क्षेत्र में सीमेंट संयंत्रों सहित नयी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं बनेंगी।

विज्ञप्ति के मुताबिक ये परियोजनाएं कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग पर हैं। क्षमता में वृद्धि के परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 8.877 करोड़ टन अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नियमों का उल्लंघन करने वाली परियोजनाओं के खिलाफ कार्रवाई करे : एनजीटी

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) को पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन कर किये जा रहे निर्माण या परियोजनाओं के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

एनजीटी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि पर्यावरणीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए ग्रेटर नोएडा और नोएडा में मकानों, दुकानों और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का अवैध तरीके से निर्माण किया जा रहा है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 27 मार्च को दिये आदेश में कहा कि पिछले साल दिसंबर में पारित अपने अंतरिम आदेश में अधिकरण ने संबंधित प्राधिकारियों को अनिवार्य पर्यावरण मंजूरी नहीं लेने वाले निर्माण कार्यों को रोकने का निर्देश दिया था।



पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील आकाश वशिष्ठ की इस दलील पर संज्ञान लिया कि निर्देश के बावजूद ग्रेटर नोएडा में कई अवैध निर्माण अब भी जारी हैं।

यह याचिका भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पूर्व नगर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने दायर की है। उन्होंने दावा किया है कि ग्रेटर नोएडा के 56 और नोएडा के 18 गांवों में वायु और जल कानूनों के प्रावधानों का पूरी तरह उल्लंघन कर अवैध या अनाधिकृत कॉलोनियां और टाउनशिप बनाई जा रही हैं।

## ट्रंप धमकी दे रहे हैं और 'स्वघोषित विश्वगुरु' के राजनयिकों की टीम असहाय: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क (टैरिफ) के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप धमकी दे रहे हैं, लेकिन ''स्वघोषित विश्वगुरु'' के राजनयिकों की टीम असहाय नजर आ रही है।

कांग्रेस के सांसदों ने टैरिफ के मुद्दे को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री से जवाब की मांग की। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''स्वघोषित 'विश्वगुरु' ने दूसरों को हमारी विदेश और व्यापार नीति तय करने की अनुमति कैसे दे दी है? उनके अच्छे दोस्त हमें धमका रहे हैं, और उनके राजनयिकों की टीम पूरी तरह से असहाय है?'' उन्होंने कहा, 'अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से हमारी अर्थव्यवस्था बाधित होने का खतरा है हमारे देश की स्थिरता पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है, जिसमें हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव भी शामिल है।''

# अगले छह दिन में उत्तर-पश्चिम भारत में लू चलने और दिल्ली में तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि अगले छह दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में लू चलने और दिल्ली में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

विभाग के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्रों में दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात, राजस्थान और पश्चिमी मध्यप्रदेश शामिल है। आईएमडी ने बताया कि इस अवधि के दौरान मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है।

दिल्ली में छह या सात अप्रैल तक कुछ स्थानों पर दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। विभाग ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि भारत में अप्रैल से जून तक सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान है, साथ ही



मध्य एवं पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में लू चलने का अनुमान है।

भारत में आमतौर पर अप्रैल से जून के बीच चार से सात दिन लू चलने के दर्ज किए जाते हैं। जिन राज्यों में सामान्य से अधिक लू वाले दिन रहने का अनुमान है, उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के उत्तरी हिस्से और तमिलनाडु शामिल हैं। उत्तर प्रदेश (पूर्वी क्षेत्र), झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे कुछ राज्यों में इस अवधि के दौरान 10 से 11 दिन तक लू चल सकती है।

## फर्जी चिकित्सक बनकर एम्स के छात्रावास से गहने चुराने वाली महिला गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छात्रावास के कमरों से फर्जी चिकित्सक बनकर आभूषण चुराने के आरोप में 43 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी गाजियाबाद की निवासी है, जिसके पास मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा और विज्ञान में स्नातक की डिग्री है तथा वह एक निजी अस्पताल में लैब सहायक के रूप में काम कर चुकी है। उसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, चिकित्सकों द्वारा पहनी जाने वाली सफेद कोट पहने महिला ने सख्त सुरक्षा न होने का फायदा उठाया और एम्स के छात्रावास में दाखिल हो गई। दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने एक बयान में कहा, ''वह संदेह के दायरे में आने से बचने के लिए एम्स परिसर में घूमने के लिए चिकित्सक दिखाने वाला सफेद कोट पहनती थी और छात्रावास के उन कमरों में जाती थी जिनके दरवाजे अक्सर खुले रहते थे।''

# वरिष्ठ पदनाम मामले में नए सिरे से प्रक्रिया शुरू करे दिल्ली उच्च न्यायालय: उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय की एक समिति को उन वकीलों को वरिष्ठ पदनाम देने के लिए नए सिरे से प्रक्रिया शुरू करने का सुझाव दिया जिनके आवेदन या तो खारिज कर दिए गए या स्थगित कर दिए गए।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव से निर्देश लेने को कहा और सुनवाई 15 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा, ''हम सुझाव दे रहे हैं कि स्थगित और अस्वीकृत उम्मीदवारों के लिए समिति इंदिरा जयसिंह फैसले के संदर्भ में नए सिरे से प्रक्रिया करे। यह सहमति बनी है। समिति का पुनर्गठन करके नए सिरे से प्रक्रिया संचालित की जानी चाहिए।'' शीर्ष अदालत नवंबर 2024 में 70 वकीलों को वरिष्ठ पदनाम देने के दिल्ली उच्च



न्यायालय के फैसले को कथित अनियमितताओं के आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

राव ने कहा कि उच्च न्यायालय शेष आवेदनों पर पूर्ण न्यायालय में विचार कर सकता है, जबकि पीड़ित याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित वकील ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया ही दोषपूर्ण थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 महिलाओं समेत 70 वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता के 0रूप में नामित किया था। स्थायी समिति द्वारा उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने के बाद वरिष्ठ पदनाम प्रदान किए गए थे। तीन सौ से अधिक वकीलों ने वरिष्ठ पदनाम के लिए आवेदन किया था।






# वक्फ विधेयक पर विपक्ष अदालत जाने के लिए स्वतंत्र लेकिन अल्पसंख्यकों को भड़काये नहीं: भाजपा

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष चाहे तो संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक को अदालत में चुनौती दे सकता है, लेकिन उसे इस मुद्दे पर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को भड़काने और तुष्टीकरण की 'तुच्छ राजनीति' करने से बचना चाहिए।

भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस के उस बयान के बाद आई जिसमें उसने कहा कि वह संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की संवैधानिकता को 'बहुत जल्द' उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी।

मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा था कि वह संविधान में निहित सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रथाओं पर मोदी सरकार के 'हमलों' का विरोध करना जारी रखेगा।


भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा,



''कांग्रेस के कुछ कानूनी विशेषज्ञ बार-बार कह रहे हैं कि यह (विधेयक) असंवैधानिक है और वे अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्हें अदालत जाने दीजिए। उन्हें कोई नहीं रोक रहा है।'' प्रसाद ने कहा, ''वे (कांग्रेस) तीन तलाक के मुद्दे पर अदालत गए थे। उन्होंने राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण को रोकने की भी कोशिश की। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने को भी असंवैधानिक बताया।'' भाजपा नेता ने कहा कि वक्फ विधेयक 'पूरी तरह से संवैधानिक' है। उन्होंने कहा कि संविधान में यह प्रावधान है कि सरकार महिलाओं और पिछड़े समाज की प्रगति के लिए कानून बना सकती है। प्रसाद ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य महिलाओं सहित मुसलमानों का कल्याण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, ''वोट बैंक की राजनीति के लिए वे (कांग्रेस) जो शरारत करते हैं, उसे देखते हुए देश उनकी बात नहीं सुनेगा।''

भाजपा के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने कहा कि विपक्षी दलों का यह कर्तव्य है कि वे विधेयक को उसी रूप में स्वीकार करें, जिस रूप में इसे संसद ने पारित किया है और इस मुद्दे पर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को 'उकसाने' से बचें।

उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह विपक्ष पर निर्भर करता है कि वह इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय जाना चाहता है या सड़कों पर उतरना चाहता है। शर्मा ने कहा, ''विपक्ष को तुच्छ राजनीति से बचना चाहिए।''

# महिला नेता कैफे के आड़ में चला रही नशीला हुक्का बार और दारू का अड्डा

## एसपी सिटी ने लिया संज्ञान प्रेमनगर पुलिस की छापेमारी में 12 गिरफ्तार, कई कैफे सील

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**







बरेली। पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना प्रेमनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कैफे की आड़ में अवैध रूप से संचालित हो रहे हुक्का बार और शराब बार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तथा कई कैफे को सील कर दिया गया।

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर एसपी सिटी मानुष पारीक व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम पंकज श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में, प्रेमनगर थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि डीडीपुरम क्षेत्र में कुछ कैफे अवैध हुक्का व शराब पिलाने का अड्डा बने हुए हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी मय पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने सबसे पहले V Love Cafe पर छापा मारा, जहां दानिश सक्सेना व मनी सक्सेना के पास से दो हुक्का और दो अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हुईं।

इसके बाद Dedlly Café में आदित्य शर्मा, अंश तिवारी, अमरजीत, आरती तिवारी और रुचि पासवान मौजूद मिले, जहां दो हुक्का और तीन शराब की बोतलें मिलीं।

Cozi Café से कामेश जयसवाल और अंकित के पास से भी दो हुक्का और दो शराब की बोतलें बरामद की गईं।

अंत में Food Path Café से पार्थ, क्षितिज और विशाल के पास से तीन हुक्का और तीन शराब की बोतलें जब्त की गईं। इन सभी से जब वैध लाइसेंस मांगा गया तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद सभी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

**सील किए गए कई कैफे:** मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार विविध कुमार द्वारा उपरोक्त चारों कैफे को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त Down Town, Boom Rang व हअउत्रंउंक् जो उस समय बंद थे, उन्हें भी प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम

पुलिस ने जिन 12 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं: दानिश सक्सेना, मनी सक्सेना, आदित्य शर्मा, अंश तिवारी, अमरजीत, आरती तिवारी, रुचि पासवान, कामेश जायसवाल, अंकित, पार्थ खन्ना, क्षितिज सक्सेना और विशाल। इनके विरुद्ध थाना प्रेमनगर में मुकदमा संख्या 128/25 धारा 280/271 बीएनएस एवं धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। सभी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# निवर्तमान पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी ने छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

धनौरा। शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के गांव कमालपुर काजी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को परीक्षा फल वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि नगर के पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी रहे। जिन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व वंदना प्रस्तुत की गई। जिसके बाद मुख्यातिथि राजेश सैनी द्वारा कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 8 में खुशी कक्षा 7 में गुड़िया व कक्षा 6 में शिव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर राजेश सैनी ने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की इस मौके कर रंजना, रोशनी खान, वर्षा तोमर, राजेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# निर्माण में गड़बड़ी पर सख्त हुए नगर आयुक्त बोले लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने एनसीएपी (नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम) और निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे प्रोजेक्ट्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क व इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण में गंभीर खामियां मिलने पर कार्यदायी संस्था राजीव ट्रेडर्स पर 2 लाख का जुमार्ना लगाया गया और साथ ही कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। नगर आयुक्त ने वार्ड-14 संजय नगर के मुख्य मार्ग–श्रेया चारात घर से पीएनबी बैंक, दुर्गा नगर होते हुए तुलाशेरपुर चौराहे तक आरसीसी रोड और इंटरलॉकिंग साइड पटरी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर कई जगह दरारें (क्रैक्स) मिलीं और फिनिशिंग भी बेहद खराब पाई गई। साथ ही, टाइल्स की गुणवत्ता भी जांच में मानक से कमतर मिली। इसके चलते निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रही एजेंसी राजीव ट्रेडर्स पर जुमार्ना लगाया गया और चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में भी कार्य में लापरवाही मिली, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने रामपुर रोड पर डिवाइडर और विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पौधों की भी समीक्षा की। पौधे सूखे मिले और कई स्थानों पर ग्रिल टूटी हुई पाई गई। जबकि इनकी देखरेख का जिम्मा भी राजीव ट्रेडर्स को सौंपा गया था। साफ तौर पर एजेंसी में मेंटेनेंस को लेकर लापरवाही सामने आई। इसके अलावा नगर आयुक्त ने वार्ड-47 किला छावनी में सीसी रोड व टाइल्स पटरी निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया, जहां गुणवत्ता को लेकर निर्देश दिए गए। एक्सईएन राजीव कुमार राठी को टाइल्स की गुणवत्ता की जांच कराने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने एयरपोर्ट से डेलापोर रोड, मेगा सिटी के पास, संजयनगर, किला छावनी, पीलीभीत वाईपास रोड पर सफाई व्यवस्था को बेहद खराब पाया। इस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिन में सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को स्थिति में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



# साढू के बेटे के साथ प्यार में घर से भागी लड़की मौत की चौखट पर बरामद

## लड़की के पिता ने साढ़ू के लड़के पर लगाया पुलिस के डर से लड़की को जहर देकर मारने का आरोप मेडिकल रिपोर्ट से होगा मौत का खुलासा

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। अजब प्रेम की गजब कहानी पहले लड़की के प्यार में पड़कर रिश्तेदार की लड़की को भगाया फिर पुलिस बरामदगी के ड़र से मौत के घाट उतारा ।

बताते चलें एक युवक की नाबालिग बेटी को उसके साढू का बेटा भगा कर अपने साथ ले गया। जब पुलिस ने उस पर दबाव बनाया तो किशोरी को जहर दे दिया। गंभीर हालत में उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। किशोरी की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा।

**क्या है पूरा मामला:** आपको बताते चलें जनपद शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव निवासी ने बताया 24 मार्च को उनके साढू प्रेमपाल निवासी हेमुपुरा का बेटा सचिन उनकी 17 वर्षीय बेटी को भगा कर ले गया। उसके बाद उन्होंने थाने में सचिन व उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इस दौरान उन्हें कल सुबह पता चला कि उनकी बेटी शहर के मिनी बाईपास रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती है। जब वह अस्पताल में पहुंचे तो उनकी बेटी की मौत हो चुकी थी, आरोप है, उनकी बेटी को उसके प्रेमी सचिन ने जहर दे दिया ।जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण ने भी बताया कि सचिन उनकी बेटी को 24 मार्च को उनके घर से बहला-फुसला कर हिमाचल प्रदेश भगा ले गया। इस दौरान पुलिस उन्होंने पुलिस से शिकायत की, तो पुलिस ने आरोपी के पिता व चाचा को उठा लिया। जिसके बाद उन लोगों ने बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया ।जब पुलिस ने बरामदगी के लिए दबाव बनाया तो सचिन ने उसे जहर दे दिया। हालत बिगडने पर उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। उसके पिता ने बताया कि उनकी बेटी का पेट फूला हुआ था। मुंह से झाग निकालते ऐसा जहर देकर मारने की स्थिति में होता है पुलिस ने घटना की सूचना पर पहुंच कर युवती के शव को कब्जे में ले लिया है। आज उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही बजह पता लग सकेगी। यहां आपको यह भी बताते चलें जब युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया उस समय सचिन और उसको पिता मौजूद थे। लेकिन उसके कुछ देर बाद पुलिस ने उन लोगों को भगा दिया। युवती के पिता का आरोप है कि पुलिस उन लोगों के साथ मिली हुई है।

# कप्तान साहब का फंडा, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर नो इफ नो बट फैसला ऑन द स्पॉट

## बरेली में भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन: एसएसपी ने फतेहगंज पश्चिमी की पूरी चौकी कर दी सस्पेंड, दरोगा व दो सिपाही पर अपहरण व वसूली का मुकदमा

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**



बरेली। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने एक और बड़ी कार्रवाई की।भ्रष्टाचार और जबरन वसूली के गंभीर आरोपों के चलते एसएसपी अनुराग आर्य ने फतेहगंज पश्चिमी पुलिस चौकी की पूरी टीम को सस्पेंड कर दिया है।

आपको बताते चलें बरेली दिल्ली नेशनल हाईवे पर फतेहगंज पुलिस चौकी प्रभारी बलवीर सिंह, कांस्टेबल मोहित चौधरी और हिमांशु पर अपहरण, धमकी, और अवैध वसूली जैसे संगीन मामलों में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि इन पुलिसकर्मियों ने एक निर्दोष किसान को स्मैक तस्करी में फंसाने की धमकी देकर उससे दो लाख रुपये की मांग की।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें,भिटौरा गांव निवासी बलवीर, जो पेशे से एक संपन्न किसान हैं, को गुरुवार रात पुलिसकर्मियों ने उनके घर से जबरन उठा लिया। चौकी प्रभारी बलवीर सिंह, कांस्टेबल मोहित और हिमांशु ने उनके घर में घुसकर तलाशी ली, सामान बिखेरा और फिर उन्हें उठाकर प्रबड़ फैक्टरी कॉलोनी स्थित एक निजी आवास में ले जाकर बंधक बना लिया। बलवीर के परिवार से कहा गया कि वह स्मैक का धंधा करते हैं, और उन्हें छोड़ने के लिए 2 लाख रुपये की मांग की गई। जबकि बलवीर के खिलाफ किसी प्रकार का आपराधिक रिकॉर्ड तक नहीं था।बलवीर के परिजनों ने तुरंत मामले की शिकायत आईजी बरेली रेंज और एसएसपी अनुराग आर्य से की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ हाईवे को जांच के लिए भेजा गया। जब अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो चौकी प्रभारी और दोनों सिपाही वहां से फरार हो चुके थे। सीओ ने बलवीर को उनके कब्जे से सुरक्षित छुड़वाया और मामले की विस्तृत रिपोर्ट एसएसपी को सौंपी। रिपोर्ट मिलते ही एसएसपी ने त्वरित एक्शन लेते हुए फतेहगंज पश्चिमी चौकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।पुलिसकर्मी अभी भी फरार तीनों आरोपी पुलिसकर्मी फिलहाल गायब हैं, जिनकी तलाश में टीमें गठित की गई हैं। साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने दो टूक कहा कि, किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह पुलिस महकमे का ही कोई व्यक्ति क्यों न हो।

# पीआरवी पुलिस ने बढ़ाया बरेली पुलिस का मान

## बैंक में इंटरव्यू देने आई बाहर की युवती सड़क पर बेहोश पीआरवी 122 पुलिस ने कराया भर्ती, युवती बोली धन्यवाद

**नेशनल एक्सप्रेस**




बरेली। बरेली के सिविल लाइंस में एक महिला एचडीएफसी बैंक में इंटरव्यू देने आई। जिसका अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया । पुलिस के मुताबिक जानकारी मिली की महिला का नाम नमृता पुत्री दया राम उम्र लगभाग (25) वर्ष निवासी जेल कैंपस जिला बिजनौर की है,जो सिटी सब्जी मंडी के सामने रामपुर रोड़ बरेली मे बेहोशी की हालात में मिलने की सूचना मिलते ही पीआरवी 112 पुलिस मौके पर पहुँची और मदद करते हुए महिला का जिला अस्पताल में इलाज कराया ।युवती ने होश में आते ही बताया कि वो बरेली में एचडीएफसी बैंक सिविल लाइन में इंटरव्यू देने के लिए आई । पीड़ित महिला की मदद् करने वाले पीआरवी 112 कांस्टेबल राहुल कुमार एवं ड्राइवर मुकेश कुमार तथा महिला कांस्टेबल विनीता व शाहनाज है। तथा पीआरवी 112 की गाड़ी ने काफी सराहनीय कार्य किया है।जो कि शासन व प्रशासन के ऐसे कर्मचारियों को सम्मानित पत्र से सम्मानित किया जाना चाहिए। तथा पीआरवी 112 तथा प्रदेश सरकार की क्षेत्रीय जनता एवं दूर दराज से इंटरव्यू देने आई युवती ने काफी भूरी- भूरी प्रशंसा की।

# त्रिवेणी चीनी मिल चंदनपुर में सीएल गुप्ता नेत्र चिकित्सालय ने लगाया शिविर

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

हसनपुर। चन्दनपुर चीनी मिल में सी.एल. गुप्ता नेत्र चिकित्सालय, मुरादाबाद द्वारा अंधता निवारण सप्ताह दिवस के क्रम में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि० चन्दनपुर में सीएल गुप्ता नेत्र चिकित्सालय एवं चीनी मिल चन्दनपुर के संयोजन से अंधता निवारण सप्ताह दिवस पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में डाक्टर मोनिंदर भाटी, सत्यप्रकाश शर्मा, सौरभ राज, आयुष भटनागर, आदि व स्टॉफ दर्शन, महिमा, विपुल, संजना, सौरभ आदि उपस्थित रहे। पूरी टीम का नेतृत्व सत्यप्रकाश शर्मा, मार्केटिंग मैनेजर द्वारा किया गया। चीनी मिल की ओर से चीनी मिल के उपाध्यक्ष (शुगर) आमोद कुमर शर्मा एवं अमेज कुमार सिंह, अपर महाप्रबन्धक, (एच.आर), आर.एस. सहरावत, महाप्रबन्धक (गन्ना), श्री टी.सी. रजौरिया, महाप्रबन्धक (उत्पादन) रवि गुप्ता, महाप्रबन्धक (इजीनियरिंग), उदयवीर सिंह, बाबूराम सैनी द्वारा टीम का स्वागत किया गया तथा अन्य औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए कैम्प का शुभारम्भ किया गया। चीनी मिल में बहुत से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कैम्प में उपस्थित डॉक्टरों से मिलकर अपनी आंखों से सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराकर उचित लाभ लिया। कैम्प मे नेत्र चिकित्सक द्वारा मशीन से आंखों का चेकअप कर आंखों के लिए उचित दवाई एवं ड्राप आदि आंखों में डालने हेतु बताया। आंखों से पास एवं दूर के देखने की समस्या वाले मरीजों के लिये चश्मा लगाने हेतु कहा। सम्बन्धित विशेषज्ञों द्वारा मुफ्त जांच की गई। डॉक्टर मोनिन्दर भाटी के द्वारा मरीजों को उनकी आंखों के प्रति सावधानियां बरतने हेतु एवं उसके बचाव हेतु विस्तार से समझाया तथा उसका उपचार भी बताया। सभी कर्मचारीगण इस नेत्र चिकित्सा कैम्प से अति प्रसन्न हुए और लगभग 150-200 लोगों ने सुविधा का अधिक से अधिक लाभ लिया। चीनी मिल में स्थित कालोनी में रहने वाले परिवारों की महिलाओं ने भी अपनी आंखों के प्रति सजग रहते हुए जांच करायी तथा सम्बन्धित सलाह ली।



# डीएम ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, बच्चों की संख्या कम होने पर जताई नाराजगी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



धनौरा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शुक्रवार को विकास खंड धनौरा की ग्राम पंचायत ढ़योटी में आरसी सेंटर, बर्मी कंपोस्ट सेंटर, पंचायत घर, लाइब्रेरी, सामुदायिक शौचालय, कंपोजिट विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र, अन्नपूर्णा भवन, व तालाब का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। व संबंधित से आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी ली। आरसी सेंटर के निरीक्षण पर अधूरे पड़े सेंटर को जल्द से जल्द पूरा करने घर घर कूड़ा एकत्र करने पंचायत घर का सौंदर्यकरण कराने लाइब्रेरी में प्रकाश की व्यवस्था कराने के से संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किए। वहीं कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने शिक्षक गणों से पठन-पाठन की स्थिति जानी और बच्चों से सवाल-जब कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश शिक्षकों को दिए इसी दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की कम उपस्थिति होने पर नाराजगी जाहिर की और अधिक से अधिक बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र पर लाकर पढ़ाने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पोषण किट समय से बच्चों और महिलाओं को दी जाए। बच्चों का मोबाइल पर फीड किए जाने वाला डाटा अपडेट रहे। गर्भवती धात्री महिलाओं का टीकाकरण समय से सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्र ढयोटी का पुनः निरीक्षण कर 15 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश जारी किए। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया, ग्राम प्रधान ज्योति सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रहित में भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार पर रोकथाम की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति :प्रो. अनिल गोयल

## देश एवं समाज में परोसी जा रही झूठी, भ्रामक खबरों को रोकने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नही, शिक्षण संस्थानों की इसमें अहम भूमिका, करोड़ों इन्टरनेट यूज करने वाले प्रत्येक उपभोक्ता को इन खबरों को रोकने के लिए आगे आना होगा: सुधीर गिरि

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




अमरोहा। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटिज एंड सोशल साइंसेज एवं स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एवं मास कॉम के संयुक्त तत्वाधान में ह्यफेक न्यूज इम्पैक्ट ऑन सोसाइटी एण्ड लिटरेचरह्न विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शानदार समापन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए देश के वरिष्ठ मीडिया सलाहकार एवं शिक्षाविद प्रो. (डा.) अनिल गोयल, निदेशक महाराजा अग्रसेन कालेज ऑफ मैनेजमेंट एवं मास कम्युनिकेशन नयी दिल्ली एवं वरिष्ठ पत्रकार एवं न्यूज एंकर नवजोत रंधावा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी भ्रामक खबर को दूसरे को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जाँच-पड़ताल अवश्य कर ले ताकि इस देश में सामाजिक सदभाव एवं राष्ट्रीय एकता को कोई खतरा ना हो । श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय के डा. सी.वी. रमन सभागार में ह्यफेक न्यूज इम्पैक्ट ऑन सोसाइटी एण्ड लिटरेचरह्न विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, देश के वरिष्ठ मीडिया सलाहकार एवं शिक्षाविद प्रो. (डा.) अनिल गोयल, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार एवं न्यूज एंकर नवजोत रंधावा, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य वक्ता शिक्षाविद प्रो. (डा.) अनिल गोयल ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया ह्यफेक न्यूजह्न का ह्यमेगा केन्द्रह्न बन गया है, जो सामाजिक सदभाव एवं राष्ट्रीय एकता के लिए बड़ी चुनौती है` व्यक्ति अपने निजी फायदे, राजनैतिक, धार्मिक स्वार्थों के कारण इसका बढ़-चढ़ कर दुरूपयोग कर रहे है` आम जनमानस को इससे सावधान रहने की जरुरत है एवं सरकार को इन पर निगरानी रखकर अंकुश लगाना बहुत ही आवश्यक है। आज प्रेस ब्यूरो ऑफ इण्डिया (पी.आई.बी.) एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के कड़े दिशा-निर्देशनों ने फेक न्यूज पर नकेल कसने के साथ सामाजिक सदभाव एवं राष्ट्रीय एकता के हित में भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार पर रोकथाम की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की भी बनती है। वरिष्ठ पत्रकार एवं न्यूज एंकर नवजोत रंधावा ने कहा कि वैश्विक सदभाव के लिए फेक न्यूज के साथ-साथ नकारात्मक खबरों को अपने ह्यमोबाइलह्न के साथ-साथ अपने ह्यदिलो-दिमागह्न में कोई जगह ना दे। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. (डा.) पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. दिनेश गौतम ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. (डा.) पीयूष पांडेय, डा. एस.एन. साहू, डा. एल.एस.रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. विश्वनाथ झा, प्रो. (डा.) एना एरिक ब्राउन, प्रो. (डा.) मंजरी राणा, प्रो. (डा.) सहर्ष वाल्टर, प्रो. (डा.) मनीष कुमार शर्मा, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. राजवर्धन, डा. आशुतोष सिंह, डा. ओम प्रकाश गोसाई, डा. राहुल कुमार, डा. अश्विन कुमार सक्सेना, डा. सतीश गुप्ता, डा. दुर्गेश त्रिपाठी, डा. सी.पी.सिंह,डा. ज्योति सिंह, डा. बृजकिशोर, डा. अभिषेक, डा. चन्द्रकान्त, डा. आकाश, डा. प्रवीन कुमार, संजीव कुमार, अनुषा कर्णवाल, स्मिता चंद्रा, हुमा कौशर, पूजा एरी, नीमा बिष्ट, सुमनदीप कौर, हरप्रीत कौर, हिमानी गरजौला, हिमानी चौहान, पूजा कुमारी, अखिल कुमार, अविनाश कुमार, तहसीर आलम, जुबैर आलम, शुऐब रजा, माता प्रसाद, कौशल कुमार, गुरुवचन, अभिषेक राणा, मनोज, सचिन, विकास पांडेय, विश्वंभर चौहान, गुरविंदर सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट मैनेजर सौरभ मित्रा, जनसंपर्क अधिकारी डा. श्री राम गुप्ता एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा उपस्थित रहे।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं रक्त कैंसर की ओपीडी अलीगढ़ में

नेशनल एक्सप्रेस




अलीगढ़। बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) यानी अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण एवं रक्त कैंसर पर भारत में सबसे अग्रणी और विश्वसनीय फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने नवजीवन अस्पताल रामघाट रोड़ अलीगढ़ में ओपीडी की शुरूआत की है। इसे लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होटल आभा रीजेंसी, रामघाट रोड, न्यू विष्णुपुरी, अलीगढ़ में तीन अप्रैल को किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि ओपीडी में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। डॉ. प्रवीण वार्ष्णेय, सीनियर कंसलटेंट-इंटरनल मेडिसिन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। डॉ राहुल भार्गव, प्रिंसीपल डायरेक्टर एवं चीफ हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ओंकोलॉजी एंड बीएमटी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम एवं नोएडा ने कहा, ह्लफोर्टिस का बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) प्रोगाम देश में अपनी तरह के सबसे बड़े प्रोग्रामों में से एक है, जो मरीजों के लिए विस्तृत देखभाल तथा उनके जीवन को बदलकर रख देने वाले उपचार विकल्पों में से है। हम सटीक तरीके से कैंसर के उपचार के लिए इम्यून सिस्टम की ताकत का इस्तेमाल करने वाली सीएआर-टी सेल थेरेपी को और अधिक उन्नत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। बीएमटी के क्षेत्र में हमारी विशेषज्ञता के साथ-साथ अत्याधुनिक सीएआर-टी सेल थेरेपी का मेल कराकर, हम अपने मरीजों के लिए सबसे इनोवेटिव और कारगर उपचार विकल्पों को उपलब्ध करा रहे हैं ताकि हम सर्वेश्रेष्ठ संभव परिणामों को साकार कर सकें। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए विशिष्ट और समर्पित टीम तथा सर्वाधिक उन्नत टेक्नोलॉजी का शानदार मेल उपलब्ध है।

डॉ. प्रियांशी पचौरी, एसोसिएट कंसल्टेंट-हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बीएमटी (रक्त कैंसर रोग विशेषज्ञ), फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने बताया कि फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) एवं रक्त कैंसर कार्यक्रम भारत में सबसे उच्च कोटि का इलाज प्रदान करता है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक ऐसी चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें रोगग्रस्त अस्थि मज्जा को स्वस्थ अस्थि मज्जा से बदल दिया जाता है। यह प्रक्रिया, कुछ तरह के रक्त विकारों और कैंसर के इलाज में मदद करती है। जब कैंसर को ठीक करने के लिए आवश्यक कीमोथेरेपी या विकिरण की खुराक इतनी अधिक होती है कि उपचार से व्यक्ति की अस्थि मज्जा स्टेम कोशिकाएँ स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त या नष्ट हो जाएँगी, तो अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की आवश्यकता हो सकती है।

हेमेटोन्कोलॉजी चिकित्सा की एक शाखा है जो रक्त कैंसर और अन्य रक्त संबंधी विकारों के निदान और उपचार से संबंधित है। इनमें ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मायलोमा जैसे रक्त कैंसर, विभिन्न प्रकार के एनीमिया और अन्य दुर्लभ रोग शामिल हैं। डॉ. प्रियांशी ने बताया कि यहां रोगियों को केवल उपचार नहीं मिलेगा बल्कि व्यापक देखभाल मिलती है जो उपचार के जरिए उनका जीवन बदलने में सहायक है। डॉ. प्रियांशी ने कहा कि अत्याधुनिक सीएआर-टी कोशिका चिकित्सा के साथ अपनी व्यापक बीएमटी विशेषज्ञता को जोड़कर, हम रोगियों को सबसे नवीन और प्रभावी उपचार विकल्प प्रदान कर रहे हैं, जो सर्वोत्तम संभव परिणाम देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हमें सीएआर-टी कोशिका चिकित्सा को आगे बढ़ाने में हम नेतृत्वकर्ता है और इस पर हमें गर्व है। इस दौरान डॉ. प्रवीण वार्ष्णेय भी मौजूद रहे।

# नगर निगम की लापरवाही से गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक उपेक्षित

## अलीगढ़ नगर आयुक्त ने समस्या का निस्तारण करने के लिए दिया आश्वासन

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में परिषद के सदस्यों एवं स्थानीय पत्रकारों ने नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन हिन्दी पत्रकारिता के अग्रदूत गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा एवं स्मारक पार्क की दुर्दशा को लेकर दिया गया।

ज्ञापन में पत्रकारों ने नगर निगम पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा को सेन्टर पॉइन्ट चौराहे से तस्वीर महल चौराहे पर स्थान्तरित किया गया, लेकिन नगर निगम द्वारा इसकी उचित देखरेख नहीं की जा रही है। न ही प्रतिमा की साफ-सफाई हो रही है और न ही पार्क का रखरखाव किया जा रहा है।

पत्रकारों ने अपनी मांगों में प्रतिमा एवं पार्क की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, पार्क में टीनशैड या छत का निर्माण कराने तथा प्रतिमा की देख-रेख के लिए स्थायी व्यवस्था बनाने की बात कही है।पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही नहीं करता है, तो राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद स्वयं इस जिम्मेदारी को उठाने को तैयार है। इसके बावजूद यदि प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता, तो पत्रकार समुदाय को आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस मोंके पर मुकेश भारद्वाज, सुशील तोमर, मनोज चौहान,प.डी.के.गौतम , दीपाली सक्सेना, गौरव अस्थाना, देवेंद्र पाल सिंह , संदीप शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह,जहीर खान, मयंक जैन, डी.के.शर्मा, आलेश, कमल सिंह, जितेंद्र कुमार व आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।सभी पत्रकारों ने इस ज्ञापन के माध्यम से नगर आयुक्त से शीघ्र निर्णय लेकर आवश्यक कार्यवाही करने की अपील की है।वहीं नगर आयुक्त विनोद कुमार,ने राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के पदाधिकारियों को आश्वाशन दिया है कि जल्द से जल्द गणेश शंकर विद्यार्थी जी के प्रतिमा व स्थल की साफ सफाई के साथ साथ टीन शेड लगाकर पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था के लिए कार्य कराया जाएगा।

# आईटी का नोटिस पाने वाले चारों लोग मेहनत-मजदूर

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। अलीगढ़ में मध्यम और आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों को आयकर विभाग के नोटिस लगातार मिल रहे हैं। इसमें आयकर विभाग करोड़ों के टर्नओवर की बात कह रहा है और पैनकार्ड धारकों से इसका जवाब भी तलब किया है। वहीं दूसरी ओर नोटिस पाने वालों का पूरा परिवार इससे परेशान है। उन्होंने थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है, मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पूरे दिन में 100-500 रुपए ही कमाने वालों को करोड़ों के नोटिस मिलने की बात किसी को भी हजम नहीं हो रही है। जबकि दिल्ली से लेकर पंजाब तक में इनके नाम पर करोड़ों के कारोबार होने की बात सामने आ रही है। अब पुलिस इस मामले में साइबर टीम की मदद ले रही है। पुलिस का मानना है कि इस मामले में साइबर ठग भी शामिल हो सकते हैं। जिन्होंने दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल किया है। सबसे पहले सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जूस की दुकान चलाने वाले मो. रईस को 7.79 करोड़ रुपए का नोटिस मिला था। जिसके बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया था और यह चर्च का विषय बन गया था। नोटिस मिलने के बाद रईस ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

रईस के बाद गांधीपार्क थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले ताला कारीगर योगेश को 11.11 करोड़ का नोटिस मिला। फिर चंडौस थाना क्षेत्र निवासी सफाई कर्मी करन वाल्मीकि को 33.89 करोड़ रुपए का नोटिस मिला है। वहीं अब गभाना तहसील के गांव चांदपुर निवासी राजकुमार को 2.25 करोड़ का नोटिस मिला है।

आयकर विभाग का नोटिस पाने वाले चारों लोग मेहनत-मजदूरी, चौकीदारी और संविदा नौकरी जैसे काम करते हैं। जिनकी महीने की आय 5-15 हजार रुपए तक ही है। लेकिन इनके पैनकार्ड पर करोड़ों का टर्नओवर हुआ है। यह सारा टर्नओवर 2018-19 के बीच का है। इनके पैनकार्ड पर पंजाब और दिल्ली में फर्में खोली गई और इसमें करोड़ों की खरीद फरोख्त हुई। इनसाइट पोर्टल पर इसकी सूचनाएं अपलोड हुई थी, जिसके बाद आयकर विभाग एक्टिव हो गया। अब माना यह जा रहा है कि गलत तरीके से इन लोगों के पैनकार्ड और आधार कार्ड से फर्म खोलकर यह खरीद फरोख्त की गई है।

सिविल लाइंस थाने में इस मामले में जूस विक्रेता ने मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित ने बताया था कि अज्ञात लोगों ने गलत तरीके से उसके पैन कार्ड का इस्तेमाल किया। पुलिस ने इस मामले में साइबर टीम की मदद ली है। माना यह जा रहा है कि साइबर अपराधियों ने ही यह जालसाजी की है। साइबर टीम अब इन फर्मों से जुड़े मोबाइल नंबर, वेबवाइट और अन्य चीजों की जांच में जुटी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडेय ने बताया कि बीते दिनों पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मामले के खुलासे के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं और पुलिस जल्दी इस मामले का खुलासा करेगी।

# करोडों की संपत्ति से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की हुई कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। शुक्रवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह व तहसीलदार कोल अवनीश कुमार नायब तहसीलदार बिजेन्द्र कुमार के नेतृत्व वाली संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता व तहसील टीम ने ग्राम कयामपुर में गाटा 458/2 में 460 वर्गमीटर, 459/2 में 1840 वर्ग मीटर पर नगर निगम व तहसील की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए बेशकीमती करोड़ो की जमीन को कब्जा मुक्त कराकर नगर निगम ने अपनी संपत्ति का बोर्ड लगा दिया है। दूसरी ओर कयामपुर में ही गाटा संख्या 271 में 5000 वर्ग मीटर भूमि पर तहसील और नगर निगम की टीम द्वारा पैमाइश और चिन्नाकन का काम शुरू कर दिया गया है। पिछले दिनों गोपनीय सूचना के आधार पर नगर आयुक्त विनोद कुमार ने शिकायतकर्ता की गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए कायमपुर में गाटा 458/2 में 460 वर्गमीटर, 459/2 में 1840 को तत्काल अतिक्रमण मुक्त बनाने के निर्देश सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को दिए थे।

शुक्रवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम और तहसील की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाई करते हुए कयामपुर में गाटा 458/2 में 460(हरबाढ) वर्गमीटर, 459/2 में 1840 (उसर बंजर) भूमि पर भूमाफियाओं ने बाउंड्री और कमरा बनाकर कब्जा कर रखा था जिसकी संयुक्त रूप से पैमाइश 26 मार्च 2025 को कराई गई अवैध अतिक्रमण चिह्नित पाया गया 500 गज जमीन को अवैध अतिक्रमण करता नरेश चंद बंसल पुत्र मूलचंद निवासी विष्णु पुरी अलीगढ़ द्वारा सरेंडर कर दिया गया था बाकी जमीन पर नगर निगम और तहसील की टीम ने कड़ी कार्रवाई कर जेसीबी की मशीन से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कराया और नगर निगम संपत्ति का बोर्ड लगा दिया इस भूमि पर एक ट्यूबवेल लगाने का भी कुछ लोग विरोध कर रहे थे अवैध अतिक्रमण पर कब्जा लेने के उपरांत ट्यूबवेल लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की बाजार मूल्य लगभग डेढ़ करोड़ के आसपास मानी जा रही है।

वहीं दूसरी और नगर निगम और तहसील की टीम ने संयुक्त रूप से कयामपुर में ही गाटा संख्या 271 में 5000 वर्ग मीटर ऊसर बंजर जमीन के लिए पैमाइश और चिन्नांकन का काम तहसील और नगर निगम टीम शुरू कर दिया गया है।

नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा नगर निगम अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र में अपनी संपत्तियों की सुरक्षा और अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है ऐसे अतिक्रमणकर्ता जिन्होंने नगर निगम संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उनके विरुद्ध नगर निगम बलपूर्वक कानूनी कार्यवाई भी करेगा।

# संत फिदेलिस स्कूल के खिलाफ एबीवीपी ने एडीएम सिटी को सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। बिना मान्यता के पिछले पॉच साल से चल से खेड़ा खुशखबर के संत फिदेलिस स्कूल के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा है। डीएम के नाम एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा है। खेड़ा खुशखबर में चलने वाले संत फिदेलिस स्कूल की मान्यता पॉच साल पहले ही खत्म हो चुकी है। जबकि स्कूल संचालकों ने इसे बढ़वाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी इसकी शिकायत की थी। बिना मान्यता के विद्यार्थियों का एडमिशन हर साल धड़ल्ले से लिया जा रहा है, जो उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

एडीएम सिटी को उन्होंने बताया कि स्कूल में ही संचालकों ने बोर्ड लगा रखा है, जहां से विद्यार्थियों की कॉपी किताबें और अन्य सामग्री मिलती है। यह दुकान स्कूल से 100 मीटर दूर है। यहां एनसीईआरटी के बजाय अन्य पब्लिकेशंस की किताबें दी जाती हैं। इसमें भी रेट के साथ छेड़छाड़ करके अभिभावकों से ज्यादा मूल्य वसूला जाता है। प्रदेश मीडिया संयोजक अरुण शर्मा और महानगर सह मंत्री तेजस चौधरी ने बताया कि कांवेंट स्कूल लगातार मनमाने तरीके से हर साल अपनी फीस बढ़ा रहे हैं। जिससे लगातार माता-पिता पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। अब एबीवीपी ऐसे स्कूलों के खिलाफ लगातार अभियान चलाएगी। इस दौरान महानगर मंत्री शैलेन्द्र प्रजापति, राजगुरु, आशुतोष यादव, पूरन यादव, सौरभ सिंह, विपिन शर्मा, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन का लिया साक्षात्कार

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) पद के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। उन्होने कहा कि विभिन्न विकास योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन एवं निगरानी में बीआरपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित होनी चाहिए ताकि ब्लॉक स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि बीआरपी के लिए 57 व्यक्तियों ने आवेदन किया था, जिसमें जांचोपरांत 08 महिलाओं समेत 49 आवेदन पात्र पाए गए। जिले में 13 बीआरपी का चयन किया जाना है। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों से सोशल ऑडिट, मनरेगा, ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं, मनरेगा जॉब कार्ड, पंचायतीराज का ढ़ांचा समेत अन्य सवाल किए गए। साक्षात्कार के दौरान एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार, जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, परियोजना निदेशक डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई, जुमे की नमाज

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। वक्फ बोर्ड के मामले के बाद जुमें की नमाज शांति पूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न हुई, इस दौरान मस्जिद के पास भारी पुलिस बल और पीएसी को तैनात किया गया। पुलिस के आलाधिकारी एलर्ट रहे। वक्फ बोर्ड के मामले को लेकर अलीगढ़ को हाई एलर्ट मोड पर रखा गया था।

### घर के अंदर फंदे पर लटका मिला महिला का शव

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। थाना विजयगढ़ क्षेत्र के गॉव नगला खजांची निवासी जगदीश की शादी करीब 12 वर्ष पहले गौरा देवी के साथ हुई थी, दंपती के तीन बच्चे हैं। बताते हैं कि बृहस्पतिवार की सुबह पति सहित परिवार के लोग खेतों में गेहूं काटने गए थे, घर पर गौरा देवी अकेले थीं, दोपहर के समय परिवार के लोग घर लौटे तो घर के अंदर जंगले के सहारे फंदे पर उनका शव लटका देखकर परिवार वालों के पैरों तले से जमीन खिसक गई।

### सिपाही की वर्दी फाड़ने वाले पर मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों से अभद्रता करने के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कर्मियों से आरोपी ने मारपीट की और ऑन ड्यूटी पुलिस कर्मी की वर्दी भी फाड़ दी। सिविल लाइंस पुलिस को 2 अप्रैल की देर शाम को 112 नंबर के माध्यम से जमालपुर आसिफ नगर में घरेलू विवाद और मारपीट की सूचना मिली थी। जिसके बाद पीआरवी 4059 पर तैनात सिपाही राहुल कुमार और हेड कांस्टेबल चालक सत्यपाल मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने आरोपी को फोन किया था। जब पुलिस ने आरोपी कासिफ जफर जुनैदी को फोन किया तो आरोपी ने फोन पर ही पुलिस कर्मियों से अभद्रता शुरू कर दी। जब पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो आरोपी कासिफ ने उनसे धक्का मुक्की और अभद्रता शुरू कर दी। उसने पीआरवी कर्मी राहुल की वर्दी भी फाड़ दी थी।

### कृष्णांजलि में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज


नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा 05 अप्रैल शनिवार को कृष्णांजलि सभागार में प्रातः 10 बजे से तहसील कोल के सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार अन्य तहसीलों में भी संबंधित एसडीएम एवं नोडल अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

### रेवाड़ी में अवैध पिस्टल समेत युवक गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। रेवाड़ी पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ घूम रहे अलीगढ़ के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी के पास मिले हथियार की जांच की तो खाली मिला।

# ईशा देओल ने किया डॉ0 राही के महाकाव्य का लोकार्पण

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। अलीगढ़ के विद्या वाचस्पति डॉक्ट्रेट मानद् उपाधि से विभूषित वरिष्ठ गीतकार डॉ॰ अवनीश राही व उनके पिता महाकवि अमर सिंह राही के संयुक्त लेखन मे रचित महाकाव्य ष्बुद्ध ज्ञान महासागरष् के नवीनतम एडिसन का भव्य लोकार्पण दिल्ली स्थित रेडीसन ब्लू पांच सितारा होटल में बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री ईशा देओल के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। सम्यक प्रकाशन नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहीं बॉलीवुड सिने अभिनेत्री ईशा देओल ने कहा कि जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर है स्वयं पर विजय प्राप्त करना। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो जीत हमेशा आपकी होगी। तथागत बुद्ध की इसी भावना से अभिभूत होकर गीतकार डॉ॰ अवनीश राही महाकवि अमर सिंह राही ने महाकाव्य बुद्ध ज्ञान महासागरष् की रचना की है। निस्संदेह इस अभूतपूर्व और पुनीत कार्य के लिए ये पिता-पुत्र की जोड़ी बधाई की पात्र है।

इस अवसर पर कवि अमर सिंह राही ने बताया कि यह महाकाव्य तथागत बुद्ध के सम्पूर्ण जीवन और दर्शन पर आधारित है जो सात कांडो में विभाजित है। वहीं गीतकार डॉ.राही ने कहा कि हमारी लोक विधाएं हमारी संस्कृति का हिस्सा रही हैं जो प्रायरू आज विलुप्त होने के कगार पर हैं। उन्हीं लोक विधाओं का भरपूर समावेश इस पावन ग्रन्थ में किया गया है। ज्ञातव्य हो कि यह पिता-पुत्र की जोड़ी भी नंबर वन है। इसके संयुक्त लेखन में तीन महाकाव्य भीम चरित मानस, बुद्ध ज्ञान महासागर और मान्यवर कांशीराम चरित मानस प्रकाशित हो चुके हैं। जिनका विमोचन राष्ट्रपति भवन में तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम डॉ. प्रणब मुखर्जी, उप-राष्ट्रपति महामहिम डॉ.हामिद अंसारी व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह आदि के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हो चुका है।

# डीएम ने विकास भवन का किया निरीक्षण



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। वह शुक्रवार को विकास भवन में आयोजित बीआरपी के लिए आवेदित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की गुणवत्ता जांचने पहुॅचे थे। उन्होंने विकास भवन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष प्रकट करते हुए कहा कि साफ-सुथरे वातावरण में कार्य करने से कार्मिकों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

इस दौरान उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय तल पर स्थापित विभिन्न कार्यालयों यथा-सूचना, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पशुपालन, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, एनआरएलएम को भी देखा। इस दौरान सीडीओ, एडीएम न्यायिक, डीडीओ, पीडी उपस्थित रहे।

# प्रो0 उजमा इरम सामुदायिक चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष नियुक्त

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जे.एन. मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर उजमा एरम को विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। वह 5 अप्रैल को अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करेंगी। प्रो0 इरम को सामुदायिक चिकित्सा के क्षेत्र में अध्यापन और अनुसंधान का दो दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने एक पुस्तक भी लिखी है तथा प्रैक्टिकल मैनुअल ऑन कम्युनिटी मेडिसिन फॉर एमबीबीएस स्टूडेंट्स में भी योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दो शैक्षणिक पुस्तकों में अध्याय लिखे हैं और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में उनके 70 से अधिक शोध पत्र तथा 22 सार संकलन प्रकाशित हो चुके हैं। वह अब तक 82 से अधिक सम्मेलनों, सेमिनारों और संगोष्ठियों में भाग ले चुकी हैं।

# तहसीलों में लगेंगे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला जज नितिन श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिले की सभी तहसीलों में विभिन्न तिथियों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। विधिक साक्षरता शिविर में महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीडन (पोक्सो एक्ट), एडीआर तंत्र, वाणिज्यिक विवाद, मीडिएशन, लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के साथ ही स्थाई लोक अदालत, उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना, टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 08 अप्रैल को तहसील कोल एवं इगलास, 09 अप्रैल को तहसील खैर एवं कोल, 10 अप्रैल को तहसील गभाना, 23 अप्रैल को तहसील इगलास एवं खैर, 24 अप्रैल को तहसील कोल एवं 25 अप्रैल को तहसील गभाना में तहसील पदाधिकारियों, तहसील बार पदाधिकारियों एवं पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, तहसील स्तर पर जारी शासकीय योजनाओं, तहसील स्तर पर संचालित योजनाओं एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह इस विधिक जागरूकता शिविर में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक हों।

## संपादकीय


# भारत पर 'जैसे को तैसा टैरिफ'

**जैसा** कि पूर्व घोषित था, उसी के मुताबिक अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26 फीसदी 'जैसे को तैसा टैरिफ' भारत पर थोपने की घोषणा की है। इसे 'मुक्ति-दिवस' कहा जा रहा है। इस जमात में जापान, वियतनाम, स्विट्जरलैंड, कंबोडिया, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, ब्राजील और सिंगापुर आदि देश भी शामिल हैं, लेकिन अमरीका ने भारत के संदर्भ में यह 'दोस्ती का ढोल' पीटने के बावजूद किया है। हालांकि भारत-अमरीका के बीच 43 लाख करोड़ रुपए का 'व्यापार सौदा' भी निर्णायक चरण में है। इस साल के अंत तक इस पर मुहर लगाई जा सकती है। क्या उस व्यापारिक विमर्श में टैरिफ का मुद्दा शामिल नहीं किया जा सकता था? एलन मस्क की टेस्ला कार, प्रीमियम बाइक हार्ले डेविडसन और अमरीकी बर्बन व्हिस्की आदि पर भारत पहले ही टैरिफ-कटौती की घोषणा कर चुका है। अमरीका अपना गेहूं, सेब, बेबी कॉर्न, मक्का सहित कई अन्य अनाज भी भारत में खपाना चाहता है। क्या भारत अनाजों की पैदावार में सक्षम नहीं है? यदि हम सक्षम हैं, तो 'जैसे को तैसा टैरिफ' झेलने या उससे डरने की कोई जरूरत नहीं है। भारत विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा सबसे बड़ा बाजार भी है। चीन भी भारत के साथ अपने कारोबारी समीकरणों, खासकर आयात, को विस्तार देने के पक्ष में है। यदि अमरीका के साथ, टैरिफ चस्पां करने के बाद, व्यापार प्रभावित होता है, तो यूरोप और एशिया में नई संभावनाएं तलाश की जा सकती हैं। भारत का 'यूरोपीय संघ' के साथ 'मुक्त व्यापार समझौता' भी आखिरी दौर में है। भारत के कुल व्यापार का करीब 14 फीसदी यूरोपीय संघ के साथ होता है, जबकि अमरीका के साथ करीब 18 फीसदी है। बहुत ज्यादा फासला नहीं है। इसे बढ़ा कर भरपाई की जा सकती है।

ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अमरीका के देश भी भारत के नए व्यापारिक साझेदार बनने को तैयार हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ को मात देने का सबसे कारगर तरीका यह है कि बाकी देश आपस में मौजूदा टैरिफ के आधार पर ही वसूली करें। इससे अमरीका दुनिया के व्यापारिक दायरे में अलग-थलग पड़ सकता है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप 'जैसे को तैसा कर' लगाकर अमरीका की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के पक्षधर हैं, जबकि यह योजना पलटवार साबित हो सकती है। अमरीका में टैरिफ घोषणा के बाद से खलबली मची है। कई क्षेत्रों के व्यापारी और उद्योगपति सकते में हैं। आशंकाएं जताई जा रही हैं कि अमरीकी अर्थव्यवस्था में 35 फीसदी मंदी के आसार हैं। औसतन हर अमरीकी परिवार पर 35,000 रुपए सालाना का बोझ बढ़ सकता है। टैरिफ से आयातित सामान महंगे हो जाएंगे। उपभोक्ता वस्तुएं, ऑटोमोबाइल और खाद्य उत्पाद आदि महंगे हो जाएंगे, नतीजतन महंगाई और उसके साथ-साथ बेरोजगारी भी बढ़ सकती है। खुद राष्ट्रपति ऐसी आशंकाएं जता चुके हैं, लेकिन उनके सलाहकारों के अनुमान हैं कि 'जैसे को तैसा टैरिफ' से अमरीका के खजाने में 43 लाख करोड़ रुपए सालाना का राजस्व आएगा। अमरीका के करीब 200 व्यापारिक साझेदार हैं। उनमें देश, प्रदेश-इलाके, क्षेत्रीय संघ आदि शामिल हैं। टैरिफ वर्ग करीब 12,500 हैं। 'जैसे को तैसा टैरिफ' के बाद कई और नए टैरिफ सामने आएंगे। अमरीकी प्रशासन के लिए उन्हें संभालना मुश्किल होगा। भारत के लिए भी नई चुनौतियां आएंगी। बहरहाल चीन की प्रतिक्रिया भी गौरतलब है। चीनी विदेश मंत्री ने ट्रंप के टैरिफवाद को 'ब्लैकमेलिंग' करार दिया है। यह अमरीका को कितना फायदा या नुकसान देता है, यह सोचने के बजाय भारत को अपने अनुकूल निर्णय लेने चाहिए।

## मुद्दा गर्म है: वक्फ संशोधन बिल

# सरकार पास, देखता रह गया विपक्ष



डॉ. घनश्याम बादल

**अभी बहुत कुछ है पर्दे के पीछे। दूर की कौड़ी लाई है भाजपा।**

भले ही इस बिल पर एनडीए में कोई ऐसा विभाजन नहीं हुआ लेकिन यह बात भी स्पष्ट उभर कर आई कि लोकसभा में 293 सदस्यों का समर्थन रखने वाली सरकार को केवल 288 मत मिले जबकि विपक्ष 232 मत लेने में सफल रहा।

अंततः केंद्र सरकार वक्फ संशोधन बिल को लोकसभा एवं राज्यसभा में पारित करने में सफल हो गई। हालांकि इसकी संभावना पहले से ही थी क्योंकि लोकसभा एवं राज्यसभा दोनों में ही एनडीए का स्पष्ट बहुमत है। फिर भी एनडीए के साथ जुड़े हुए नीतीश कुमार एवं चंद्रबाबू नायडू सहित कई दल भी ऐसे हैं जो जिनका वोटबैंक मुसलमानों में भी काफी है। ऐसे में विपक्ष कर उम्मीद कर रहा था कि इस बिल को लेकर शायद ये दल और नेता एनडीए के साथ न जाएं और इस तरह वक्फ संशोधन बिल गिर जाए। यदि ऐसा हो जाता तो फिर एक बड़ा संकट नरेंद्र मोदी एवं एनडीए की सरकार पर भी आता तब इसी बात को लेकर उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा सकता था। मगर ऐसा नहीं हुआ। भले ही इस बिल पर एनडीए में कोई ऐसा विभाजन नहीं हुआ लेकिन यह बात भी स्पष्ट उभर कर आई कि लोकसभा में 293 सदस्यों का समर्थन रखने वाली सरकार को केवल 288 मत मिले जबकि विपक्ष 232 मत लेने में सफल रहा।

राज्यसभा में भी सरकार को 96 के मुकाबले 128 मत मिले और इस तरह वक्त संशोधन बिल के कानून बनने में केवल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की औपचारिकता मात्र शेष है इस बात की पूरी संभावना है कि जल्दी ही यह बिल देश के संविधान का एक हिस्सा हो जाएगा। सरकार के वक्फ संशोधन बल के लिए जेपीसी का गठन करते ही इस बिल के समर्थन एवं विरोध की सुगबुगाहट शुरू हो गई थी तथा इसके समर्थक एवं विरोधियों दोनों नहीं कोशिश की थी कि जेपीसी के सामने अपने पक्ष को पूरी मजबूती के साथ रखा जाए और जैसा कि गृहमंत्री ने लोकसभा में बताया सरकार को लगभग एक करोड़ लोगों की राय इस संदर्भ में मिली। हालांकि इस तरह का कोई आंकड़ा प्रकाश में नहीं आया है कि इनमें से कितनों की राय इस बिल के पक्ष में थी और कितने लोग इस बिल के विरोध में थे। अब घुमा फिरा कर कुछ भी कहा जाए लेकिन सच यह है कि इस बिल के आने से जहां भाजपा एवं शिवसेना जैसे हिंदू जनाधार वाले दल आने वाले समय में बड़ा लाभ देख रहे हैं वहीं विपक्ष को आशंका है उसे घाटा होने जा रहा है और इसीलिए दोनों पक्ष अपने-अपने तरीके से इस बिल का विरोध एवं समर्थन कर रहे हैं।

बेशक, देश का संविधान सभी धर्मों को धार्मिक स्वाधीनता प्रदान करता है और अभी भी भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है। इस धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए अलग-अलग धर्मों के लोगों को उनके अधिकार दिए गए हैं। इस संदर्भ में हिंदू कोड बिल, मुस्लिम वक्फ बोर्ड एवं मुस्लिम पर्सनल लॉ के साथ-साथ



सिख, इसाई, जैन, बौद्ध एवं दूसरे धर्म के लोगों को भी अपने-अपने ढंग से अपनी धार्मिक संस्थाओं को चलाने का अधिकार दिया गया है बशर्ते कि वें संविधान की मूल भावना की खिलाफ न जाते हों।

यहां पर कई बिंदुओं को लेकर मुस्लिम समाज के राजनीतिक एवं धार्मिक नेताओं को इस बिल पर आपत्तियां है। उनका मानना है कि संशोधित वक्फ बिल वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता व धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप है और इससे संपत्ति के अधिकारों पर तो प्रभाव पड़ेगा ही राजनीतिक ध्रुवीकरण भी होगा जिससे मुस्लिम समाज हाशिए पर जा सकता है। वहीं सरकार का कहना है कि इससे वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन होगा वें वक्फ संपत्तियों का अधिक पारदर्शी और प्रभावी ढंग से इस्तेमाल कर सकेंगे। नए प्रावधानों से वक्फ संपत्तियों की खरीद-फरोख्त और उपयोग में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी जिसका लाभ अंततः है मुस्लिम समुदाय को ही होगा। खासतौर पर महिलाओं एवं पसमांदा मुसलमानों को बोर्ड में जगह मिलने से इन पर केवल अमीर एवं सक्षम तबके का ही कब्जा नहीं रह पाएगा और बोर्ड के संचालन में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

दरअसल केंद्र सरकार चाहती है कि वर्तमान में वक्फ बोर्ड जिस तरह मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं और जहां मर्जी वक्फ बोर्ड की संपत्ति होने का दावा ठोंक देते हैं उसे पर लगाम कसी जाए और बिना संशोधन के ऐसा करना संभव नहीं था। जहां ओवैसी जैसे नेता वक्फ बोर्ड में गैर मुसलमानों के शामिल होने पर ऐतराज जताते हुए हिंदू एवं सिख तथा दूसरे समाजों के बोर्ड का उदाहरण देते हैं वहीं सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक मामलों में कोई भी गैर मुस्लिम किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर पाएगा। हां, संपत्ति एवं दूसरे मामलों में दूसरे धर्मों के भी चार लोग इसमें शामिल किया जा सकते हैं जबकि बोर्ड में कुल लोगों की संख्या 22 होगी आते हैं तब भी बहुमत तो मुसलमान का ही होगा।

अब जबकि बिल दोनों सदनों में पास हो चुका है और उसका कानून बनना भी तय है तब इसके असली प्रभाव क्या पड़ेंगे यह तो समय आने पर ही पता चलेगा लेकिन फिलहाल अहमदाबाद एवं कोलकाता जैसे नगरों में जुम्मे की नमाज के बाद इसके विरोध में लोगों का प्रदर्शन करना यह तो इंगित कर ही रहा है कि राजनीतिक ज़मीन पर एक्शन शुरू हो चुका है। अब इस प्रकार के आंदोलन का भविष्य क्या होगा यह भी समय के गर्भ में है। हालांकि दूसरे प्रकरणों में यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपानीत यह सरकार ऐसे आंदोलनों से झुकने या दबने वाली नहीं है। वहीं दो बार चोट खाए मुस्लिम नेता अपने वर्चस्व तथा राजनीतिक लाभ के दृष्टिगत चुप बैठेंगे इसमें शंका है।

राजनीतिक चश्मे से देखे तो कांग्रेस, सपा, राष्ट्रीय जनता दल तृणमूल कांग्रेस आप नेशनल कांग्रेस शरद पवार, बीजू जनता दल जैसे दल इस संविधान संशोधन का समर्थन करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि मुसलमानों में उनका एक बड़ा वोट शेयर है अतः वे हरचंद कोशिश करेंगे कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को बैक फुट पर लाया जाए। यह बिल भविष्य में भी राजनीतिक दलों को धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने का मौका देगा जिससे चुनावी राजनीति प्रभावित हो सकती है। विपक्षी दल ऐसे संशोधनों को ₹अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला₹ या ₹राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का उपयोग₹ बताते हुए जनता के बीच जाएंगे और इसका कुछ न कुछ असर अवश्य पड़ेगा। आने वाले चुनावों में भी कुछ दल संशोधित वक्फ बिल को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल कर सकते हैं, इससे मुस्लिम मतदाताओं का जनाधार प्राप्त करने की राजनीतिक रणनीति बन सकती है। इसी के दृष्टिगत कांग्रेस ने तो घोषणा भी कर दी है कि वह इस बिल के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में जाएगी।

संविधान कहता है कि इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है, चुनौती मौलिक अधिकारों का उल्लंघन जैसे धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25-28), समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14), या संप्रत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 300A) के अंतर्गत दी जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन भी एक बिंदु हो सकता है। यह जनहित याचिका या रिट याचिका के रूप में भी दाखिल की जा सकती है। जहां विपक्ष संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आगे जा सकता है वहीं सरकार भी इस बिल के पक्ष में अपना पक्ष दृढ़ता से रख सकती है।

एक राजनीतिक दल के तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा संशोधित वक्फ बिल लाने का राजनीतिक उद्देश्य कई स्तरों पर समझा जा सकता है। इसके पीछे पार्टी की राजनीतिक रणनीति, वोट बैंक की राजनीति, और सांप्रदायिक संतुलन को साधने करने की मंशा हो सकती है। भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार रोकने के लिए यह विधेयक लाया गया है। यह उनकी गुड गवर्नेंस की छवि को मजबूत करने की रणनीति भी है और मुस्लिम समुदाय पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाना व हिंदू वोट बैंक को संदेश देना कि मुस्लिम संस्थाओं को विशेष अधिकार नहीं मिल सकते। यह भाजपा की बहुसंख्यक समर्थक राजनीति का हिस्सा है जिससे हिंदू वोटरों को जोड़ा जा सके। साथ ही साथ वह विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस और मुस्लिम-समर्थक माने जाने वाले दलों को बिल का विरोध करते हुए दिखाकर भाजपा यह छवि बनाना चाहती है कि वे ₹तुष्टिकरण की राजनीति₹ कर रहे हैं। इससे भाजपा खुद को राष्ट्रवादी और निष्पक्ष ताकत के रूप में और दृढ़ता के साथ प्रस्तुत करने की मंशा रखती है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बिल के पीछे भाजपा के समान नागरिक संहिता की ओर एक कदम और बढ़ाने की रणनीति भी काम कर रही है जिसे वह 2029 के चुनाव से पहले एक मुख्य मुद्दे के रूप में उछाल सके। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा को यह विधेयक खासतौर पर उन राज्यों में लाभ पहुँचा सकता है जहाँ धार्मिक आधार पर वोटों का ध्रुवीकरण होता है इन राज्यों में यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि शामिल हैं। अब कोई भी दल या नेता कुछ भी कहे यह तो सच है कि सबके अपने-अपने लक्ष्य हैं और राजनीति में लक्ष्य साधने के लिए उचित अनुचित नहीं अपितु मौकों की तलाश की जाती है। वक्फ संशोधन बिल को भी यदि इसी दृष्टि से देखा जा रहा है तो शायद गलत नहीं है।

## 5 अप्रैल : इतिहास की अहम घटनाएं

1964 नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया।

1966 इंडोनेशियाई सेना की मांग, देश संयुक्त राज्य अमेरिका से फिर से जुड़ें।

1971 अपोलो 14, तीसरे अमेरिकी मानवयुक्त चंद्रमा अभियान, फ्रा मौरो एलन शेपर्ड और एडवर्ड मिशेल (अपोलो 14) के पास की भूमि चंद्रमा पर 4 घंटे तक चलती है।

1974 किंग ने अपना पहला उपन्यास ₹कैरी₹ प्रकाशित किया।

1975 सऊदी अरब के राजा फ़ैज़ल की हत्या हुई।

1991 अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण किया गया।

1992 बोस्नियाई युद्ध-अज्ञात बंदूकधारियों ने साराजेवो में युद्ध-विरोधी प्रदर्शनकारियों की एक बड़ी भीड़ पर गोलीबारी करते हुए दो लोगों की हत्या कर दी, जो चार साल के सर्जियो की घेराबंदी की शुरुआत थी।

1993 रोल हॉल ऑफ फेम और क्लीवलैंड की चट्टान 1993 में शुरू होती है।

1994 गोल्डन न्यूयॉर्क सिटी में ₹जैकी मेसन पॉलिटिकली गलत₹ ओपन, मिशिगन 77-71 वर्ष 1993 में धड़कता है।

1996 बॉबिट को 120 दिनों के लिए लास वेगास में नजरबंद रखा गया है।

1998 जापान के आकाशी काइको ब्रिज, अवाजी आइलैंडैंड कोबे को जोड़ने, यातायात के लिए खोला गया, जो 1,991 मीटर (6,532 फीट) की मुख्य अवधि के साथ दुनिया का सबसे लंबा निलंबन पुल बन गया।

1999 इराक में वियाग्रा पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा, मलेशिया में 'हेन्ड्रा' नामक वायरस से बचाव के लिए 8 लाख 30 हज़ार सूअरों की सामूहिक हत्या किये जाने का कार्यक्रम प्रारम्भ।

2009 देश संगीत पुरस्कार का 44 वा अकादमी: कैरी अंडरवुड और ब्राड पैसले ने जीता।

2009 उत्तर कोरियाई उपग्रह क्वांगम्योंगसॉन्ग -2 को टोंगहै सैटेलाइट लॉन्चिंग ग्राउंड से लॉन्च किया गया था और जापान के ऊपर से गुजरा था, अन्य देशों द्वारा स्पार्किंगकोनार्न्स कि यह इंटरटेन्कोलॉजी का ट्रायल रन हो सकता था जिसे इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिकमिसाइल लॉन्च करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था।

2010 अमेरिकी राज्य वेस्ट वर्जीनिया के कोयला खदान में विस्फोट से 22 लोगों की मौत हुई।

2010 तेहरान में 17-18 अप्रैल को होने वाले दो दिवसीय परमाणु निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भाग लेने के लिए 60 देशों को आमंत्रित किया गया था। चीन का कहना है कि वह वर्ष2010 में भाग लेगा।

2011 वर्ष 2011 में इडाहो हाउस ऑफ प्रतिनिधियों में 20 सप्ताह से अधिक पुराने झगड़े के गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल।

2011 अमेरिकी डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी ने वर्ष 2011 में FLORIDA कांग्रेसवुमन डेबी वास्समैन शुल्त्स चेयरमैन की नियुक्ति की।

2012 स्काईन्यूज ने इसे अवैध रूप से हैक किया गया ईमेल माना है जो वर्ष 2012 में दो अलग-अलग अवसरों पर जनता के सदस्यों से संबंधित था।

2012 ईरान पर विश्व प्रतिबंधों को जारी रखने के लिए एक चीनी कंपनी जो जहाजों का बीमा करती है, वर्ष 2012 में ईरानी तेल ले जाने वाले टैंकरों को रोकना बंद कर देगी।

2014 ऑस्कर विजेता लुपिता न्योंग ओ, 12 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए एक विजेता, लैंसम में वर्ष 2014 में अपने नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हुई।

2015 अमेरिकी अभिनेत्री जूलिया विल्सन का निधन हुआ।

## समसामयिक

# ट्रंप का टैरिफ फॉर्मूला जैसे को तैसा?



ऋषभदेव शर्मा

**2 अप्रैल,** 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक व्यापक 'रेसिप्रोकल' शुल्क नीति की घोषणा की। इसके तहत अमेरिका में सभी आयातों पर 10% का 'मूल' शुल्क लगाया गया और कुछ देशों पर 'अधिक' शुल्क निर्धारित किया गया, जिसमें भारतीय माल पर 26% शुल्क शामिल है। उनका कहना है कि इस तरह वे कथित अनुचित व्यापार प्रथाओं को ख़त्म करके घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे सकेंगे। उन्हें जिन देशों से यह शिकायत है कि वे अमेरिकी माल पर ऊँचा टैरिफ लगाते हैं, रेसिप्रोकल टैरिफ उनके लिए जैसे का तैसा जवाब है। लेकिन सयानों को लगता है कि यह बड़ी हद तक 'अमेरिका फर्स्ट' के नाम पर दुनिया की ऐसी-तैसी करने के प्लान का एक हिस्सा है। यह अलग बात है कि दाँव उल्टा पड़कर आत्मघाती भी सिद्ध हो सकता है। पर शायद दोबारा सत्ता में आने पर ट्रंप महोदय को सावन के अंधे की तरह बस हरा ही हरा दिख रहा है!


ख़ैर, फिलहाल तो डोनाल्ड ट्रंप की इस घोषणा ने वैश्विक बाज़ारों में हलचल मचा दी है। भारत की अर्थव्यवस्था, अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्तों और घरेलू राजनीति पर इसके व्यापक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ग़ौरतलब है कि भारतीय उत्पादों पर 26% शुल्क पहले के औसत अमेरिकी शुल्क (जो आमतौर पर 2% से कम था) की तुलना में बहुत ज़्यादा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न-आभूषण और ऑटो पार्ट्स जैसे कई अहम क्षेत्रों पर कुछ ज़्यादा ही विपरीत असर पड़ना लाज़मी है।

दरअसल, इस घोषणा से वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता पैदा हो गई है। प्रमुख सूचकांक जैसे नैस्डैक, एस एंड पी 500 और डॉव जोन्स में दिखाई दे रही गिरावट से व्यापारिक तनाव बढ़ने और संभावित वैश्विक आर्थिक मंदी को लेकर निवेशकों की चिंताओं का पता चलता है। सयाने ₹स्टैगफ्लेशन₹ (अर्थव्यवस्था में ठहराव और मुद्रास्फीति का मेल) के ख़तरे की चेतावनी दे रहे हैं। लगभग तय समझिए कि ऊँचे शुल्क से आर्थिक वृद्धि धीमी हो जाएगी और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएँगी। भारत के लिए, इन शुल्कों से निर्यात राजस्व में गिरावट हो सकती है, जिससे व्यापार संतुलन प्रभावित होगा और निर्यात-आधारित उद्योगों में नौकरियों का नुकसान हो सकता है। अमेरिकी बाज़ार में भारतीय माल की बढ़ी हुई लागत अमेरिकी आयातकों को सस्ते सप्लायरों की ओर रुख करने के लिए उकसाएँगी। यानी, भारतीय निर्यातकों पर दबाव और बढ़ सकता है।

कहना न होगा कि भारत में घरेलू स्तर पर, ट्रंप का यह टैरिफ वॉर/वार सरकार के लिए बड़ा सिरदर्द साबित होने वाला है। कई राज्यों में निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। केंद्र सरकार के सामने इससे पहले इन शुल्कों के आर्थिक असर से निपटने की गंभीर चुनौती है। विपक्ष ने तुरंत सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया है कि वह न तो अमेरिकी नीति का सही पूर्वानुमान लगा सकी और न ही व्यापार शर्तों को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर सकी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने कथित चाटुकारिता से उबरने और अमेरिका के साथ त्वरित कूटनीतिक बातचीत तथा भारत की व्यापार नीति की पुनः समीक्षा की माँग की है।

भारत सरकार के लिए उम्मीद की एकमात्र किरण यह है कि यह स्थिति आपदा में अवसर साबित हो जाए। तात्कालिक प्रभाेव बेशक नकारात्मक हैं, लेकिन सरकार चाहे तो इस स्थिति का उपयोग बहुप्रतीक्षित व्यापार नीति सुधारों को लागू करने के लिए कर सकती है। 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत भारत के घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मजबूत करना और यूरोपीय संघ व दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों जैसे अन्य ग्लोबल भागीदारों के साथ व्यापारिक रिश्तों का विस्तार करना, अमेरिकी टैरिफ के असर को कम करने में सहायक हो सकता है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तो तेज़ी और दृढ़ता से काम करने की ज़रूरत है ही।

# मुद्दा गर्म है: लोकतंत्र बनाम राजशाही, खतरनाक मोड़ पर नेपाल



डॉ. घनश्याम बादल

भारत इस समय अपने पड़ोस के हिसाब से उबलते हुए कडाहों के बीच खड़ा दिख रहा है। आजादी के बाद से ही पाकिस्तान नाम का प्रेत उसके पीछे पड़ा है जिसे बार-बार सबक सिखाने के बावजूद भी वह बाज नहीं आता। 1971 के विभाजन एवं बांग्लादेश निर्माण के बाद लंबे समय तक यह दर्द आधा रहा क्योंकि बांग्लादेश भारत के साथ रहा लेकिन बांग्लादेश का रुख भी समय-समय पर बदलता रहा है एवं वह भी मौका मिलतए ही भारत को आंख दिखाता रहा है।

नेपाल जो कि हर तरह से भारतीय सभ्यता संस्कृति तथा भौगोलिक सीमाओं की दृष्टि से भी भारत के सबसे नज़दीक रहा है उसके भी रुख में परिवर्तन दिखाई दिया और वह भी चीन के प्रभाव में आता दिखाई दिया है। वहां पेड़ के पत्तों की तरह बदलती हुई सरकारों के साथ जब पुष्प कमल दहल प्रचंड के हाथ में सत्ता आई तो भारत का जबरदस्त विरोध हुआ मगर उनका हश्र अच्छा नहीं रहा।

अब एक बार फिर से नेपाल चर्चा में है और इस बार चर्चा का सबब है वहां महज़ 16- 17 साल बाद ही लोकतंत्र के प्रति अविश्वास दिखाते हुए राजशाही के पक्ष में एक हिंसक जन आंदोलन खड़ा हो गया है और इन आंदोलनकारियों की मांग है कि नेपाल में पुनः राजशाही की स्थापना हो एवं उसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए।

विश्व में कुछ ही देश ऐसे हैं जहाँ हिंदू धर्म के अनुयायी बाहुल्य में है। इनमें से नेपाल और भारत सबसे महत्वपूर्ण हैं। भारत में हिंदू जनसंख्या लगभग 80% है। भारत हिंदू धर्म का जन्मस्थान है। यहाँ हिंदू संस्कृति, त्योहार, परंपराएँ, और मंदिरों की भरमार है। हालाँकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन हिंदू धर्म यहाँ की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना में गहराई से जुड़ा हुआ है। जबकि नेपाल में हिंदू जनसंख्याः लगभग 81% है नेपाल ही कभी एकमात्र घोषित हिंदू राष्ट्र था मगर 2008 में नेपाल को राजशाही से गणराज्य धर्मनिरपेक्ष घोषित कर दिया गया। हालांकि आज भी नेपाल की अधिकांश आबादी हिंदू है।

1990 के दशक से ही नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की मांग हो रही थी, जिसके चलते 1990 में संवैधानिक राजतंत्र स्थापित हुआ। 1996 से 2006 तक माओवादियों का सशस्त्र संघर्ष चला, जिसमें उन्होंने राजशाही को हटाकर लोकतंत्र की स्थापना की मांग की। 2001 में सनसनीखेज ढंग से राजा बीरेन्द्र और उनके परिवार की हत्या के बाद राजा ज्ञानेन्द्र ने सत्ता संभाली। इस घटना से जनता में राजशाही के प्रति अविश्वास बढ़ा। यह विश्वास और भी मुखर तब हुआ जब 2005 में राजा ज्ञानेन्द्र ने लोकतांत्रिक सरकार को बर्खास्त। कर सत्ता अपने हाथ में ले ली, इससे जनता में असंतोष बढ़ा। 2006 में नेपाल में व्यापक जनआंदोलन हुआ, जिसमें प्रमुख राजनीतिक दलों और नागरिकों ने भाग लिया। इसके परिणामस्वरूप राजा ज्ञानेन्द्र को सत्ता छोड़नी पड़ी और 2008 में नेपाल को गणराज्य घोषित कर दिया गया।




इस तरह नेपाल में लोकतंत्र की तो स्थापना हो गई लेकिन वहां इन वर्षों में कभी भी लंबे समय तक एक स्थाई सरकार नहीं रह पाई और देश ने इस छोटे से कालखंड में ही 11 प्रधानमंत्री बनते देखे। इस फेल्योर के चलते वहां की जनता त्रस्त रही एवं विकास की गाड़ी भी तेजी से नहीं दौड़ पाई जिसके सपने जनता को लोकतंत्र की स्थापना के समय दिखाए गए थे।

बी पी कोइराला के बाद से तो ऐसा लगा कि जैसे राजनीतिक दलों ने तय कर लिया था कि किसी भी व्यक्ति को साल डेढ़ साल से अधिक प्रधानमंत्री पद पर टिकने ही नहीं देंगे। के पी शर्मा ओली एवं पुष्प कमल दहल प्रचंड को छोड़ दें तो कोई भी प्रधानमंत्री 2 वर्ष से अधिक का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। अब चाहे वह गिरिजा प्रसाद कोइराला रहे हो या बाबूराम भट्टराई कुछ तो 'आज आए और कल गए' की तर्ज पर आते - जाते रहे।

अस्तु, कह सकते हैं कि नेपाली लोकतंत्र ने जनता को निराश किया और इसके चलते धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में भी उनकी आस्था घटती गई क्योंकि उनको लगता है कि राजशाही के नियंत्रण में यदि लोकतांत्रिक सरकार बनी तो उन्होंने काफी अच्छा काम किया जबकि स्वतंत्र रूप से बनने वाली सरकारें न टिकी और न ही काम कर पाई।

इसी निराशा के चलते हाल के वर्षों में नेपाल में एक वर्ग राजशाही की पुनःस्थापना की मांग करने लगा। राजनीतिक अस्थिरता के साथ-साथ ही बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से परेशान जनता राजशाही को एक स्थिर विकल्प के रूप में देखने लगी। नेपाल की सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाएँ भी इसकी वजह बनी। आज नेपाल के कई समूह उसे फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने का ख्वाब देखने लगे हैं और इसके लिए राजशाही की वापसी को ज़रूरी मानते हैं।

कुछ लोग मानते हैं कि नेपाल में राजशाही व्यवस्था स्थिरता और राष्ट्रीय एकता के लिए आवश्यक है। हांलांकि यह भी उल्लेखनीय है कि जब 2001 में राजशाही परिवार का कत्ल हुआ तब ज्ञानेंद्र पर ही सबसे अधिक उंगलियां उठी थी एवं यह माना गया था कि राज परिवार हत्याकांड में उनकी प्रमुख भूमिका थी लेकिन उनके राजा बनने के चलते यह सब बातें नेपथ्य में चली गईं। बाद में उन्हें मजबूर होकर देश को लोकतांत्रिक राज्य घोषित करना पड़ा लेकिन वहां के नेताओं की महत्वाकांक्षाओं एवं जनता के असंतोष के चलते एक बार फिर से उनकी अपील पर लोग सड़क पर उतरे हुए हैं।

हालांकि राजशाही समर्थक आंदोलन को अभी तक भी बहुत व्यापक जनसमर्थन नहीं मिला है, लेकिन यदि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता बनी रहती है, तो यह आंदोलन और तेज होने की संभावनाएं बलवती लगती हैं। यद्यपि यह भी सच है कि नेपाल के संविधान और मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में राजशाही की वापसी आसान नहीं होगी।

अब यह मांग भले ही पूरी न हो लेकिन यह आंदोलन इस बात को ज़रूर रेखांकित करता है कि यदि लोकतंत्र में नेता केवल अपने व दलगत स्वार्थों को ही पूरा करने में लगे रहेंगे तो फिर उनका टिके रहना संभव नहीं है और ऐसे में वे कालपार हो चुकी राजशाही तक से भी उम्मीदें लगा बैठते हैं। इस घटनाक्रम को देखते हुए भारत को भी सजगता पूर्वक नेपाल के घटनाक्रम पर कड़ी निगाह रखनी होगी।

खबरें फटाफट

## कानपुर टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में शहर भर के अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया



कानपुर टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में शहर भर के अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम संघ के सदस्यों के बीच भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत में महामंत्री अमित शुक्ला एडवोकेट ने कहा हमारा संघ ही एकमात्र ऐसा संघ है जो होली मिलन समारोह के साथ-साथ ईद मिलन समारोह को भी भव्यता के साथ मनाता है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हम धर्म, संप्रदाय और संस्कृति के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ संस्थापक सदस्य दिनेश प्रकाश ने भी अपनी बात रखते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ता है और हमें एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में काम करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष,पूर्व महामंत्री संजय गुप्ता,के एल दीक्षित,पंकज शुक्ला,सदाकत हुसैन,जावेद अहमद,मोहम्मद आरिफ,एस एस निगम,मोहम्मद इकलाख,हरिओम गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव,डॉ एस मनु सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चलाया गया साफ-सफाई, जागरूकता अभियान

कानपुर। कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० के मार्गदर्शन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न विभागों के समन्वय से साफ सफाई, एंटी लार्वा छिङकाव तथा अन्य संबंधित गतिविधियां विभिन्न गांवों, कस्बों, नगर निकायों में करायी जा रही है। इसी प्रकार आज नगर पालिका पुखरायां, ग्राम पंचायत गुजराई, ग्राम पंचायत भरतपुर प्यासी, ग्राम पंचायत बिलसरायां, ग्राम पंचायत देवरा, विकास खण्ड राजपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बम्हनौती, सैदलीपुर, मुडेरा, ग्राम पंचायत चौकी, ग्राम पंचायत मुतैहरापुर, बीमापुर, डुड़यिमऊ, छतेनी, बरगवां, बिहारी, जलालपुर, सिथरा बुजुर्ग, मकरंदरपुर, बिरमा, अंडवा, मावर, अनंतापुर, गुलौली, तुर्कीमऊ, मुरलीपुर, अकोड़ी आदि में नालियों की साफ सफाई, एन्टी लार्वा का छिड़काव, कूड़ा उठान आदि कार्य किया गया। इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा ग्राम बीबापुर, मलरार ब्लाक के चौकी, डेरापुर के सिवठा, ग्राम कुवंरपुर, डिडौलिया, ग्राम धार में कृषकों को संचारी रोग अभियान के अन्तर्गत चूहा एवं छछून्दर नियंत्रण की जानकारी दी गयी।



# जिलाधिकारी ने जिला पंचायत और सिंचाई विभाग ऑफिस में छापेमारी की कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर में DM ने जिला पंचायत और सिंचाई विभाग ऑफिस में छापेमारी की। सुबह-सुबह ऑफिस में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह को देखते ही कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। DM ने अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया। सुबह 10 बजकर 40 मिनट तक दोनों विभागों में 16 कर्मचारी ऑफिस नहीं पहुंचे थे। जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी गायब कर्मचारियों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिया।

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह शुक्रवार सुबह सवा दस बजे जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। सबसे पहले अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया। 7 कर्मचारी बिना बताए ऑफिस से नदारद मिले। उन्होंने अटेंडेंस रजिस्टर में सभी का अबसेंट लगा दिया।

जिला पंचायत कार्यालय के बाद डीएम सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने अटेंडेंस रजिस्टर चेक किया। इसके बाद नाम बोलकर हाजिरी लगाई। इस दौरान 9 कर्मचारी समय आफिस नहीं पहुंचे थे। डीएम ने उन सभी कर्मचारियों को अबसेंट कर दिया। उन्होंने कहा- सभी का आज का वेतन काटा जाएगा। बता दें यहां पर कुल 14 कर्मचारियों का स्टाफ है।

सुबह 10 से 12 के बीच जनता दर्शन में रहे अधिकारी

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा- सुबह 10 से 12 बजे के बीच जनता दर्शन के लिए सभी अधिकारियों को मौजूद रहना होता है। मंडलीय समीक्षा में भी में 23 मार्च को सीएम ने इसके निर्देश दिए थे। इसको लेकर मैंने जिला पंचायत और सिंचाई कार्यालय का निरीक्षण किया। दोनों जगह करीब 16 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सिंचाई विभाग के एसई राकेश चौबे भी नहीं थे। यहां अनुशासन की कमी दिखाई दे रही है। जो बिना अनुमति के गैरहाजिर हैं उनका वेतन काटा जाएगा।

# नंदा निवादा गांव में कंबाइन मशीन से निकली चिंगारी ने गेहूं की फसल को जलाया



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। कानपुर के बिल्हौर तहसील में एक बड़ा हादसा सामने आया है। अनेई ग्राम पंचायत के नंदा निवादा गांव में कंबाइन मशीन से निकली चिंगारी ने गेहूं की फसल को जला दिया। शुक्रवार को ओमप्रकाश अवस्थी के खेत में गेहूं की कटाई चल रही थी। इसी दौरान कंबाइन मशीन से निकली चिंगारी ने फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देखते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया। उन्होंने ट्रैक्टर से जलती फसल के आसपास जुताई की और पानी का छिड़काव किया। इस हादसे में मनोज कुमार अवस्थी, सर्वेश अवस्थी, प्रेमचंद त्रिवेदी और प्रेम नारायण त्रिवेदी की करीब 20 बीघा फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड जब तक मौके पर पहुंची, तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा चुके थे।

# वक्फ संशोधन बिल पास होने से अल्पसंख्यक वर्ग को मिलेगा लाभ: जिलाध्यक्ष



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड संशोधन बिल 2025 कैबिनेट की मंजूरी के बाद लोकसभा एवं राज्यसभा में बहुमत के साथ पारित होने पर शुक्रवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुभव कटियार ने मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी कर आम जनमानस को बधाई दी।

जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के शोषित वंचित पीड़ित तबके को भाजपा ने समानता एवं सामाजिक न्याय दिलाने का काम किया है ।

मोर्चा प्रभारी एवं जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा ने कहा कि वर्षों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत हुआ है, इस विधेयक के माध्यम से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियाँ अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होने वाली हैं। इससे निश्चित ही मुस्लिम समुदाय के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय मंत्री विनोद पाल, महामंत्री शिवम कुशवाहा, अजय, कार्यक्रम संयोजक अंकित सैनी, मंडल अध्यक्ष अजय राजपूत, धरमू पाल, रोहित सैनी, अमित गुप्ता, मिथुन, अभिषेक पाल, राहुल वर्मा के साथ ओबीसी मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।।

# कानपुर में देर रात ठांय-ठांय, बदमाशों के साथ पुलिस की बड़ी मुठभेड़

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर _ चकेरी थाने की पुलिस ने गुरुवार कि रात को मुठभेड़ में शातिर लुटेरे अमन कटियार उर्फ अमन सिंह के पैर में गोली मारकर गिराया वहींअमन शातिर लुटेरा और अपराधी किस्म का था जो कि काफी समय से फरार चल रहा था वहीं अमन की तलाश में पुलिस लगी हुई थी, अमन की लोकेशन मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की तो शातिर ने पुलिस को देखते ही सीधे फायर करना शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करके अमन के पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया। जबकि उसका एक साथी मौके से फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस को मौके से बाइक, पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है.

डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मंगला विहार निवासी अमन सिंह उर्फ अमन कटियार शातिर अपराधी है। लूट के मामले में शातिर अमन फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में पुलिस और सर्विलांस की टीम लगी हुई थी। गुरुवार रात को टीम ने सूचना के आधार पर सनिगवां के अलखनंदा रोड पर रेलवे अंडरपास के पास घेरेबंदी कर बाइक सवार अमन कटियार और उसके साथी को घेर लिया.खुद को घिरते देख अमन ने सीधे पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया.इसके बाद चकेरी पुलिस ने जवाबी फायरिंग में अमन के दाएं पैर में गोली मारकर उसे अरेस्ट कर लिया। जबकि उसका साथी मौका पाकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपित के पास से एक पिस्टल, कारतूस समेत बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपित को प्राथमिक उपचार के लिए कांशीराम अस्पताल भेजा। वहीं डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपित अमन कटियार ने वर्ष 2024 में काजीखेड़ा में अपने साथी सफीपुर निवासी बुग्गा समेत अन्य साथी युवक रोहित गौतम को मारापीटा था और उस पर फायर झोंक दिया था। जिसमें रोहित के हाथ की एक उंगली उड़ गई थी। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ नौबस्ता, जाजमऊ, चकेरी समेत अन्य थानों में लूट, हत्या के प्रयास, बमबाजी करने समेत अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं।

## आईपीएल में सट्टा खिलवा रहे दस सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कानपुर। आईपीएल में सट्टा खिलवा रहे 10 सटोरियों को सेंट्रल जोन पुलिस और सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से 16,61,500 रुपये नकद तेरह एंड्राइड मोबाइल, ग्यारह केपैड फोन, एक लैपटॉप, छह पासबुक पांच चेकबुक, एक वीजा प्लेटिनम कार्ड, एक पासपोर्ट, पांच नोटबुक और छह रजिस्ट्री पेपर बरामद किए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को डीसीपी वेस्ट आरती सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। पुलिस उपायुक्त पश्चिम आरती सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि बिठूर थाना अंतर्गत मंधना इलाके में अमन तिवारी उर्फ मून के घर कई दिनों से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सट्टा खिलाये जाने की सूचना मिल रही थी। सटोरियों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए बिठूर पुलिस और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और केकेआर के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच के दौरान पुलिस मौके पर पहुंची।

# देशी शराब ठेका खोले जाने का स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने किया विरोध



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर। ,बर्रा-8 के चौधरी हरमोहन सिंह चौराहे के पास देशी शराब ठेका खोले जाने का स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया है। बर्रा-8 व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमित बाजपेई के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में लोगों ने शराब ठेके को हटाने की मांग की और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

अमित बाजपेई ने बताया कि इस क्षेत्र में निजी अस्पताल,विद्यालय,मंदिर और बाजार के लिए प्रमुख मार्ग होने के बावजूद शराब ठेका खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि चौराहे के दूसरी ओर पहले से ही एक शराब ठेका मौजूद है, जिसके कारण लोग वहां से गुजरने में असहज महसूस करते हैं। नए ठेके के खुलने से आने-जाने वालों का

### विरोध प्रदर्शन में लोगों ने शराब ठेके को हटाने की मांग की

आवागमन और मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा,शराबियों के उत्पात से व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित होगा जैसा कि पहले से देखा जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा,''हम शराब ठेका नहीं चलने देंगे। अगर इसे नहीं हटाया गया तो हम आंदोलन करेंगे। वही विरोध प्रदर्शन में संजय सिंह,रम्मी सक्सेना,आशीष दीक्षित,राजन सक्सेना, विवेक,राजा,प्रिंस सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए। गौरतलब हो कि यह मुद्दा क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत दे रहा है, और स्थानीय प्रशासन पर इस समस्या के समाधान के लिए दबाव बढ़ रहा है।



## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद

डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'

Mob:-9760800271

मेष : आज का आपका दिन आपके लिए आय की दृष्टि से उत्तम रहेगा । आय के नवीन स्रोत बनेंगे । कई बार क्रोध आने के अवसर भी आएंगे ,अच्छा रहे की क्रोध से बचें ।रक्तचाप की समस्या हो सकती है। परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहेगा ।

वृषभ : आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदाई है । परिश्रम व संघर्ष अधिक रहेगा और उसकी तुलना में परिणाम अपेक्षाकृत कम मिलेगा, किंतु परिश्रम जारी रखें। खान-पान का विशेष ध्यान रखें ।संभव है पेट की तकलीफ महसूस करें। फालतू व्यय हो सकता है बेहतर है आज किसी को उधार न दें ।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए शुभ साबित होगा । लाभ का योग है । कार्यक्षेत्र में कार्य के नवीन अवसर आएंगे । परीक्षा परिणाम अनुकूल रहेगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए संघर्ष और मानसिक तनाव वाला रहेगा ।यद्यपि आय के नवीन स्रोत बनेंगे। फिर भी आज भाग - दौड़ शारीरिक व मानसिक कष्ट संभव है। मन में आशा का भाव रखें। यथा संभव प्रयास करें कि सोच समझकर ही निर्णय लें । आज का दिन मानसिक रूप से परेशानी भरा रहेगा । अनावश्यक क्रोध व चिड़चिड़ापन महसूस करेंगे । आज खुद को संयम में रखें ।

सिंह : आज का दिन आपके लिए शुभ साबित होगा ,यद्यपि क्रोध अधिक आएगा, फिर भी समझदारी से उसे नियंत्रित करके आप आज का दिन अच्छा बना लेंगे ।नवीन कार्य क्षेत्र में प्रवेश करने की लिए आज का दिन अच्छा है ।परिणाम दुखद रहेगा।

कन्या : आज आपका दिन आपके लिए शुभ साबित होगा ।परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। यात्रा का योग है ।वाहन खरीद का भी योग रहेगा। लाभ का दिन है ।आज कोई ना कोई खुशखबरी आपको जरूर मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखें ।

तुला : आपका आज का दिन उत्तम साबित होने जा रहा है विशेषकर पढ़ाई व नौकरी के मामले में। परिश्रम का अच्छा परिणाम मिलेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए संघर्ष भरा साबित होगा ।स्वास्थ्य से परेशान हो सकते हैं। रक्त चाप बुखार आदि की समस्या हो सकती है। फालतू व्यय होगा । धन हानि भी संभव है। आज क्रोध बहस या जिद्द से बचें। आज बिल्कुल भी उधार ना दें।

धनु : आज आपका का दिन मध्यम शुभ रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा, फिर भी किसी बात पर अनबन संभव है। परिवार में टकराव के भी योग हैं ।आज बुद्धिमत्ता से काम लें। बाहर के खाने से बचें। पेट में दर्द संभव है ।खान-पान पर विशेष ध्यान दें ।

मकर : आज आपका दिन तनाव भरा रहेगा। उच्च अधिकारी से किसी बात पर अनबन संभव है ,अच्छा रहे कि उच्च अधिकारी की बात मान लें । पैर या पेट में दर्द या एलर्जी की समस्या संभव है।

कुंभ : आज आपका दिन विशेष शुभ रहेगा, यद्यपि परिश्रम अधिक रहेगा फिर भी भाग्य के नवीन अवसर बनेंगे ।पढ़ाई व परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। यह नवीन कार्य क्षेत्र में प्रवेश का दिन है ।यदि कोई नया प्रोजेक्ट शुरू करना चाहते हैं ,तो आज का दिन अच्छा रहेगा । फिर भी कोई भी निर्णय सोच विचार कर ही करें। पैरों में दर्द संभव है।

# वक्फ संशोधन अधिनियम बिल पारित होने के मद्देनजर मुरादाबाद में ड्रोन की निगरानी में हुई जुम्मे की नमाज

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



मुरादाबाद। लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन अधिनियम बिल पारित होने के बाद शुक्रवार को मुरादाबाद में जुम्मे की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। आज जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज शांति से सम्पन्न हुई। पूरे इलाके में ड्रोन कैमरों की मदद से भी निगरानी की गई।

उप्र के पुलिस महानिदेशक ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में वक्फ बिल के विरोध को देखते हुए सभी जिलों में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया था। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, मुजफ्फरनगर, कानपुर, लखनऊ, बहराइच, वाराणसी, आजमगढ़ जैसे जनपदों में हाई अलर्ट घोषित है। इसी वजह से आज जुमे की नमाज को लेकर मुरादाबाद में पुलिस प्रशासन पूरी तरह एलर्ट रहा। जिले के सभी सर्किल के सभी थाना क्षेत्र में शहर से लेकर गांव तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

शांतिपूर्ण नमाज सम्पन्न होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि आज सुबह से सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, बीट प्रभारी अपनी-अपनी टीमों के साथ शहर और देहात क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते रहे। एसएसपी ने आगे बताया कि मुरादाबाद महानगर में जामा मस्जिद चौराहा हमेशा जाम से घिरा रहता था और किसी भी विषय को लेकर यहां धरना प्रदर्शन किए जाते थे लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। अब यह जामा मस्जिद का चौराहा जाम मुक्त हो गया है और यहां अक्सर होने वाले धरने प्रदर्शन भी आपसी बातचीत के बाद बन्द हो गए हैं।

इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह आदि पुलिस प्रशासनिक अधिकारी व नागरिक सुरक्षा के वार्डन मौजूद रहे।

# साल 2020 की फर्जी मुठभेड़ दिखाकर दो युवकों को जेल भेजने के मामले में फंस गई कानपुर पुलिस

### पुलिस ने एक पुराने मामले के तमंचे को मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपियों के पास बरामदगी दिखा कर कोर्ट में पेश किया

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**




कानपुर। कानपुर पुलिस साल 2020 की फर्जी मुठभेड़ दिखाकर दो युवकों को जेल भेजने के मामले में फंस गई। पुलिस ने एक पुराने मामले के तमंचे को मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपियों के पास बरामदगी दिखा कर कोर्ट में पेश किया। तमंचे पर 2014 को सीजेएम कोर्ट द्वारा तमंचा सीन किया जाना दर्ज था। जिसे जज ने पकड़ लिया और फर्जी मुठभेड़ की पोल खुल गई।

कोर्ट ने पुलिस टीम पर केस दर्ज कर जांच कराने के आदेश पुलिस कमिश्नर को दिए हैं। दूसरे मामले का तमंचा मुठभेड़ में कैसे दिखा दिया गया, इसकी 3 माह में रिपोर्ट मांगी है। वहीं कोर्ट ने फर्जी मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया। पुलिस ने चार साल पहले फर्जी मुठभेड़ की थी।

मुकदमे में कहा गया- 21 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन नजीराबाद थाना प्रभारी ज्ञान सिंह दरोगा सुरजीत सिंह, हमराह मुकुंद पटेल, हेड कांस्टेबल ब्रजेश कुमार व चालक कांस्टेबल अमित कुमार के साथ मरियमपुर के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इस दौरान काकादेव की ओर से आ रही बाइक को उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार दो युवक मरियमपुर अस्पताल की ओर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक सवार युवक विजय नगर चौराहे से मुड़ कर अर्मापुर एस्टेट की ओर भागने लगे।


इस दौरान वायरलेस पर उन्होंने सूचना दी, तभी अर्मापुर एस्टेट गेट के पास वाहन तत्कालीन अर्मापुर थाना प्रभारी अजीत कुमार वर्मा खड़े थे। जिनको देखकर युवकों ने अर्मापुर एस्टेट गेट के अंदर बाइक मोड़ दी। 500 मीटर दूर तक पीछा करने पर पुलिस ने केंद्रीय विद्यालय के सामने चौराहे पर घेर लिया।

सरेंडर करने की बात कहने पर युवकों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों युवकों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को अरेस्ट कर अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम इंद्रा नगर कच्ची बस्ती निवासी अमित व कुंदन बताया था। आरोपियों के पास तमंचा और बाइक बरामद हुई थी।

तत्कालीन इंस्पेक्टर नजीराबाद ज्ञान सिंह ने अर्मापुर थाने में आरोपियों के खिलाफ अर्मापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेजा था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रवि प्रकाश पाठक ने बताया- पुलिस ने अमित व कुंदन से बरामद तमंचा कोर्ट में जब पेश किया तो उसमें पहले से ही काले स्केच पेन से मई 2014 को सीएमएम कोर्ट द्वारा तमंचा सीन किया जाना दर्ज था। बचाव पक्ष ने कागजात पेश कर बताया कि सरकार बनाम ऋषभ श्रीवास्तव के मुकदमे में यह तमंचा दिखाया गया था। सीएमएम कोर्ट से अगस्त 2018 में अभियुक्तों को बरी किया जा चुका है। यह तमंचा मालखाने में होना चाहिए था और अपील की अवधि खत्म होने के बाद नष्ट हो जाना चाहिए था। यह तमंचा इस मुकदमे के अभियुक्तों के पास से कैसे बरामद हो गया। इसका जवाब किसी के पास नहीं था।

# उमर अब्दुल्ला सरकार ने नई दिल्ली के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है: महबूबा मुफ्ती





श्रीनगर (भाषा) पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ सरकार जरूरी मुद्दों पर रुख अपनाने के बजाय इस बात पर ध्यान दे रही है कि सरकार और उपराज्यपाल के बीच अधिकारियों का तबादला करने का अधिकार किसके पास है।

मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार पर नई दिल्ली के सामने ह्यआत्मसमर्पणह्ल करने का भी आरोप लगाया।

मुफ्ती ने कहा, लोगों ने सोचा था कि जब नई सरकार आएगी, तो वह उनके अधिकारों की रक्षा करेगी। मुफ्ती ने यहां संवाददाताओं से कहा, दुर्भाग्य से छह महीने हो गए हैं, लेकिन सरकार ने जेलों में युवाओं की दुर्दशा, हमारे कर्मचारियों की बर्खास्तगी, दिहाड़ी मजदूरों के मुद्दों या बेरोजगारी के बारे में बात नहीं की। सरकार ने हर चीज में कायरता दिखाई है।

पीडीपी अध्यक्ष ने केंद्र के साथ टकराव नहीं चाहने की अब्दुल्ला की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि नेकां सरकार उन मुद्दों के बारे में बात करने से भी डरती है, जिनके लिए लोगों ने उन्हें सत्ता में लाने के लिए चुना था। उन्होंने कहा, जब वे (नेकां सत्ता में) आए, तो उन्होंने कहा कि वे केंद्र सरकार के साथ टकराव नहीं चाहते हैं। कोई भी दिल्ली के साथ टकराव नहीं चाहता। लेकिन आप पहले ही आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आप उन मुद्दों पर बात करने से भी डरते हैं, जिनके लिए लोगों ने आपको चुना था। मुफ्ती ने कहा कि जब मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले विभाग के कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया तो उन्होंने कुछ नहीं कहा।

उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा हाल ही में किए गए तबादलों की पृष्ठभूमि में नेशनल कॉन्फ्रेंस और उसके सहयोगी दलों के विधायकों की बैठक का हवाला देते हुए कहा, लेकिन आज पटवारियों (राजस्व अधिकारियों) के तबादले के लिए एक पार्टी (नेकां) और उसके सहयोगी दलों के विधायक एकत्र हुए।

मुफ्ती ने कहा, क्या जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इन मुद्दों के लिए इस पार्टी (नेकां) को चुना था? बड़ा मुद्दा क्या है? पटवारियों का तबादला? या यह कि हमारे युवा जेलों में सड़ रहे हैं? या यह कि हर दिन छापेमारी हो रही है? या यह कि स्थिति सुधरने के बावजूद जामिया मस्जिद बंद है? हम वास्तविक समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं, बल्कि इस बारे में बात करते हैं कि पटवारियों का तबादला कौन करेगा? ग्राम स्तर के कर्मचारियों का तबादला कौन करेगा? मुझे लगता है कि यह बहुत बुरा है।

# सैफ अली खान पर हमले के आरोपी की जमानत याचिका का पुलिस ने किया विरोध





मुंबई (भाषा) मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को एक अदालत को बताया कि अभिनेता सैफ अली खान पर बांद्रा स्थित उनके घर में हुए हमले के दौरान उनकी रीढ़ की हड्डी के पास फंसा चाकू का टुकड़ा और घटनास्थल पर मिला एक हिस्सा आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम के पास से बरामद हथियार से मेल खाता है। आरोपी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए पुलिस ने कहा कि तीनों टुकड़े उसी हथियार के थे, जिसका इस्तेमाल अभिनेता पर हमला करने के लिए किया गया था।

उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को बांद्रा में खान के 12वीं मंजिल के अपार्टमेंट में एक घुसपैठिए ने उनपर चाकू से कई वार किए थे।

हमले के बाद खान (54) की रीढ़ की हड्डी के पास फंसा चाकू का टुकड़ा निकालने के लिए लीलावती अस्पताल में आपातकालीन सर्जरी की गई थी।

उन्हें पांच दिन बाद छुट्टी दे दी गई थी। बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम को दो दिन बाद हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने जमानत याचिका के लिखित जवाब में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की रिपोर्ट का हवाला दिया।

पुलिस के लिखित जवाब में कहा गया है कि आरोपी के पास से बरामद चाकू का टुकड़ा, अपराध स्थल पर मिला एक टुकड़ा और खान की रीढ़ के पास फंसा तीसरा टुकड़ा जांच के लिए एक चिकित्सा अधिकारी के पास भेजा गया था। जवाब में कहा गया है अधिकारी की ओर से पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार चाकू के टुकड़े एक दूसरे से मेल खाते हैं और एक ही हथियार के हैं।

आरोपी ने वकील अजय गवली के माध्यम से दायर अपनी जमानत याचिका में दावा किया कि प्राथमिकी पूरी तरह से झूठी है और उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है।

जमानत याचिका में कहा गया है कि मामले की जांच व्यावहारिक रूप से पूरी हो चुकी है और केवल आरोपपत्र दाखिल किया जाना बाकी है। याचिका के अनुसार आरोपी ने जांच में सहयोग किया है और उसे हिरासत में नहीं रखा जाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 'आप' की असम इकाई के अध्यक्ष मनोज धनोवर और महिला शाखा की अध्यक्ष मासूमा बेगम ने इस्तीफा दिया

गुवाहाटी (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) की असम इकाई के अध्यक्ष मनोज धनोवर ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्य में आप की महिला शाखा की अध्यक्ष मासूमा बेगम ने न केवल अपना पद छोड़ दिया बल्कि पार्टी भी छोड़ दी। ये इस्तीफे ऐसे समय में आए हैं जब आप राज्य के ग्रामीण इलाकों में पैठ बनाने की कोशिश कर रही है, जबकि पंचायत चुनावों में एक महीने का भी समय नहीं बचा है। धनोवर ने सोशल मीडिया पर अपना त्यागपत्र साझा किया जिसे दो जनवरी को उन्होंने आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक को भेजा था। उन्होंने पत्र में कहा कि वह अपरिहार्य परिस्थितियों₹ के कारण इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं और अब से मैं पार्टी स्वयंसेवक के रूप में काम करूंगा। आप के राज्य सचिव अमलानज्योति हतिबरुआ ने कहा कि यह ₹अजीब₹ बात है कि धनोवर ने चार महीने बाद अपना इस्तीफा सार्वजनिक किया। उन्होंने कहा, संभवतः उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। इस बीच बेगम ने राज्य में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद कुछ ही घंटों के भीतर अपना इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पत्र में कहा, मैं आम आदमी पार्टी की असम इकाई की महिला शाखा के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे रही हूं। वह 2022 में गुवाहाटी नगर निगम का चुनाव जीतने वाली एकमात्र आप उम्मीदवार थीं। राज्य में पंचायत चुनाव दो मई और सात मई को होंगे।

### चलती ट्रेन के शौचालय में सहयात्री ने नाबालिग लड़की से 'बलात्कार' किया



हैदराबाद (भाषा) तेलंगाना में चलती ट्रेन के शौचालय में सहयात्री द्वारा नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना तीन अप्रैल की सुबह की है, जब 20 वर्षीय आरोपी ने ट्रेन के शौचालय में लड़की के साथ बलात्कार किया। उस समय पीड़िता अपने परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा कर रही थी। पुलिस के अनुसार, जब वह शौचालय गई तो आरोपी ने उसका पीछा किया और उसका यौन उत्पीड़न किया। जीआरपी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सिकंदराबाद रेलवे पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जब जीआरपी के एक वरिष्ठ अधिकारी से पूछा गया कि क्या आरोपी को हिरासत में लिया गया है तो उन्होंने बताया कि फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।
एक अन्य घटना में, 22 मार्च को 23 वर्षीय महिला उस समय घायल हो गई जब वह एक व्यक्ति से बचने के लिए चलती ट्रेन से कूद गई जिसने उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार करने की कोशिश की थी। जब यह घटना घटी, तब वह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से मेडचल जाने वाली एमएमटीएस (मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम) ट्रेन के महिला कोच में अकेले यात्रा कर रही थीं। मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# मणिपुर की इंफाल घाटी में वक्फ विधेयक को लेकर प्रदर्शन

इंफाल (भाषा) संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के बाद शुक्रवार को मणिपुर की इंफाल घाटी में विरोध-प्रदर्शन हुए। इंफाल पश्चिम जिले के संथेल ईदगाह में एकत्र लगभग 200 लोगों ने प्रदर्शन किया।

संथेल यूनाइटेड डेवलपमेंट कमेटी ने प्रदर्शन का आयोजन किया था। प्रदर्शनकारियों ने वक्फ संपत्तियों की स्वायत्तता और प्रशासन पर विधेयक के प्रभाव के बारे में चिंता जताई। इसी तरह का प्रदर्शन इंफाल पूर्वी जिले के केइराओ मकटिंग में भी किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से विधेयक को वापस लेने और मुस्लिम समुदाय से बातचीत कर उनकी चिंताओं को दूर करने का आग्रह किया। वक्फ (संशोधन) विधेयक बुधवार देर रात लोकसभा में और बृहस्पतिवार देर रात सदन में मैराथन बहस के बाद राज्यसभा में पारित किया गया।

विधेयक का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ संपत्तियों (धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थायी रूप से दान की गई संपत्ति) के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है।

पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने विधेयक की सराहना करते हुए दावा किया कि यह अधिक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण भविष्य की नींव रखता है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक का संसद के दोनों सदनों में पारित होना एक ऐतिहासिक कदम है। ये विधेयक उन लोगों को सशक्त बनाएंगे, जिन्हें लंबे समय से अवसरों से वंचित रखा गया है। यह विधेयक उन्हें हमारे समाज के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के साधन प्रदान करेंगे।

भाजपा नेता ने कहा, वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करके कि हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज सुनी जाए, यह कानून अधिक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण भविष्य की नींव रखता है।

# वैश्य समाज के लोगों को राजनीति में अपनी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता है : अशोक बुवानीवाला

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



नरवानाः अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा है कि वैश्य समाज के लोगों को राजनीति में अपनी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और शादियों पर बढ़ते खर्च को कम करने के लिए काम करना चाहिए। वह आज यहां नरवाना अग्रवाल वैश्य समाज के विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन गोयल के निवास पर वैश्य समाज के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे। अशोक बुवानीवाला फामेर्सी कॉउंसिल के पूर्व चेयरमैन केसी गोयल के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए आए थे।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि आज राजनीति का महत्व सबसे ज्यादा है और समाज राजनीति में लगातार पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर परिवार से एक व्यक्ति को सक्रिय राजनीति में भागीदारी करनी चाहिए फिर चाहे वह किसी भी पार्टी से जुड़कर करें।

उन्होंने कहा कि अगर समाज के लोग सक्रिय राजनीति में अधिक भागीदारी करेंगे तो आने वाले समय में उन्हें अधिक टिकट मिल पाएंगी और अधिक संख्या में जीत कर सदन में पहुंचेंगे। वैश्य समाज के नेता ने कहा कि आज स्थित यह हो गई है कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए राजनीति अहम भूमिका अदा करती है।

उन्होंने कहा कि आज समाज में शादी करना मध्यमवर्गीय परिवार के लिए बहुत मुश्किल काम हो गया है ऐसे में समाज के लोगों को इस तरफ ध्यान देना होगा। शादी में खर्च में कमी लाने के लिए उपाय करने पड़ेंगे। उन्होंने दिखावे की परंपरा से ऊपर उठकर सोचने की तरफ ध्यान देने को कहा।

उन्होंने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज ने शादी में मेन्यू को छोटा रखने, प्री वेडिंग शूट को बंद करने, निमंत्रण पत्र डिजिटल रखने जैसे उपाय सुझाए हैं। उनके साथ अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष तीर्थ राज गर्ग भी थे। बुवानीवाला ने कहा की अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 11 मई में कैथल में आयोजित होगी।

## अब्दुल्ला ध्यान भटकाने के लिए जानबूझकर उपराज्यपाल के साथ टकराव की स्थिति पैदा कर रहे हैं : चुघ

चंडीगढ (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर के पार्टी प्रभारी तरुण चुघ ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला चुनावी वादों को पूरा करने में अपनी विफलता से जनता का ध्यान हटाने के लिए जानबूझकर उपराज्यपाल कार्यालय के साथ टकराव की स्थिति पैदा कर रहे हैं। चुघ ने यह भी दावा किया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर सरकार के अधिकारियों को स्थानांतरित करने का प्रशासनिक अधिकार संवैधानिक रूप से प्राप्त है।

चुघ ने एक बयान में कहा, केंद्रीय गृह मंत्रालय उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच मतभेदों को सुलझाएगा। हालांकि, अब्दुल्ला सरकार को युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों से किए गए वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच कई प्रशासनिक मुद्दों पर मतभेद रहे हैं। सिन्हा द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा (जेकेएएस) के 48 मध्यम श्रेणी के अधिकारियों को स्थानांतरित/पदस्थापित करने के आदेश ने इस गतिरोध को और बढ़ा दिया है। चुघ ने अब्दुल्ला पर भ्रामक विमर्श का प्रसार करने का प्रयास करके उसी टकराव के रास्ते पर चलने का आरोप लगाया, जिसपर दिल्ली के अरविंद केजरीवाल (पहले) चले थे। अब्दुल्ला को अपनी कार्य रिपोर्ट पेश करनी चाहिए, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के लोग उनसे अपने वादे पूरे करने का इंतजार कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने स्थानांतरण आदेश पर असहमति जताते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उपराज्यपाल सिन्हा और जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दावा किया।

## तमिलनाडुः कानून-व्यवस्था पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने पर अन्नाद्रमुक विधायकों का विस से बहिर्गमन

चेन्नई (भाषा) तमिलनाडु विधानसभा में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के सदस्यों ने कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं देने पर शुक्रवार को सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्नकाल के तुरंत बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ई. के. पलानीस्वामी खड़े हुए और कानून-व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाने की कोशिश की।
हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया और कहा कि इस संबंध में पार्टी के उपनेता आर. बी. उदयकुमार द्वारा दिया गया नोटिस खारिज कर दिया गया है। अप्पावु ने कहा, इसलिए, सदस्य उस मुद्दे पर नहीं बोल सकते, जिसे अस्वीकृत किया गया है।
इस पर, अन्नाद्रमुक के विधायक खड़े हो गए और मांग की कि उनके नेता को बोलने की अनुमति दी जाए। लेकिन जब विधानसभा अध्यक्ष अपने फैसले पर कायम रहे तो अन्नाद्रमुक के सदस्य नारे लगाते हुए सदन से बाहर चले गए।

# वक्फ विधेयक सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : मुख्यमंत्री सैनी



चंडीगढ़ (भाषा) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक को सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया और कहा कि इससे दबे-कुचले और पिछड़े मुसलमानों के कल्याण में मदद मिलेगी। सैनी ने कहा कि शुक्रवार को संसद की मंजूरी प्राप्त कर चुका विधेयक, मोदी की गारंटी और ह्यसबका साथ, सबका विकास' के आदर्शों के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का एक और सबूत है।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, दोनों सदनों में वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक के पारित होने पर मैं समस्त देशवासियों को बधाई देता हूं।

संसद के दोनों सदनों में लंबी बहस के बाद बृहस्पतिवार को लोकसभा में और शुक्रवार की सुबह राज्यसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हो गया।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सुशासन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, यह मोदी की गारंटी और सबका साथ, सबका विकास की नीति पर एक और मुहर है।

उन्होंने कहा, जिस तरह प्रधानमंत्री ने मुस्लिम बहनों को ह्यतीन तलाकह्ल से मुक्ति दिलाने का काम किया, उसी तरह से वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक तमाम दबे-कुचले, पिछड़े मुस्लिम भाई-बहनों के कल्याण के लिए एक बड़ी पहल है। सैनी ने इस ऐतिहासिक, दूरदर्शी, अभूतपूर्व निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह और किरेन रीजीजू की सराहना की।

## मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने मोदी के आनंदपुर धाम दौरे की तैयारियों की समीक्षा की



अशोकनगर (भाषा) मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को अशोकनगर जिले के ईसागढ़ क्षेत्र में आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा की।

एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हेलीपैड स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, रूट चार्ट, मंदिरों के दर्शन स्थल, सत्संग स्थल आदि का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने आनंदपुर धाम स्थित श्री परमहंस अद्वैत मठ, श्री आनंद शांति कुंज, श्री आनंद शांति भवन, श्री आनंद सरोवर और श्री आनंद शांति धाम का दौरा किया।

अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने श्री आनंदपुर धाम में पूजा-अर्चना की और श्री आनंद सरोवर के जल में पुष्प अर्पित किए। यादव ने अधिकारियों को बैसाखी पर आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में आने वाले अनुयायियों और आगंतुकों के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

# समानता व पारदर्शिता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है वक्फ संशोधन विधेयक : शर्मा



जयपुर (भाषा) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक समानता व पारदर्शिता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने ह्यवक्फ (संशोधन) विधेयक-2025ह्ल के संसद के दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल के संकल्प का प्रमाण होने के साथ ही देश में समानता, पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने इस अभूतपूर्व विधेयक के लिए प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा, वक्फ संपत्तियों को लेकर वर्षों से चली आ रही अनियमितताओं और अपारदर्शिता को समाप्त करने के लिए यह संशोधन आवश्यक था। यह वक्फ प्रशासन में पारदर्शी, जवाबदेह एवं निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ गरीब व जरूरतमंदों को सशक्त भी बनाएगा।

उन्होंने कहा कि इससे सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी और किसी भी प्रकार के अनुचित विशेषाधिकार या भेदभाव को समाप्त किया जा सकेगा।

# संसद में उठा मुद्दा तो महाराजगंज-अकबरपुर रेल की लाइन की जगी आस

» नेशनल एक्सप्रेस



रायबरेली -कांग्रेस सरकार में महराजगंज, अहोरवा भवानी होते हुए अकबरपुर के लिए 46.9 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने की घोषणा की गई थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही सोनिया के सपनों की इस पटरी पर रेल दौड़ने का सपना भी बेपटरी हो गया। करीब 12 साल बाद संबंधित प्रोजेक्ट पर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने लंबित रेल लाइन की प्रगति जानने के लिए रिपोर्ट की मांग की और मामला संसद में उठाया तो लोगों में एक बार फिर उम्मीद जगी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि 2012 में रेल लाइन के सर्वे के बाद केंद्र सरकार ने 286 करोड़ रुपये का बजट पास किया था। दो दिसंबर 2013 को तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी ने महराजगंज रायबरेली रोड पर स्थित हनुमान गढ़ी मेला मैदान में विधि-विधान से पूजन कर इस रेलमार्ग का शिलान्यास किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बन गई, जिसके बाद रेल लाइन बिछाने का प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया।

किशोरी लाल शर्मा ने संसद में उठाया मुद्दा

अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने संसद में महराजगंज-अहोरवा-अकबरगंज तक रेल ट्रैक बनाने का शिलान्यास होने के करीब 12 साल बीतने के बाद काम की प्रगति जानने के लिए सवाल उठाया। इस योजना के बाबत विभाग के अधिकारी जानकारी न होने की बात कह रहे हैं।

बनने थे चार रेलवे स्टेशन

जानकारों का कहना है कि 46.9 किलोमीटर के बीच चार रेलवे स्टेशन बनने की योजना थी जिनमें लोधवामऊ, महराजगंज, मऊगर्वी, सेमरौता शामिल हैं। इस काम को पूरा करने के लिए तीन साल का समय दिया गया था।

सपा विधायक श्याम सुंदर भारती का कहना है कि रेललाइन न बनने से क्षेत्र का विकास बाधित हुआ है। रेल मार्ग बना होता तो क्षेत्रीय लोगों को इसका लाभ मिलता। इस मामले को लेकर जल्द ही सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे।

## केरलः वक्फ विधेयक पर कांग्रेस के रुख के विरोध में पार्टी के नेता ने दिया इस्तीफा

इडुक्की (भाषा) केरल के इडुक्की जिले में कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर पार्टी के रुख के विरोध में इस्तीफा दे दिया।

इडुक्की जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) के महासचिव बेनी पेरुवन्थनम ने इस्तीफा देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने ईसाई अल्पसंख्यकों की उपेक्षा की है और मुनंबम मुद्दे पर मुस्लिम समर्थक रुख अपनाया है।

बेनी ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस ने वर्षों से ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय की उपेक्षा की है और केवल मुसलमानों को खुश करने का काम किया है। इस दृष्टिकोण के विरोध में, मैं कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।

बेनी ने कहा कि उन्होंने पार्टी मंचों पर इस मुद्दे को उठाया था और बदलाव के लिए आग्रह किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने कहा, हालात ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं कि आगे बढ़ना असंभव है, इसलिए मैंने डीसीसी सचिव के पद और पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया है।

## अगले 10 वर्ष में वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना आसान नहीं: सोमनाथ



हैदराबाद (भाषा) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख एस सोमनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का 10 प्रतिशत (50 अरब अमेरिकी डॉलर) हासिल करने का भारत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य आसान नहीं है।

उन्होंने यहां इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के दीक्षांत समारोह के दौरान अपने संबोधन में यह भी कहा कि एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि इसरो को पिछले 60 वर्षों में खर्च किये गए प्रत्येक रुपये पर 2.54 रुपये का रिटर्न मिला है।

उन्होंने कहा, इससे हमें उम्मीद जगी है कि भारत में भी एक बहुत जीवंत अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था विकसित करना संभव है। वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में कम से कम 10 प्रतिशत (50 अरब अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी) तक पहुंचने की संभावना है, लेकिन यह हमारे लिए कहीं से भी आसान काम नहीं है, क्योंकि इस क्षेत्र में ज्ञान बहुत जटिल है और यह वर्षों के अनुभव से आता है। सोमनाथ ने कहा कि रॉकेट और संबंधित इंजीनियरिंग की जटिलता अब भी वैसी ही है और जो कंपनियां निवेश करना चाहती हैं, उनके लिए विफलता की संभावना अब भी बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भारत में, वर्तमान में अंतरिक्ष क्षेत्र में 250 स्टार्टअप काम कर रहे हैं।

सोमनाथ ने कहा कि 60-70 प्रतिशत राजस्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग के क्षेत्र से आता है, लगभग 20 प्रतिशत उपग्रहों के निर्माण और संचालन से तथा लगभग 15 प्रतिशत रॉकेट और आवश्यक प्रक्षेपण अवसंरचना के निर्माण से आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र : जबलपुर में कुएं से कारतूस और हथगोले के खोल बरामद

जबलपुर (भाषा) मध्यप्रदेश के जबलपुर में शुक्रवार को कुएं की सफाई के दौरान बड़ी संख्या में कारतूस के खोल और हथगोले का एक खोल बरामद किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कुआं रांझी थाना क्षेत्र के आमा नाला इलाके में स्थित है। अधिकारी ने बताया कि कुएं के अंदर सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कारतूसों के खोल मिले। इसके अलावा हथगोले का एक खोल भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सेना के स्थानीय अधिकारियों को बरामदगी के बारे में सूचित कर दिया गया है। रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया, नगर निगम के कर्मचारी कुएं की सफाई कर रहे थे, तभी उन्हें हथगोले के खोल के साथ बड़ी संख्या में खाली कारतूस मिले। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और खोलों को कब्जे में ले लिया। द्विवेदी ने बताया, चूंकि ये वस्तुएं सेना की हैं, इसलिए इन्हें सेना के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। इस संबंध में सेना के अधिकारी आगे की कार्रवाई करेंगे।

### यादवपुर विवि ने एबीवीपी को परिसर में राम नवमी मनाने की अनुमति देने से इनकार किया

कोलकाता (भाषा)यादवपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को परिसर में रामनवमी समारोह आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह निर्णय कई कारकों पर विचार करते हुए लिया गया था, जिसमें जनवरी 2024 में अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर एबीवीपी और वामपंथी छात्रों के बीच हुई झड़प और इससे पहले परिसर में कभी भी रामनवमी नहीं मनाने का कारक शामिल है।

इस बीच, एबीवीपी ने कहा कि वह छह अप्रैल को परिसर में रामनवमी मनाएगी, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने संकल्प लिया है कि वह उत्सव मनाने की अनुमति नहीं देगी। इससे गड़बड़ी होने की आशंका बढ़ गई है।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, रजिस्ट्रार कार्यालय ने एबीवीपी की विश्वविद्यालय इकाई को सूचित कर दिया है कि कई कारकों के मद्देनजर परिसर में रामनवमी मनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### कच्चातीवु द्वीप को श्रीलंका से वापस लिया जाएः विजय

चेन्नई (भाषा) तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष विजय ने मछुआरों के मुद्दे पर तमिलनाडु और केंद्र की सरकारों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को सुझाव दिया कि श्रीलंका से कच्चातीवु द्वीप को वापस लेना राज्य के मछुआरों की पीड़ा को समाप्त करने का एकमात्र स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसा नहीं हो जाता, कच्चातीवु को 99 साल के पट्टे पर लिया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को द्वीप राष्ट्र की अपनी यात्रा के दौरान इस समझौते को अंतिम रूप देना चाहिए।

विजय ने 1974 में कच्चातीवु सौंपे जाने के लिए तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सत्ता की भूख को जिम्मेदार ठहराया। विजय ने एक बयान में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि दो अप्रैल को द्रमुक सरकार ने राज्य विधानसभा में कच्चातीवु को वापस लेने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था, जो एक दिखावा था और उसकी नजर 2026 के विधानसभा चुनाव पर थी।

टीवीके संस्थापक विजय ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर कच्चातीवु और तमिलनाडु के मछुआरों के मुद्दे पर पक्षपात करने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने गुजरात समेत अन्य राज्यों के मछुआरों की रक्षा की, लेकिन तमिलनाडु के मछुआरों को छोड़ दिया।

## आरेडिका में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के नाम पर युवकों से ठगी

पुलिस ने तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही किये जाने की कही बात

» नेशनल एक्सप्रेस

लालगंज(रायबरेली)।आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में निजी कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के नाम पर कई युवक युवतियों से ठगी की गई।आरोपियों ने युवकों से अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर ढ़ाई-ढ़ाई हजार रुपए ठग लिए।26 मार्च को जब युवक नियुक्ति पत्र लेने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना पहुंचे तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला।नगर के स्टेशन रोड़ मोहल्ला निवासी शैलेंद्र,पूरे देवी मोहल्ला की रागिनी,शांती नगर के संजय ने बताया कि आरोपी खुद को आरेडिका का कर्मचारी बताकर उन्हें कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी देने के नाम पर व्हाट्सएप के जरिए शैक्षिक कागजात मंगाए।अनुभव नहीं होने पर उनसे अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने के लिए क्यूआर कोड़ भेज कर ढ़ाई हजार रुपए मंगा लिए।उन्हें 26 मार्च को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के गेट नंबर तीन पर मिलने के लिए कहा।पीड़ितों ने बताया कि जब वे लोग मौके पर पहुंचे तो वहां पर तीस से पैंतीस युवक पहले से खड़े थे।जिनमें कस्बा सहित बछरांवा,अमेठी,रायबरेली,

डलमऊ के युवक युवतियां शामिल थे।गेट पर देर तक इंतजार के बाद जब कोई नहीं आया तो फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया।थोड़ी देर बाद आरोपियों के फोन स्विच ऑफ आने लगे।तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला।पीड़ित युवकों ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी है।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक प्रगति पत्रिका का विमोचन

» नेशनल एक्सप्रेस



लालगंज/रायबरेलीः आरेडिका में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका की राजभाषा गतिविधियों एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका प्रगति के मार्च-2025 अंक का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर -कमलों द्वारा किया गया। इस पत्रिका में मौलिक रचनाओं यथा कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि को शामिल किया गया है। महाप्रबंधक महोदय ने प्रगति पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों की सराहना की । बैठक में आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, सचिव महाप्रबंधक एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर.एन. तिवारी, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन व राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सीडब्ल्यूसी बैठक, एआईसीसी अधिवेशन की तैयारियों में जुटी गुजरात कांग्रेस

अहमदाबाद (भाषा) अगले सप्ताह होने वाली विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन के लिए यहां तैयारियां जोरों पर हैं।

कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था सीडब्ल्यूसी की बैठक आठ अप्रैल को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक पर होगी, जबकि एआईसीसी अधिवेशन नौ अप्रैल को साबरमती रिवरफ्रंट पर होगा।

एआईसीसी अधिवेशन के लिए साबरमती रिवरफ्रंट पर एक बड़ा पंडाल बनाया जा रहा है, जबकि सीडब्ल्यूसी बैठक के लिए पटेल स्मारक के परिसर में एक और संरचना बनाई जा रही है।

गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता हिरेन बांकड़ ने कहा, सीडब्ल्यूसी बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत 262 नेता भाग लेंगे। चूंकि यह एक विस्तारित सीडब्ल्यूसी है, इसलिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और कांग्रेस विधायक दल के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

साल 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले इसी स्थान पर सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई थी।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, ₹सीडब्ल्यूसी की बैठक पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे शुरू होगी। नेता इस बात पर चर्चा करेंगे कि कांग्रेस देश के लिए क्या कर सकती है और पार्टी कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए क्या कर सकते हैं।₹ गुजरात में 64 साल बाद एआईसीसी का अधिवेशन हो रहा है।

दोशी ने कहा कि पार्टी के 139 साल के इतिहास में गुजरात ने सिर्फ दो बार ही इस तरह के बड़े सम्मेलन की मेजबानी की है।

आखिरी बार यह सम्मेलन 1961 में भावनगर में हुआ था। सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक होने वाले एआईसीसी अधिवेशन में देशभर से करीब 3,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

इससे पहले एक बयान में पार्टी ने घोषणा की थी कि एआईसीसी अधिवेशन में भाजपा की ₹जनविरोधी₹ नीतियों और संविधान पर हमले से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को नहीं मिली राहत, अदालत ने याचिका खारिज की



लखनऊ (भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने विनायक दामोदर सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कोई राहत देने से इनकार कर दिया है।

पीठ ने गांधी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी के पास उक्त मामले में उन्हें समन किए जाने के खिलाफ सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए फिलहाल उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पारित किया।

याचिका में राहुल गांधी ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में उन्हें समन किया गया था। इसके साथ ही राहुल गांधी ने इस मामले में निचली अदालत में अपने खिलाफ जारी कार्यवाही को भी चुनौती दी थी।

राहुल गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल ने दलील दी कि परिवाद में लगाए गए आरोप धारा 153ए और 505 आईपीसी के तहत मामला नहीं बनता हैं, इसके बावजूद निचली अदालत ने याची को इन धाराओं के तहत समन किया है।

उन्होंने यह भी दलील दी कि निचली अदालत ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए राहुल गांधी को समन किया है।

हालांकि, मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी किए बिना अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास पुनरीक्षण याचिका दायर करने का विकल्प है।

यह मामला 17 नवंबर, 2022 को महाराष्ट्र के अकोला जिले में ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल के दौरान एक रैली में सावरकर पर की गई गांधी की टिप्पणियों से उपजा है।

अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें गांधी पर रैली के दौरान जानबूझकर सावरकर का अपमान करने का आरोप लगाया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांधी की टिप्पणी सावरकर को बदनाम करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी और टिप्पणियों को मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित किया गया।

# झील के प्रति उदासीन बना विभाग,साइबेरियन पक्षी छोड़ रहे स्थान

## विख्यात झील के किनारे प्रतिवर्ष वन विभाग द्वारा बर्ड़ फेस्टिवल का किया जाता है आयोजन

» नेशनल एक्सप्रेस



डलमऊ(रायबरेली)।नमामि गंगे योजना के तहत 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले बड़े सरोवरों व झीलों को जैव विविधता पार्क का स्वरूप देने के लिए वर्ष 2019 में वन विभाग से प्रस्ताव मांगा गया था।वन विभाग के अधिकारी डलमऊ क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव के किनारे अत्यंत प्राचीन तकरीबन 7 किलोमीटर लंबी झील के किनारे पहुंचे और छानबीन शुरू की तो ग्रामीणों को क्षेत्र के विकास होने की उम्मीद को पंख लगे।सभी तरक्की के नए रास्तों पर चलने के सपने बुनने लगे लेकिन ग्रामीणों के यह सपने फाइलों में ही कैद होकर रह गए।वहीं सैलानी पक्षियों के लिए जोहवा नटकी गांव के निकट झील को वन विभाग की ओर से वेटलैंड घोषित किया गया था।डलमऊ विकास खंड़ की उक्त झील विभागीय उदासीनता के कारण अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है।जोहवा नटकी के नाम से विख्यात झील के किनारे प्रतिवर्ष वन विभाग द्वारा बर्ड़ फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। वहीं गांव के निकट एसजेएन पब्लिक स्कूल में गोष्ठी में छात्र छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी भी जाती है।फेस्टिवल में विभाग झील के किनारे व झील में रहने वाले पक्षियों की गणना कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर अपनी सक्रियता प्रमाणित करता है।लेकिन धरातल पर उक्त झील का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पटेढ,जलकुम्भी जैसे जलीय खरपतवार से पट चुका है।वन विभाग की ओर से प्रस्ताव बनाकर

### फाइलों में ही कैद होकर रह गए ग्रामीणों के सपने

भेजा गया लेकिन अभी तक उस प्रस्ताव पर कोई पहल नहीं की गई।ग्रामीणों ने बताया है की झील का सौंदरीकरण होता तो रोजगार के अवसर बनते।झील की लंबाई 22 किलो मीटर है लेकिन वर्तमान समय में लंबाई 6 किलोमीटर में सिमट गई बड़े पैमाने पर लोगों ने झील के किनारे पाटकर अवैध कब्जा भी कर रखा है 6 किलोमीटर में पानी भी वर्ष भर रहता है।वन विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर गौर करें तो देशी विदेशी पक्षी और भी बहुत कुछ झील किनारे एक दो मीटर चौड़ा मार्ग बनना था,जिससे लोग पूरी झील व झील में आने वाले विदेशी पक्षियों के कलरव को देखे।झील को पार करने के लिए एक ब्रिज का भी निर्माण प्रस्तावित था।6 किलोमीटर लंबाई में पांच स्थानों पर वाच टावर का निर्माण भी होना था,जिससे पर्यटक झील का नजारा देखें व वनकर्मी संपूर्ण झील पर नजर रख सकें।झील के किनारे किनारे पौध रोपण कर झील की शोभा दूनी करने की योजना बनाई गई थी।ग्रामीण विमल कुमार,राकेश कुमार,अवधेश कुमार,छेदी,पंकज,संजय सिंह,राम लखन,बबलू,बसंत, राजबहादुर,अनिल कुमार-,राजाराम आदि की बात मानें तो बीते वर्षों में हजारों की संख्या में देशी व साइवेरियन पक्षियों को देखा गया था।लेकिन लगातार बढ़ रहे खरपतवार व विभागीय उदासीनता के कारण सैलानी पक्षियों का मोह उक्त झील से भंग होता जा रहा है।

लाापरवाही का आलम यह है कि वेटलैंड की पहचान के लिए लालगंज रोड़ कानपुर-मुराई बाग मुख्य मार्ग पर मखदूमपुर संपर्क मार्ग मोड़ पर व ग्राम पंचायत में सड़क किनारे लगा फ्लैश बोर्ड़ भी गायब हो गया है।वन क्षेत्राधिकारी डलमऊ रवि भारती ने बताया हैं कि शासन को झील का सौंदरीकरण के लिए पत्राचार किया जाएगा और फ्लैश बोर्ड भी लगाया जाएगा।

# एसडीएम ने किया गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम जसराना ने भारतीय खाद्य निगम द्वारा उप मंडी समिति में बनाए गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान आने वाले किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं को परखा। मौजूद अधिकारियों को गेंहू की खरीद बढ़ाने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

गेंहू की खरीद के लिए सरकार द्वारा 2425 रुपए प्रति कुंतल की दर निर्धारित की है। जसराना तहसील में गेंहू की खरीद के लिए 32 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह शुक्रवार को गेंहू खरीद केंद्रों के निरीक्षण को पहुंचे। जसराना की उपमंडी समिति में बनाए गए एफसीआई के क्रय केंद्र पर एसडीएम को व्यवस्थाएं ठीक मिली। इस दौरान मौजूद इलैक्ट्रोनिक कांटे को चेक करने के साथ ही गेंहू की नमी को चेक करके देखा। मौजूद क्रय केंद्र प्रभारी राहुल पांडे एवं जिला स्तरीय अधिकारी आरके पाराशर ने बताया अभी तक दो किसानों से कुल 82 कुंतल गेंहू की खरीद हो सकी है। बताया कि अभी गेंहू की कटाई का कार्य शुरू हुआ है। जल्दी ही किसान क्रय केंद्र तक आने लगेंगे। एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह ने कहा गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण कर किसानों की बेहतर व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया गया है। वहीं गेंहू की खरीद बढ़ाने को भी प्रयास करने को कहा गया है।

# नगर पालिका सिरसागंज ने किया ब्राण्ड एम्बेसडर व स्वच्छ योद्धाओं का सम्मान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**




फिरोजाबाद :- नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में डेडिकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर सफल संचालन की अवधि तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन नगर पालिका परिषद, सिरसागंज में अध्यक्ष रंजना सिंह ने स्वच्छ भारत अभियान के विषय मे बताते हुए स्वच्छता के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन, समाजसेवी डॉ गुरदत्त सिंह, निखलेश जैन, सभासद आशा देवी, धीरेन्द्र सिंह, आनंद पाल सिंह, राकेश कुमार शर्मा, टियूलिप में मानवेन्द्र सिंह, लक्की यादव, विनीत यादव व उनकी टीम को प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार जैन करते हुए जैन ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह एवं डॉ गुरुदत्त सिंह का आभार व्यक्त करते हुए सिरसागंज के समस्त नगरवासियों से नगर को स्वच्छ रखने की अपील की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेश सिंह राना, पूनम सक्सेना, रानी एवं समस्त नगर पालिका परिषद परिवार उपस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल के हालात बांग्लादेश से भी बदतर: सौरभ गौड़



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/वृंदावन। धर्म रक्षा संघ की एक बैठक महंत देवानंद बनमहाराज की अध्यक्षता में बनमहाराज आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में राधाकुंड के हिन्दूवादी संत हिरण्यमय गोस्वामी के ऊपर जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल में आतंकी मुसलमानों के द्वारा किए गए हमले पर आक्रोश व्यक्त किया गया। संत हिरण्मय गोस्वामी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं जिनका हाल-चाल लेने बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी भी पहुंचे। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में शासन प्रशासन पूरी तरीके से ठप्प हो चुका है। वहां मुस्लिम के आतंक में हिंदू समाज जी रहा है। जिस प्रकार राधा कुंड निवासी हिरण्यमय गोस्वामी पर प्राण घातक हमला हुआ है यह घटना ममता बनर्जी के जंगल राज और मुस्लिम आतंक का एक जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने मांग की कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर उन्हें कठोर से कठोर दंड दिया जाए। महंत देवानंद बनमहाराज ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आतंकवादी वहां की ममता सरकार की शह पर खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं और हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं।धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल के हालात बांग्लादेश से भी बदतर हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जल्द ही वहां राष्ट्रपति शासन लगाकर ममता सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। बैठक में महंत तमाल कृष्ण दास,कृष्णा दास, देवेंद्र दास, ऐडवोकेट तरुण गौड़ आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत मिशन में उत्कृष्ट योगदान देने पर किया सम्मानित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूण्डला। अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यालय नगर पालिका परिषद टूण्डला में स्वच्छ भारत मिशन-नगरी उत्तर प्रदेश द्वारा स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। आयुष शर्मा को ट्यूलिट् इंटर्स और बिक्की बाबू को डेडिकेटेड साफई कर्मी, श्यामा देवी को होमकंपोस्टिंग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और राजा को स्वच्छ योद्धा साथ ही अवधेश कुमार को स्वच्छ सारथी क्लब से सम्मानित किया गया। इस मौके पर पालिका टूण्डला के डी0पी0एम0 चेतन शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, मोहित शर्मा, बिक्की बाबू, सुनील टैगोर, सोनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता ने दिखायी दरियादिली, मूर्छित अवस्था में मिले व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला। नगर के रेलवे स्टेशन के नजदीक पड़े एक व्यक्ति को भाजपा नेता रामतीर्थ सिंह चक ने पुलिस को सूचना देकर चिकित्सालय पहुंचाया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे की व्यक्ति को किसी ने जहर खुरानी का शिकार बनाया हो। इस दौरान उन्होंने बताया कि आज प्रातः पांच बजे वो मॉर्निंग वॉक के लिए जाते है। इसी समय स्टेशन के समीप स्टेट बैंक के पास एक व्यक्ति बेसुध पड़ा हुआ देखा तो नजदीक जाकर देखा तो व्यक्ति होश में नहीं था। इसकी सूचना जब भाजपा नेता ने जीआरपीएफ को सूचना दी तो उन्होंने अपनी सीमारेखा से बाहर कह कर अपना पल्लू झाड़ लिया। फिर उन्होंने सिविल पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस बुलायी। तब उक्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया है।

### अनियंत्रित ऑटो पलटने से बुजर्ग की हुई दर्दनाक मौत

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित ऑटो पलटने से एक बुजर्ग की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि अन्य सवारियां मामूली रूप से घायल हुई । यह बुजुर्ग किसी काम से अपनी पत्नी मायादेवी के साथ फीरोजाबाद गए थे । इसके बाद वो ऑटो में बैठकर आसफाबाद , फिरोजाबाद से शिकोहाबाद आ रहे थे । तभी हाइवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालाजी मंदिर के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे इस दर्दनाक हादसा में खूबलाल उम्र 65 साल जो कि शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के गांव दखिनारा के रहने वाले थे, की मौत हो गई ।जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची औ? बुजुर्ग को इलाज के लिए जिला संयुक्त अस्पताल शिकोहाबाद भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। इधर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है ।इधर मामूली रूप से घायल सभी को प्राथमिक उपचार के बाद अपने घरों को चले गए। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रसूलाबाद में एसडीएम ने लगवाया फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला। शुक्रवार को रसूलाबाद में फॉर्मर रजिस्ट्री कैप एसडीएम टूंडला अनुराधा सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा लगाया गया। साथ ही कुछ किसान जिनके खेतों में गेहूं बोया गया था उनका मौके पर गेहूं खरीद हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया गया। एसडीएम टूंडला अनुराधा सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले कृषको को ही कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ देय होगा एवं योजनाओ के लाभ हेतु बार बार कृषक को अपना सत्यापन भी नहीं कराना होगा। फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले कृषको को ही विभागीय कृषक परामर्श एवं समय समय में कृषि की नये नये कार्यकमों की जानकारी भी दी जायेगी।

### वांछित अभियुक्त अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना जसराना पुलिस ने चैकिंग के दौरान पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी क्रम में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना जसराना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त सुशील पुत्र सत्यभान निवासी नंगला बरी थाना जसराना को जसराना बाईपास से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस आधार पर अभियोग में आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा।

# जीआईएस सर्वे के आधार पर गृह कर जलकर वसूली पर हाईकोर्ट में याचिका मंजूर

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा जीआईएस सर्वे के आधार पर की जा रही गृह कर जलकर वसूली को लेकर हाई कोर्ट ने याचिका मंजूर कर ली है और 7 अप्रैल को सुनवाई होगी। सोशल एक्टिविस्ट सुरेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट ने अपनी याचिका में उच्च न्यायालय के 2012 में शिव सेवक सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य को आधार मानते हुए जी आई एस सर्वे के आधार पर गृह कर जलकर वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने जनता से गृह कर जलकर की वसूली के लिए सारी हदें पार की है। जी आई एस सर्वे के आधार पर मनमाने बिल देकर भवनों को सील किया गया। मकानों पर बकाया लिखवाकर बेइज्जत किया गया। लोगों की घेराबंदी की गई।जनता पर तरह तरह का दबाव डाला गया। जिसके कारण बहुत सारे लोग होली का त्योहार तक ठीक से नहीं मना सके। जबकि नगर विधायक और मेयर साहिब सहित सभी सत्ताधारी जनप्रतिनिधि जिनको जनता ने यह सोचकर की है यह हमारे हितों की रक्षा करेंगे वोट दिया वह अपने निजी हितों के लिए खुलेआम तमाशा देखते रहे। और जनता का उत्पीड़न होता रहा है यह सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक फेलियर है जिसका आने वाले 2027 और 28 में फिरोजाबाद की जनता इसका जवाब जरूर देगी। अधिकारियों ने मनमानी कर-के वसूली की है यह खुलेआम जान बूझ कर कानून का उल्लंघन हुआ है अब हाईकोर्ट के निर्णय आने के बाद फिरोजाबाद की जनता को न्याय के लिए अन्य कानूनी पहलुओं पर भी विचार किया जाएगा।

# डीएम और एसएसपी ने की धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी की मीटिंग



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद में चाक चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी। मीटिंग के दौरान संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए गये एवं उनकी समस्याओं को सुनकर समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। सभ्रांत नागरिकों से अपील है कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे।

# सचिव, सहसचिव एवं ऑडीटर पद के निर्विरोध निर्वाचन तय

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना। बार एसोसिएशन जसराना में चल रही चुनाव प्रक्रिया के दौरान नामांकन के अंतिम दिन छह पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए। तीन पदों पर एकमात्र नामांकन आने से इनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है। बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के लिए तीन अप्रेल को नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हुई। बृहस्पतिवार को कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए ओंकार सिंह यादव एवं सत्यपाल सिंह यादव ने नामांकन दाखिल किया। वहीं उपाध्यक्ष बनने के लिए ब्रजकिशोर उपाध्याय, मुनेश यादव, सतेंद्र यादव ने नामांकन दाखिल किए। कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय यादव एवं दिनेश वर्मा ने नामांकन पत्र जमा किए। सचिव पद के लिए बलवीर सिंह, सहसचिव पद के लिए शेर सिंह एवं ऑडीटर पद के लिए रवींद्र सिंह ने नामांकन दाखिल किया। सचिव, सह सचिव एवं ऑडीटर पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने से उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी अजब सिंह यादव, कृपाल सिंह, अजय कुमार कुलश्रेष्ठ, नंद किशोर भारतीय, वीरेंद्र सिंह ने बताया छह पदों के लिए 10 अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किए हैं। सात अप्रेल को नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापिसी होगी। 15 अप्रेल को मतदान कराया जाएगा।

# बिजली विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों में मारपीट, वीडियो वायरल

## दोनों पक्ष लगा रहे आरोप , वायरल वीडियो में ग्रामीण करते दिखे अभद्रता

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**




फिरोजाबाद/टूंडला। थाना नगला सिंघी क्षेत्र में विद्युत टीम द्वारा विद्युत चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान जटपुरा फीडर के जेई हरीश सोनी के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ठार बदन सिंह गांव पहुंची थी। टीम के कर्मचारी दीवार फांदकर एक घर में घुस गए। मौके पर चोरी की बिजली से एक ऑटो चार्ज करता हुआ मिला जब उससे पूछा गया कि डोरी में से कट लगाकर आप ऑटो चार्ज कर रहे हैं तो ग्रामीण ने कहा मैं ऐसे ही चार्ज करूंगा और लट्ठ मंगाने लगा और कहने लगा कि आज इन्हीं को देखना है। जब उसने देखा कि ये बिजली विभाग के जेई व कर्मचारी हैं तो महिला के नहाने का आरोप लगाते हुए चिल्लाने लगा। गुस्साए ग्रामीणों ने जेई समेत बिजली कर्मचारियों को पकड़ लिया। उन्होंने टीम के सदस्यों की जमकर मारपीट की। इस पूरे प्रकरण का वीडियो वायरल हो रहा है।

गांव के कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर बिजली कर्मचारियों को बचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों को अपने साथ ले गई। इस मारपीट का वीडियो व ऑटो चार्ज का वीडियो वायरल हो रहा है। महिला का कहना है कि उनके घर का बिजली बिल जमा है।

उन्होंने बताया कि कर्मचारी चोरी-छिपे घर में घुसे थे। पहले उन्हें लगा कि ये चोर हैं बाद में पता चला कि बिजली विभाग के कर्मचारी थे। घटना की जानकारी पर एसडीओ दुष्यंत कुमार थाने पहुंचे। गांव की महिलाएं भी थाने पहुंचीं और अपनी शिकायत दर्ज कराने की मांग की। थानाध्यक्ष नगला सिंघी बृज किशोर के अनुसार किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

# हेड कांस्टेबल ने फांसी का फंदा लगा कर दी जान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



वृंदावन/मथुरा। थाना सदर बाजार क्षेत्र अंतर्गत औरंगाबाद के बलदेवपुरम इलाके में पुलिस हेड कांस्टेबल द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक आगरा कमिश्नरेट में डायल 112 पर तैनात बताया जा रहा है।

मूल रूप से बुलंदशहर के रहने वाले हाल निवासी औरंगाबाद मथुरा हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह पुत्र संतराज सिंह के पड़ोसियों को राजवीर सिंह के घर का दरवाजा काफी देर तक न खोले जाने पर शंका हुई तो उन्होंने इसकी सूचना इलाका पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा तो राजवीर सिंह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मृतक राजवीर सिंह की पत्नी मायके गई हुई थी। पुलिस द्वारा दी गई सूचना पर राजवीर सिंह की पत्नी परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गई। मृतक की पत्नी के अनुसार राजवीर सिंह पर उसके जेठों द्वारा लगातार जमीन बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी से परेशान होकर राजवीर सिंह ने आत्महत्या की है। मूल रूप से बुलंदशहर के बीवी नगर के रहने वाले हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह फिलहाल मथुरा के थाना सदर बाजार क्षेत्र अंतर्गत बलदेवपुरी में किराए के मकान में रहते थे और आगरा कमिश्नरेट में डायल 112 पर उनकी तैनाती थी। पुलिस ने राजवीर सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# उ.प्रा. वि. बूढ़ा भरथरा में वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



शिकोहाबाद । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बूढ़ा भरथरा में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में कक्षा आठवीं तक के छात्र छात्राओं को विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । शारदा संगोष्ठी में बच्चों को आधिक से अधिक संख्या में नामांकन पर जोर दिया गया । वहीं संगोष्ठी का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया । बैठक में ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, एसएमसी अध्यक्ष ममता देवी, सोनिया, कौशलेन्द्र , दलवीर सिंह , प्रतिमा, रीता, मालती आदि उपस्थित रहे ।

# भाजपा पदाधिकारियों ने की आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। शुक्रवार को नगर टूंडला के एटा रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कैंप कार्यालय पर टूंडला विधानसभा की अति आवश्यक आगामी कार्यक्रम एवं आगामी कार्य योजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि 6 अप्रैल 2025 को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता का चित्र लगाकर पुष्पांजलि अर्पित करनी है। 8 से 9 अप्रैल 2025 तक सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन विधानसभा स्तर पर होना है। 10 अप्रैल को टूंडला विधानसभा की बाइक रैली का आयोजन होना है। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पार्टी द्वारा दिनांक 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना निश्चित किया गया है। 13 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा एवं परिसर की स्वच्छता तथा दीप प्रज्वलन होना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्यार्पण एवं संविधान की प्रस्तावना का सामाजिक रूप से वाचन होगा। 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रत्येक संगठनात्मक जिले में विचार गोष्ठी का आयोजन होना है।

# स्वदेशी समाज सेवा समिति द्वारा विभिन्न प्रकल्पों का हुआ भूमि पूजन

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



सिरसागंज । ब्लाक मदनपुर क्षेत्र के गांव रुरिया मे मां रुद्राणी धाम पर स्वदेशी सेवा समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे पर्यावरणीय एवं आध्यात्मिक वन मे विभिन्न वाटिकायें महाभारत वाटिका , रामायण वाटिका , विश्व की प्रथम श्री रामचरित मानस वाटिका , उत्तराखण्ड मे पहाड़ो पर पाये जाने वाले पौधे हिसालू , च्यूरा, हल्दू, रीठा, रुद्राक्ष, जबलपुर मध्यप्रदेश मे जंगलो मे पाये जाने वाले औषधीय पौधे दहीमन, गरुण , नेपाल में पाये जाने वाले शिवलिंगी के पौधे हरे भरे दिखाई दे रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वदेशी सेवा समिति द्वारा आचार्य स्वदेश महाराज कुलाधिपति गुरुकुल विश्वविद्यालय, वृन्दावन के सानिध्य में विभिन्न प्रकल्पों का विधि विधान से हवन यज्ञ कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिलीप यादव कुलाधिपति एफ.एस. विश्वविद्यालय शिकोहाबाद , सतीश कुमार ग्लोबल एकेडमी इटावा, अजब सिंह यादव, संजीव आहूजा आदि मौजूद रहे।

# वैदिक गणना के आधार पर तैयार श्रीधर्मसिंधु व्रतोत्सव निर्णय पत्रिका

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



वृंदावन। श्री राधा कृष्ण सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट वृंदावन के तत्वाधान में श्रीधर्मसिंधु व्रतोत्सव निर्णय पत्रिका का विमोचन बृजवासी बंधुओं के पावन सानिध्य में किया गया ।नए संवत 2082 के लिए तैयार किए गए इस व्रतोत्सव निर्णय पत्रिका में भारत में प्रकाशित विभिन्न पंचागों का अध्ययन कर वैदिक गणना का ध्यान रखा गया है ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तीर्थपुरोहित बृजवासी एवं ब्राह्मण महासभा के संरक्षक सुरेश शर्मा एवं वंशी तिवारी ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में कोई भी शुभ कार्य बिना शुभ मुहूर्त के नहीं किया जाता है। धर्म, संस्कृति से भावी पीढ़ी को अवगत कराना हम सभी का पहला कर्तव्य होना चाहिए ताकि हमारी पीढ़ी अपनी सदियों पुरानी गौरवमयी संस्कृति से सदैव जुड़े रहे । ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के साहित्यकार गोपाल शरण शर्मा ने बताया कि इस व्रतोत्सव निर्णय पत्रिका में पूरे वर्ष के एकादशी, अमावस्या पूर्णिमा , संक्रांति एवं वर्ष पर्यंत के त्यौहार साथ ही नाम जप महिमा, दिव्य वृन्दावन एवं वृन्दावन उपासना के संदर्भ में दिव्य लेख बहुत सुगमता से दिए किए गए हैं । श्री राधाकृष्ण सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक हित चंद्रनारायण गौड़ ने बताया कि यह उत्सव पंचांग ही नहीं अपितु इसमें सनातन धर्म से जुड़ी विभिन्न धार्मिक जानकारियां भी उपलब्ध कराई गई है ट्रस्ट का उद्देश्य समाज में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्रज ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष चैतन्य शर्मा, रामनारायण बृजवासी, योगेंद्र बृजवासी, गोविंद पचौरी,भूरी सिंह शर्मा, मुकेश कृष्ण शर्मा, जितेंद्र गौतम, सुमंत शुक्ला, निकुंज बिहारी गौतम, अनुज शर्मा एवं ब्रजवासी तीर्थ पुरोहित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाए जाने को लेकर बैठक आयोजित, महानिदेशक पुलिस यू.आर. साहू ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## आगामी 15 से 17 अप्रैल को समारोहपूर्वक होंगे कई आयोजन, आरपीए में होगा राज्य स्तरीय आयोजन, मुख्यमंत्री लेंगे परेड की सलामी

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

जयपुर(राजस्थान)।राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस को भव्य एवं समारोहपूर्वक मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को महानिदेशक उत्कल रंजन साहू की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय के डीजीपी सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में डीजीपी श्री साहू ने राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस को समारोहपूर्वक मनाए जाने के दौरान आयोजित किये जाने वाले श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों व राज्यस्तरीय आयोजन की रूपरेखा आदि पर चर्चा व गहन विचार विमर्श कर बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।उन्होंने कहा कि आगामी 15 से 17 अप्रैल तक बच्चों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,रक्तदान शिविर,स्वच्छता अभियान आदि के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताएं,कविता पाठ,नृत्य प्रतियोगिताएं, बच्चों का पुलिस थानों का दौरा,पौधारोपण,पुलिस बैंड प्रदर्शन,सेमिनार,बड़ाखाना इत्यादि कार्यक्रम पूरी मुस्तेदी एवं पूर्ण तैयारी के साथ करवाए जाएं। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी आगामी 15 से 17अप्रैल को 76वां राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस अकादमी(आरपीए)में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा सभी पुलिस रेंज, पुलिस जिला एवं पुलिस यूनिटों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है।महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू द्वारा इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार की बैठक में पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की सफलता के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई,जिनकी पालना के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।डीजीपी श्री साहू ने पुलिस स्थापना दिवस दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में अलंकरण समारोह आयोजित करने,प्रचार-प्रसार और आमंत्रण कार्ड



वितरित करने,परेड के सुचारू संचालन और समारोह के लिए मैदान तैयार करने,ब-ड़ा-खाना की व्यवस्था करने विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित करने व उनके परिवहन की विधिवत व्यवस्था करने और तथा समारोह के दौरान स्वागत और आतिथ्य के लिए जिम्मेदारी का निर्धरण तय किया है।राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी एवं रेंज मुख्यालयों सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक समन्वय समिति गठित की गई है।पुलिस स्थापना दिवस का मुख्य राज्य स्तरीय समारोह 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में आयोजित किया जाएगा,इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा परेड की सलामी लेंगे।परेड में राजस्थान पुलिस अकादमी,चतुर्थ एवं पांचवी बटालियन, आरएसी,हाड़ी रानी बटालियन, एसडीआर-एफ,जीआरपी,एमबीसी एवं ईआरटी की एक-एक प्लाटून के अलावा जयपुर पुलिस आयुक्तालय की तीन प्लाटून (निर्भया स्कवॉड प्लाटून,पुलिसकर्मी प्लाटून और यातायात प्लाटून)सहित कुल 11 प्लाटून भाग लेंगी।जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र के ऐसे आमजन जिन्होंने जीवन रक्षा अथवा किसी घटना/दुर्घटना के मौके पर पुलिस को सहयोग किया हो,उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए परेड समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। डीजीपी श्री साहू ने बताया कि पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत रक्तदान शिविरों के साथ होगी।राज्य स्तर पर आरपीए परिसर तथा जिलों में पुलिस लाइंस में ये रक्तदान शिविर 15 अथवा 16 अप्रैल को आयोजित होंगे।इसी क्रम में राज्य में पुलिस के भवनों और परिसरों में स्वच्छता के लिए सफाई अभियान चलाया जाएगा।वहीं जिला पुलिस लाइंस में सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेलकूद प्रतियोगिता और डांस कॉम्पीटिशन जैसी गतिविधियां आयोजित होगी।इसके अलावा राज्य के चुनिंदा पुलिस थानों में बच्चों की विजिट भी कराई जाएगी।राज्य,रेंज और जिला स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भी रखा गया है।राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह के आयोजन के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सतर्कता संजीब कुमार नार्जरी की अध्यक्षता में अलंकरण समिति,अतिरिक्त महानिदेशक कार्मिक सचिन मित्तल की अध्यक्षता में प्रचार व आमंत्रण समिति,अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कम आरपीए निदेशक एस.सेंगाथिर की अध्यक्षता में परेड एवं ग्राउन्ड प्रिप्रेशन समिति,अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,प्रशिक्षण अशोक कुमार राठौर की अध्यक्षता में सेमिनार समिति,अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन आनन्द श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बड़ा खाना समिति,अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस पुनर्गठन डॉ प्रशाखा माथुर की अध्यक्षता में मोमेंटो समिति, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स श्रीमती मालिनी अग्रवाल की अध्यक्षता में बैंड डिस्प्ले समिति,अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्विज कंपटीशन समिति,महानिदेशक पुलिस एसडीआरएफ डॉ हवा सिंह घूमरिया की अध्यक्षता में कल्चरल प्रोग्राम समिति एवं पुलिस कमिश्नर जयपुर बीजू जार्ज जोसफ की अध्यक्षता में गठित की गई है।डीजीपी श्री साहू ने विभिन्न समितियों के नोडल प्रभारी के रूप में बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों से विभिन्न बिन्दुओं पर विषयक चर्चा कर बिंदुवार दिशा-निर्देश दिए हैं।

# आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन बिहार में होगा टांय टांय फिस्स: हिमराज राम

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।जद(यू)प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के ताजा बयान को लेकर आरजेडी पर तंज कसा है।उन्होंने कहा कि कृष्णा अल्लावरु का बयान इस बात का प्रमाण है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच एकरूपता नहीं है और दोनों पार्टियां एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगी हैं।उन्होंने कहा कि बिहार कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि उनकी पार्टी आरजेडी की बी टीम बनकर नहीं है बल्कि वो ए टीम बनकर काम करेगी जबकि सच्चाई ये है कि आरजेडी कांग्रेस को जेड टीम मानने को भी तैयार नहीं है।पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि खुद कांग्रेस प्रभारी ने कहा



कि महागठबंधन में मुख्यमंत्री पद को लेकर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।इससे यह स्पष्ट होता है कि विपक्षी गठबंधन के पास बिहार के भविष्य को लेकर कोई ठोस नेतृत्व,दृष्टि या साझा रणनीति नहीं है।उन्होंने कहा कि बिहार की जनता आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन पर भरोसा नहीं कर सकती है और आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली एनडीए गठबंधन को 225 सीटों से ज्यादा दिलाने का काम करेगी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है और इस सरकार ने लोगों के कल्याण के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिए हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्राथमिकता विकास,सामाजिक न्याय और स्थिर शासन है।जनता ने बार-बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भरोसा जताया है,और आगामी विधानसभा चुनाव में भी बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों पर मुहर लगाने का काम करेगी।

# मुख्यमंत्री ने वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का किया निरीक्षण,तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली जिला के वैशालीगढ़ स्थित निमार्णाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन-सह-स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर के निर्माण एवं विकास कार्यों का जायजा लिया।मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्तूप के भू-तल एवं प्रथम तल का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने ध्यान केन्द्र का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के



निर्माण कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और बचे हुए कार्य को एक माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने योजना के मुख्य अवयवों-बुद्ध स्तूप की आकृति(पत्थर की संरचना),संग्रहालय ब्लॉक,प-ुस्तकालय एवं ध्यान केन्द्र,आगंतुक केंद्र,अतिथि गृह, प्रदर्श और परिदर्शक केंद्र के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का बारिकी से अवलोकन किया।मुख्यमंत्री ने परिसर में बने तालाब और लगाए गए पेड़-पौधों का जायजा लिया।उन्होंने मेकिंग ऑफ बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप की गैलरी का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यहां हमेशा आते रहे हैं और यहां के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहे हैं।हमने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप के निर्माण को लेकर जो निर्देश दिये थे,उसके अनुरूप कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। परिसर का स्वरूप पर्यावरणीय दृष्टिकोण से बेहतर बनाएं ताकि आनेवाले पर्यटकों को इस जगह पर एक अलग अनुभूति हो। उन्होंने कहा कि आवागमन को भी बेहतर किया जा रहा है ताकि पर्यटक यहां आसानी से और कम समय में पहुंच सकें।यहां अधिक-से-अधिक संख्या में पर्यटकों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है।भगवान बुद्ध के जितने भी अस्थि कलश मिले हैं,उसमें वैशाली में मिला अस्थि कलश सबसे प्रमाणिक है।बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद यहां बौद्ध भिक्षुओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदी सिनेमा के अनमोल रत्न थे मनोज कुमार:नंदकिशोर, विधानसभा अध्यक्ष

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने पद्मश्री और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित दिग्गज फिल्म अभिनेता-निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।उन्होंने शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मनोज कुमार हिंदी सिनेमा के अनमोल रत्न थे।उनके निधन से हिन्दी फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।मनोज कुमार की 'पूरब-पश्चिम', 'उपकार' और 'क्रांति' जैसी फिल्में लोगों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करती हैं।लोग उन्हें प्यार से भारत कुमार कहते थे।मनोज कुमार अपने उत्कृष्ट अभिनय और निर्देशन के लिए हमेशा याद किये जाएंगे।ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दें एवं दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री ने अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध और लोकप्रिय अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर शोक एवं दुख व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व.मनोज कुमार हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध और लोकप्रिय अभिनेता के साथ-साथ फिल्म निर्देशक भी थे।उन्हें भारतीय फिल्मों के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

स्व.मनोज कुमार को 1992 में पद्म श्री सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।उनके निधन से फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है।

## खेल

# पंजाब और राजस्थान के मुकाबले में जायसवाल की फॉर्म पर निगाह

मुल्लांपुर (भाषा) राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई में पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो सभी की निगाह खराब फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल पर टिकी रहेगी जो मैदान के बाहर की घटनाओं के बजाय अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरना चाहेंगे। जायसवाल हाल में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने मुंबई की टीम के अपने एक सीनियर साथी के साथ कथित मतभेदों के कारण घरेलू क्रिकेट में गोवा की तरफ से खेलने का फैसला किया।

बाएं हाथ का यह बल्लेबाज आईपीएल में अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उन्होंने दिन मैच में केवल 34 रन बनाए हैं जिसका उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स पर काफी प्रभाव पड़ रहा है।



जायसवाल की खराब फॉर्म का एक कारण उनका मैच अभ्यास की कमी है क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी में वनडे क्रिकेट में पदार्पण के बाद वह आईपीएल से पहले किसी प्रतिस्पर्धी मैच में नहीं खेले थे। उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी की टीम से भी बाहर कर दिया गया था। सैमसन की उंगली में चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग को पहले तीन मैच के लिए कप्तान नियुक्त किया था और यह स्पष्ट नहीं है कि जायसवाल को यह फैसला नागवार गुजरा या नहीं। लेकिन यह बात किसी से छुपी नहीं है कि जायसवाल आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं लेकिन अभी उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा क्योंकि आईपीएल जैसे टूनार्मेंट में फॉर्म बद से बदतर होने में देर नहीं लगती।

रियान पराग की कप्तानी में नेतृत्व कौशल की अनुभवहीनता स्पष्ट नजर आई लेकिन इस बीच उसकी टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया जिससे उसके खिलाड़ी आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे।

रॉयल्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर होंगे जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमा कर अपनी शानदार फॉर्म का परिचय दिया है। वह लंबे शॉट खेलने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। यही नहीं अय्यर ने अपने कप्तानी कौशल का भी शानदार नमूना पेश किया है। उन्होंने पहले दो मैच में जिस तरह से ग्लेन मैक्सवेल का स्पिन गेंदबाज के रूप के रूप में इस्तेमाल किया, वह सराहनीय है। जहां तक राजस्थान रॉयल्स का सवाल है तो संजू सैमसन की कप्तान के रूप में वापसी से उसकी टीम का हौसला बढ़ेगा लेकिन पंजाब किंग्स के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**टीम इस प्रकार हैं: पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

## न्यूज ब्रीफ

### ईस्पोर्ट्स 2025 केआईवाईजी में प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरूआत करेगा




नयी दिल्ली (भाषा) ईस्पोर्ट्स बिहार में चार से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया युवा खेल (केआईवाईजी) में प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरूआत करेगा।

केआईवाईजी 2025 इस टूनार्मेंट का सातवां चरण है जिसकी मेजबानी बिहार के पांच शहर (पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय) करेंगे। इस दौरान निशानेबाजी, जिम्नास्टिक और साइकिलिंग की ट्रैक स्पधाओं का आयोजन नयी दिल्ली में होगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा, ह्यखेलो इंडिया युवा खेल 2025 का आयोजन बिहार में होगा, जहां ईस्पोर्ट्स एक प्रदर्शनी खेल के रूप में अपनी शुरूआत करेगा। उन्होंने बताया, इस आयोजन में 28 खेल शामिल होंगे जिसमें, 27 प्रतिस्पर्धी और ईस्पोर्ट्स प्रदर्शनी खेल के तौर पर शामिल होगा।

इन खेलों में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, साइकिलिंग, तलवारबाजी, फुटबॉल, गटका, जिम्नास्टिक, हॉकी, जूडो, कबड्डी, कलरीपयट्ठ, खो-खो, मल्लखंभ, निशानेबाजी, तैराकी, सेपकटकरा, टेबल टेनिस, टेनिस, थांग-टा, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन और रग्बी के साथ प्रदर्शनी खेल के तौर पर ईस्पोर्ट्स शामिल है। ईस्पोर्ट्स ने इंडोनेशिया (जकार्ता और पालेमबांग) में 2018 एशियाई खेलों में एक प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरूआत की, और 2022 हांगझोऊ एशियाई खेलों में एक पदक खेल बन गया।

# नीरज 24 मई को स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेंगे

नयी दिल्ली (भाषा) भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्टार खिलाड़ियों से सजी वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में शिरकत करेंगे जिसका आयोजन 24 मई को पंचकुला में होगा।



इस प्रतियोगिता का नाम नीरज चोपड़ा क्लासिक रखा गया है क्योंकि यह भारतीय स्टार इसके आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा। खेल की संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स ने इस प्रतिस्पर्धा को श्रेणी ए का दर्जा दिया है जो ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगी। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट ने हालांकि इस स्पर्धा को अपने ह्यकॉन्टिनेंटल टूरह्ण के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया है। यह कैलेंडर हालांकि सत्र की शुरूआत से पहले लगाया गया था।

इससे पहले जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे भारत की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की काबिलियत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी।

इस प्रतिस्पर्धा की आयोजन समिति में चोपड़ा भी शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रतियोगिता को देश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# नूर सभी से सीखने की कोशिश कर रहा है, वह अच्छी 'रॉन्ग उन' डालता है : कुलदीप

चेन्नई (भाषा) दुनिया के शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने युवा अफगान गेंदबाज नूर अहमद की तारीफ करते हुए कहा कि बल्लेबाजों के लिए उनकी तेज गति वाली गुगली को समझना काफी मुश्किल है। कुलदीप और नूर अपनी-अपनी टीम के लिए अच्छी फॉर्म में हैं और शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में काफी कुछ इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर होगा।

जहां कुलदीप ने तीन मैच में छह से कम की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए हैं, वहीं नूर इस दौरान नौ विकेट झटके है। वह 6.83 की इकॉनमी रेट के साथ विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं।

कुलदीप ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, वह वास्तव



में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है और मैं उसे व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। वह ऐसा गेंदबाज है जो सभी से सीखने की कोशिश कर रहा है। कल रात भी हमारी बातचीत हुई थी। मैं उसके साथ बैठा था और हमने लेग-स्पिन के बारे में बातचीत की थी। भारत के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने कहा, और जाहिर है उसके पास एक शानदार ह्यरॉन्ग उनह्ण गेंद है और इस तरह की गति के साथ बल्लेबाज के लिए उनकी गेंद को समझना बहुत मुश्किल है। कुलदीप ने कहा, खासकर जब आप चेन्नई में खेलते हैं तो किसी भी कलाई के स्पिनर के खिलाफ रन बनाना हमेशा बहुत मुश्किल होता है।

कुलदीप ने केकेआर के वरुण चक्रवर्ती की भी बहुत तारीफ की जो भारत की टी20 टीम का एक अहम सदस्य बन गया है।

उन्होंने कहा, वरुण पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जाहिर है, वह पिछले कुछ साल से केकेआर के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इस पल तक आने के लिए बहुत अच्छा खेल दिखाया है।

# विश्व मुक्केबाजी कप: हितेश का खिताब पक्का, जादूमणि और विशाल ने किया निराश

नयी दिल्ली (भाषा) राष्ट्रीय चैंपियन हितेश शानदार रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए 70 किग्रा के मुकाबले में फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5-0 से हराकर विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए।

भारतीय मुक्केबाज ने ब्राजील के फोज डू इगुआकु में हो रहे इस आयोजन में शुरूआत में ओलंपियन ट्रोरे के खिलाफ सतर्क रुख अपनाया, लेकिन जवाबी हमला करने के मौके की हमेशा तलाश में रहे। हितेश इस रणनीति से मुकाबले की गति को नियंत्रित करने में सफल रहे। फाइनल में उनके सामने इंग्लैंड के ओडेल कामरा की चुनौती होगी। अन्य भारतीयों में जादूमणि सिंह मंडेंगबाम ने पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जलीलोव को कड़ी टक्कर दी।

# रोहित को अभ्यास के दौरान घुटने में चोट लगी, लखनऊ के खिलाफ आईपीएल मैच से बाहर

लखनऊ (भाषा) मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बताया कि नेट (अभ्यास) सत्र के दौरान उनके घुटने में चोट लगाने के कारण दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर-जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए।

भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित इस आईपीएल सत्र में अब तक संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले गए तीन मैचों में शून्य, आठ और 13 रन बनाए हैं।

हार्दिक ने टॉस के समय कहा, रोहित को नेट्स (अभ्यास सत्र) में घुटने में चोट लग गयी थी और वह इस मैच बाहर है।

भारत और मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बारे मे पूछे जाने पर हार्दिक ने कहा, ह्यह्य उनकी वापसी जल्द ही होनी चाहिये।ह्णह्ण



बुमराह को इस साल की शुरूआत में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान पीठ के निचले हिस्से में चोट लग गई थी।

इस बीच, भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को मुंबई इंडियंस के लिए अपने 100वें मैच के लिए एक विशेष जर्सी मिली।

नई दिल्ली, शनिवार 5 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



पिकअप भवन सभागार लखनऊ में विधानसभा सचिवालय उत्तर प्रदेश (संसदीय अनुभाग) द्वारा गठित उद्योग स्थायी समिति एवं क्षेत्रीय विकास स्थायी समिति की बैठक में माननीय विधानसभा सदस्यों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मिलित हुआ। जिसमें माननीय सदस्यों ने औद्योगिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।




# जीवन में बिना शुद्धि की बुद्धि कभी कल्याणकारी नहीं हो सकती: भाईश्री रमेश भाई ओझा

## नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम जन्माष्टमी पार्क रिंग रोड पर ''एकल श्री रामकथा'' के सातवें दिन 'एकल एक क्रांति' पुस्तक का किया गया विमोचन













नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध कथा व्यास भाईश्री रमेश भाई ओझा ने कहा कि जीवन में बिना शुद्धि की बुद्धि कभी कल्याणकारी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि बुद्धिमता का अहंकार मनुष्य के विनाश का कारण बन जाता है । भगवान राम पतित पावन है , अंततः उनकी शरण में जाने वाले हर व्यक्ति का उद्धार हो जाता है ।

दिल्ली के पंजाबी बाग जन्माष्टमी स्टेडियम में आयोजित एकल श्री राम कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं को कथा का अमृतपान कराते हुए उन्होंने सुन्दर ढंग से सीता स्वयंवर के आख्यान वर्णित किए। उन्होंने बहुत ही हृदय स्पर्शी ढंग से राम विवाह के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान राम का दूल्हे के रूप में दर्शन करने देवों के देव महादेव शिव सहित सभी देवी देवता मिथिलापुरी पधारे थे । उन्होंने बताया कि भगवान राम का चरित्र एक सेतु जैसा है जिन्होंने कर्म के मार्ग और ज्ञान दौनों मार्ग रूप में राजा जनक और राजा दशरथ को जोड़ा ।

उन्होंने कहा कि भगवान राम पापों को ताड़ने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम है जिन्होंने, अपने गुरु विश्वामित्र जी के आदेश पर अपने अनुज लक्ष्मण जी के साथ यज्ञ की रक्षा की और असुरों का नाश किया। ताड़का वध किया ।जड़ अहिल्या का अपने पैर के स्पर्श से उद्धार किया । उन्होंने पैर से नहीं मर्यादा आचरण से छू कर अहिल्या को जड़ से सजीव किया। कथा व्यास ओझा ने अपने मुखारविन्द से श्री राम विवाहोत्सव कथा प्रसंग का व्याख्यान किया। उन्होंने राम कथा के विभिन्न प्रसंगों का प्रभावी वर्णन करते हुए कहा कि शिव धनुष के भंग के बाद सीता जी का वरण किया। ओझा जी ने कहा कि एकल विधायक की पवित्र यात्रा को देश के सभी सन्त महात्माओं, राजनेताओं, विभिन्न क्षेत्रों की सेलिबेट्रीज आदि शुभाशीर्वाद मिल रहा है ।

विशिष्ठ जनों ने सुनी रामकथा : शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि सहित कई विशिष्ठ जन भी पधारे और श्रद्धालुओं को शुभाशीर्वाद दिया। अन्य अतिथियों ने राम कथा सुनी और कथा व्यास भाईश्री रमेश भाई ओझा का आर्शीर्वाद लिया।

उल्लेखनीय है कि भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र नवरात्रि पर नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम रिंग रोड नई दिल्ली में गुजरात के सुप्रसिद्ध कथा व्यास भाईजी रमेश भाई ओझा के सानिध्य में आयोजित इस भव्य एकल रामकथा और विशाल सहस्त्र चण्डी महायाग में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और श्रोता पहुँच रहें हैं ।एकल श्री राम कथा का आयोजन एकल अभियान के अंतर्गत संचालित भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा शिक्षित, स्वस्थ एवं स्वावलंबी राष्ट्र निर्माण के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहें 'रजत जयंती वर्ष' के अन्तर्गत किया जा रहा है ।

कथा के दौरान उच्चतम न्यायलय की जानी मानी वकील नाज़ियाि इलाही खान द्वारा एकल अभियान के ऊपर लिखी गयी किताब 'एकल एक क्रांति' का विमोचन भी किया है । इस पुस्तक के बारे में नाजिया नाज़ियाि इलाही खान ने बताया की शिक्षित स्वास्थ्य और समृद्द भारत के निर्माण के लिए समर्पित भाव से सेवारत भारत लोक शिक्षा परिषद्, एकल अभियान द्वारा समाज निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया गया है । शुक्रवार को भी को एकल सुरताल कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।साथ ही एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों पर एक प्रभावी पावर प्रस्तुति भी की गई ।

इस अवसर पर एकल अभियान भारत लोक शिक्षा परिषद ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, ट्रस्टी ओम प्रकाश सिंघल, विनीत कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, सुरेश कुमार जिंदल, सुरेन्द्र पाल गुप्ता, विवेक नागपाल मुख्य यजमान अनिल गुप्ता , मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

कथा के दौरान प्रतिदिन 108 गांव के ब्राह्मणों द्वारा सहस्र चंडी महायाग में पूजा पाठ हवन आदि वैदिक कार्यक्रमों जा आयोजन किया जा रहा है । इस आयोजन में देश भर से कई पूज्य संत, प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ एवं सामजिक क्षेत्र के सम्मानित महानुभावों का आगमन भी हों रहा है ।इस अवसर पर अयोध्या के भव्य एकल श्रीराम मंदिर की आलोकित आकर्षण झाँकी के प्रदर्शन के साथ ही लाइव कंप्यूटर लैब एवं एम्बुलेंस और एकल अभियान के सभी आयामों की प्रदर्शनियाँ का आयोजन भी किया जा रहा है ।राम कथा का हर एकल स्कूल में लाइव प्रसारण भी हो रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आवास योजना का उद्घाटन किया



**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की अनंत नगर आवास योजना का उद्घाटन किया और इसे शहर में विश्वस्तरीय आवासीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि लोगों को बेहतर आवास विकल्प और जीवन जीने की सुगमता में सुधार हो। उन्होंने इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति के लिए पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को श्रेय दिया।

आदित्यनाथ ने कहा, ''आवास क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी लाना और समय से पहले परियोजनाएं पूरी करना समय की मांग है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस दिशा में कदम उठाए हैं।''

लगभग सात हजार करोड़ रुपये के निवेश से विकसित 800 एकड़ की अनंत नगर परियोजना, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, एक्सप्रेसवे और लखनऊ रिंग रोड के पास स्थित है। एक एकीकृत टाउनशिप के रूप में तैयार की गई इस योजना में शैक्षणिक संस्थानों, ऊंची आवासीय इमारतों और किफायती आवास भूखंडों के लिए जगह चिह्नित की गई हैं।

आदित्यनाथ ने कहा, ''आज के दौर में जिन ऊंची इमारतों के निर्माण में पांच से 10 साल लगते थे, उन्हें अब उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कुछ ही महीनों में पूरा किया जा सकता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि इस परियोजना में आधुनिक प्रौद्योगिकी भी शामिल हों, जिससे हरित और आध्यात्मिक माहौल के साथ किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले आवास उपलब्ध हों।''

इस परियोजना में डेढ़ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराने की योजना है, जिसमें 10,000 फ्लैट और भूखंडों वाले सात सेक्टर का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) श्रेणियों में पांच हजार आवास इकाइयां 25,000 से अधिक लोगों को लाभान्वित करेंगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन हजार मकान उपलब्ध कराए जाएंगे। टाउनशिप के हिस्से के रूप में 130 एकड़ का पार्क और एक 'एडुटेक सिटी' की भी योजना बनाई गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निवासियों को आसपास के क्षेत्र में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा संस्थानों तक पहुंच प्राप्त हो।

आदित्यनाथ ने कहा कि इस योजना के तहत भूखंडों और आवासों के आवंटन में किसी भी मध्यस्थ या दलाल को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। लखनऊ विकास प्राधिकरण परियोजना के पारदर्शी कार्यान्वयन की देखरेख करेगा।

उन्होंने कहा कि इस तरह की बड़े स्तर वाली आवास परियोजनाएं उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और राज्य को एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

उन्होंने कहा, ''ये पहल लोगों के जीवन बदलाव लाएंगी, उन्हें बेहतर आवास और अधिक आरामदायक जीवन शैली प्रदान करेंगी। इस योजना के अत्यधिक लोकप्रिय होने की उम्मीद है और अधिकारियों को इसके सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।''

# महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में कुएं में गिरा ट्रैक्टर-ट्रॉली, सात महिला मजदूरों की मौत

छत्रपति संभाजीनगर, शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के कुएं में गिर जाने से खेत में काम करने वाली सात महिला मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य को बचा लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृतकों में दो की उम्र 18 वर्ष है।

0जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) प्रवीण ताके ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह लगभग 7:30 बजे लिंबगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले असेगांव गांव में हुई, जब वाहन सड़क से उतरकर पानी से लबालब भरे कुएं में गिर गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और कुएं से बड़ी मात्रा में पानी पंप की मदद से बाहर निकाला।

डीआईओ ने बताया कि सात महिलाओं के शव कुएं से बाहर निकाले गए, जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि सभी महिलाएं हिंगोली जिले के वासमत तहसील के अंतर्गत आने वाले गुंजगांव की रहने वाली थीं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान ताराबाई सतवाजी जाधव (35), ध्रुपता सतवाजी जाधव (18), सरस्वती लखन बुराड (25), सिमरन संतोष कांबले (18), चैत्रबाई माधव पारधे (45), ज्योति इराबाजी सराओदे (35), सपना तुकाराम राउत (25) के रूप में हुई है। तीन अन्य महिला खेतिहर मजदूरों को कुंए से बचा लिया गया। इनके नाम पार्वतीबाई बुराड (35), पुरभाबाई कांबले (40), सतवाजी जाधव (55) हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में हुई जानमाल की क्षति पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि घायलों को 50-50 हजार रुपये दिये जायेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''महाराष्ट्र के नांदेड़ में हुई दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।''

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मजदूरों की मौत पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज सुबह नांदेड़ जिले के असेगांव में दुर्घटना में कुछ महिलाओं की मौत हो गई, जब 11 महिला मजदूरों को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कुएं में गिर गई। मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# वक्फ संशोधन विधेयक संपत्तियों को कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर साबित होगा: योगी

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का पारित होना वक्फ संपत्तियों से संबंधित मुद्दों को हल करने के साथ ही अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के पारित होने पर सभी को बधाई देते हुए योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश की संप्रभुता को सुदृढ़ करते इस लोक-कल्याणकारी प्रयास हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का कोटिशः आभार।''

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस कदम की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला और मोदी के नेतृत्व में एक बड़ा सुधार बताया।

मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक पास होने पर देश के उन गरीब मुस्लिम परिवारों को बधाई, जिन्हें इसका सबसे अधिक लाभ मिलेगा।'' उन्होंने कहा, ''जैसे अनुच्छेद 370 और 35ए हटाकर देश को 'राष्ट्रीय कैंसर' से मुक्त किया, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनवाया, तीन तलाक की प्रथा समाप्त कर मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाया, वैसे ही वक्फ संशोधन विधेयक से भ्रष्टाचार खत्म होगा और जरूरतमंदों को उनका हक मिलेगा।''

# कांग्रेस विधायक के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए गिरफ्तार भाजपा कार्यकर्ता ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु,** (भाषा) कांग्रेस विधायक ए. एस. पोन्नन्ना के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता ने शुक्रवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि कार्यकर्ता ने अपने 'सुसाइड नोट' में कहा कि वह अपमान नहीं सहन कर पाया।

पुलिस के अनुसार, कोडगू जिले के मूल निवासी विनय सोमैया (30) ने एक कार्यालय में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

विनय के बड़े भाई जीवन केएस द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, कांग्रेस कार्यकर्ता थेन्निरा महेना और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 3(5) (सामान्य इरादा), 351(2) (आपराधिक धमकी) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# स्वामी श्री बालकानंद गिरि जी 'महाराज श्री' ने माँ कालरात्रि के विग्रह की षोडशोपचार विधि से विधिवत पूजा-अर्चना की





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नवरात्र की सप्तमी तिथि पर श्री हरिधाम आश्रम में पूज्य गुरुदेव आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी बालकानंद गिरि जी ''महाराज श्री'' (उपाचार्य - पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) भगवती माँ कालरात्रि की षोडशोपचार पूजन विधि सम्पन्न माँ भगवती की उपासना के उत्सव नवरात्र के पावन सप्तम दिवस के शुभ अवसर पर हरिधाम आश्रम में निरंतर आयोजित हो रहे अनुष्ठान में श्री विद्या उपासना के अंतर्गत आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी श्री बालकानंद गिरि जी ''महाराज श्री'' ने माँ कालरात्रि के विग्रह की षोडशोपचार विधि से विधिवत पूजा-अर्चना कर संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

वैदिक मंत्रोच्चारण, महादेवी के स्तुति-गान के मध्य आयोजित अनुष्ठान में अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी गुरु दीदी माँ मंजू श्री जी (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी), श्री विनीत कुमार लोहिया जी (लोहिया ग्रुप), श्रीमति कुमकुम लोहिया, श्री नरेश अग्रवाल जी (डायनमिक ग्रुप), आदरणीया सोनल रासीवासिया जी (प्रधान – BLSP महिला विभाग), श्री हेमंत बब्बर जी (नेशनल हेड मेक्स भूपा), श्री प्रमोद जिंदल जी एवं श्रीमति लिपि जिंदल जी, श्री अनमोल गोस्वामी जी समेत अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

0इस दौरान पूज्य महाराज श्री ने बताया कि माँ कालरात्रि, जो नवरात्र के सातवें दिन की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं, उनकी पूजा शक्ति, सुरक्षा एवं नकारात्मक शक्तियों के विनाश के लिए की जाती है। पूजन के उपरांत महाराज श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए माँ की उपासना के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों तथा श्री विद्या साधना के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि ''माँ कालरात्रि की उपासना साधक को भय, कष्ट, रोग, शोक और दुष्ट शक्तियों से मुक्ति प्रदान करती है। यह दिन साधकों के लिए विशेष फलदायी होता है।'' पूजा-अर्चना में सम्मिलित समस्त श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं जनमानस को आध्यात्मिक जागरूकता की प्रेरणा दी।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।